CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19° C
न्यूनतम : 08° C

लखनऊ, गुरुवार 18 दिसम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 43 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 26 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सरकार कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को बना रही निशाना : खड़गे पेज 2



अरुण चक्रवर्ती, तिलक वर्मा आईसीसी पुरुष टी-20 प्लेयर रैंकिंग में चमके खेल टाइम्स




तो क्या सांप्रदायिक घटनाओं के बीच होगा नेपाल में चुनाव सम्पादकीय



गाजा में इजरायल का साथ देगी पाकिस्तान आर्मी! पेज 12



अदीस अबाबा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अदीस इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में एक समारोह के दौरान उनके इथियोपियाई समकक्ष अबी अहमद अली द्वारा इथियोपिया के सर्वोच्च पुरस्कार द ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया से सम्मानित किया गया।

# समुद्र में चुनौती देने वालों को भारत देगा मुंहतोड़ जवाब

## नौसेना के ऑपरेशनल स्क्वाड्रन में शामिल हुए एमएच 60 आर. हेलीकॉप्टर

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ समुद्री ताकत को और मजबूत करने वाला बड़ा कदम



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के प्रमुख (सीएन) की मौजूदगी में गोवा स्थित आईएन हंसा में आईएन 335 'आस्प्रे' स्क्वाड्रन को औपचारिक रूप से कमीशन किया गया। इसके साथ ही एमएच- 60आर मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर पश्चिमी तट पर नौसेना के पहले ऑपरेशनल स्क्वाड्रन के रूप में शामिल हो गए।

इसे भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत को और मजबूत करने वाला बड़ा कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि यह अवसर इसलिए भी खास है, क्योंकि 2025 में नौसेना के फ्लीट एयर आर्म के गठन के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं, जिसने भारतीय नौसेना को एक बहुआयामी और शक्तिशाली बल बनाया। उन्होंने याद दिलाया कि 17-18 दिसम्बर 1961 को ऑपरेशन विजय के दौरान गोवा मुक्ति में भी नौसैनिक उड्डयन की अहम भूमिका रही थी। नौसेना प्रमुख ने कहा कि आज का समुद्री माहौल पहले से कहीं ज्यादा जटिल और चुनौतीपूर्ण हो गया है। भू-राजनीतिक बदलाव, नई तकनीकें और समुद्री मार्गों पर बढ़ते खतरे भारत की समुद्री सुरक्षा को और अहम बनाते हैं। ऐसे समय में भारत 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, जहां समुद्री सुरक्षा और मजबूत प्रतिरोध क्षमता बेहद जरूरी है। उन्होंने प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के बयानों का हवाला देते हुए कहा कि भारत समुद्र में स्थिरता और सुरक्षा का भरोसेमंद स्तंभ बनकर उभर रहा है और इसके लिए नौसेना लगातार अपनी क्षमताएं बढ़ा रही है। समुद्री इलाके के लिए इसे दुनिया का सबसे उपयुक्त और शक्तिशाली हेलीकॉप्टर माना जाता है। इसकी मारक क्षमता करीब 834 किलोमीटर है और वजन 689 किलो है। इसे विमानन क्षेत्र की आधुनिक और चुनौतीपूर्ण नई प्रौद्योगिकियों के साथ कई मिशनों में सहयोग देने के लिए डिजाइन किया गया है। यह हेलीकॉप्टर हिंद महासागर में चीनी पनडुब्बियों की मौजूदगी का भी पता लगाने में भी माहिर है।

## संक्षिप्त समाचार

### नौसेना में औपचारिक रूप से शामिल हुआ DSCA-20 जहाज

**कोच्चि।** भारतीय नौसेना ने कोच्चि स्थित नौसेना स्टेशन में बुधवार को आयोजित एक औपचारिक समारोह के दौरान डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट (डीएससी) ए-20 को औपचारिक रूप से सेवा में शामिल किया। यह जहाज नौसेना की पानी के नीचे की क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डीएससी ए20 इस वर्ष शामिल किया गया 11वां नौसैनिक जहाज है, जो नौसेना की लगातार बढ़ती स्वदेशी जहाज निर्माण क्षमता और 'आत्मनिर्भर भारत' की ओर प्रगति को दर्शाता है। यह डीएससी ए-20 श्रेणी का पहला जहाज है, जो समुद्र के भीतर जाकर ऑपरेशन को अंजाम दे सकता है। यह एक ऐसा युद्धपोत है, जो अंडरवॉटर मिशन, निरीक्षण और रिकवरी कार्यों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है।

### भारत वैश्विक व्यापार में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी की ओर अग्रसर: वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत अपने मजबूत व्यापक आर्थिक आधार, लचीली विकास दर और तेजी से बढ़ते उद्यम के बल पर आने वाले वर्षों में वैश्विक व्यापार का 25 प्रतिशत हिस्सा हासिल करने की दिशा में काम कर रहा है। वित्त मंत्री ने बुधवार को दिल्ली में 'इंडिया इकोनॉमिक कॉन्क्लेव' को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में बड़ा बदलाव आ रहा है, जहां आयात शुल्क प्रतिबंधों और रणनीतिक बाधाओं के माध्यम से व्यापारिक गतिविधियों को प्रतिबंधित किया जा रहा है।

### आरजी कर रेप-हत्याकांड: स्वत: संज्ञान मामला कलकत्ता हाईकोर्ट ट्रांसफर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में एक महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के मामले में स्वत: संज्ञान से शुरू की गई कार्यवाही को कलकत्ता उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया, ताकि मामले में जारी निर्देशों के कार्यान्वयन की निगरानी की जा सके।

# दिल्ली की सीमाओं पर बने नौ टोल प्लाजा बंद कीजिए

## दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण संकट पर सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

### स्कूलों की छुट्टियां अभी जारी रहेंगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों के पैसे अन्य लोगों के खातों में न जाएं
■ राजधानी दिल्ली में अब केवल बीएस-4 और उससे ऊपर के मानक वाले वाहन ही सड़कों पर चल सकेंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गहराते संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई की। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एनएचएआई और एमसीडी को दिल्ली की सीमाओं पर बने नौ टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या स्थानांतरित करने पर विचार करने को कहा।

वहीं न्यायालय ने स्पष्ट किया कि दिल्ली में केवल ऐसे वाहनों को ही चलने की अनुमति दी जाएगी, जो बीएस-4 उत्सर्जन मानक या उससे ऊपर की श्रेणी के हैं। न्यायालय के इस नए स्पष्टीकरण के बाद अब अधिकारी उन पुराने वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर सकेंगे, जो बीएस-चार मानकों को पूरा नहीं करते हैं। वहीं बीएस-4 या नए वाहनों को उनकी समय सीमा पूरी होने के बावजूद चलाने की अनुमति है। न्यायालय का यह नवीनतम आदेश, उसके गत 12 अगस्त के उस पिछले आदेश में संशोधन करता है, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में दस साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों और पंद्रह साल से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने पर रोक लगा दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल पांचोली की पीठ ने दिल्ली सरकार की उस याचिका पर यह स्पष्टीकरण जारी किया, जिसमें शहर में बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए पुराने वाहनों पर कार्रवाई की अनुमति मांगी गई थी। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि केवल प्रोटोकॉल तैयार करने के बजाय मौजूदा उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत है, -शेष पृष्ठदो पर

### दिल्ली में एक्यूआई बहुत खराब, कई हिस्सों में कोहरे से दृश्यता कम हुई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर बहुत खराब बना हुआ है और शहर के कई हिस्सों में कोहरे एवं धुंध से दृश्यता कम हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सफदरजंग में सुबह 6:30 बजे हल्के कोहरे में दृश्यता सबसे कम 900 मीटर दर्ज की गई, जबकि पालम में सुबह 7:00 बजे धुंध में 1,100 मीटर दृश्यता रही। सात से दस किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली पश्चिमी हवाओं ने दृश्यता में और गिरावट को रोकने में मदद की। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने कहा कि इसका विमान और सड़क संचालन पर ज्यादा असर नहीं पड़ा, हालांकि मोटर चालकों को सुबह के समय सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानीं में हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी रही। 40 में से 39 मॉनिटरिंग स्टेशनों के डेटा के आधार पर दिल्ली का कुल एक्यूआई सुबह 6:05 बजे 329 था। कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर काफी ज्यादा दर्ज किया गया, जिसमें मुंडका (371), एनएसआईटी द्वारका (361), नेहरू नगर (360), ओखला फेज-2 (339), पंजाबी बाग (340) और नरेला (340) में एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में रहा।

# भारत ने ढाका में बंद किया वीजा आवदेन केंद्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए लिया निर्णय
■ भारत के खिलाफ बयानबाजी को लेकर बांग्लादेश के उच्चायुक्त को तलब किया

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए भारत ने बुधवार को अपना भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) अस्थायी रूप से बंद कर दिया।

यह केंद्र ढाका के जमुना फ्यूचर पार्क में स्थित है और राजधानी में सभी भारतीय वीजा सेवाओं का मुख्य, एकीकृत केंद्र माना जाता है। आईवीएसी ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा हालात को ध्यान में रखते हुए बुधवार को दोपहर 2 बजे के बाद केंद्र बंद कर दिया गया। केंद्र ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों की बुधवार को आवेदन जमा करने की अपाइंटमेंट थी, उनकी तारीख आगे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। वहीं विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यहां बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह को तलब कर बांग्लादेश में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति, ढाका स्थित भारतीय मिशन की सुरक्षा और वहां के कुछ नेताओं की भारत के खिलाफ बयानबाजी को लेकर अपनी चिताओं से अवगत कराते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि श्री हमीदुल्लाह का ध्यान विशेष रूप से कुछ उग्रवादी तत्वों की गतिविधियों की ओर दिलाया गया जिन्होंने ढाका स्थित भारतीय मिशन के आसपास सुरक्षा स्थिति को लेकर धमकी दी है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत बांग्लादेश में हाल की कुछ घटनाओं को लेकर उग्रवादी तत्वों द्वारा गढ़े जा रहे झूठे आख्यानों को पूरी तरह से खारिज करता है।

### पंकज चौधरी ने दिल्ली में की अमित शाह से मुलाकात

**लखनऊ/नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में भाजपा के नव निर्वाचित अध्यक्ष पंकज चौधरी ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच करीब आधे घंटे तक हुई बातचीत हुई में आगामी पंचायत और विधानसभा चुनावों को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में पिंछड़ी जातियों से जुड़े राजनीतिक समीकरणों और प्रदेश संगठन की स्थिति पर भी विचार-विमर्श हुआ।

## राहुल गांधी के खिलाफ केस की सुनवाई अब लखनऊ की अदालत में होगी

■ रायबरेली में चल रहा एक मामला लखनऊ ट्रांसफर होगा

**लखनऊ।** लखनऊ राहुल गांधी के खिलाफ रायबरेली में चल रहे एक मामले को लखनऊ ट्रांसफर किया जाएगा। अब इस मामले की सुनवाई लखनऊ की विशेष अदालत में होगी।

इसके लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने बुधवार को सुनवाई के बाद आदेश दे दिया है। न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की एकल पीठ ने याची की स्थानांतरण अर्जी पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। दरअसल, भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता को लेकर सवाल उठाए हैं। उसके द्वारा दाखिल अपराधिक परिवाद पर सुनवाई रायबरेली की विशेष कोर्ट में चल रही है।

# दिल्ली में आज से 50 % कर्मचारी घर से करेंगे काम

■ दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने आदेश जारी किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सभी सरकारी और निजी संस्थानों के लिए गुरुवार (18 दिसम्बर) से 50 प्रतिशत 'वर्क-फ्रॉम-होम' सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए।

श्री मिश्रा ने कहा कि ये निर्देश अस्पतालों, अग्निशमन सेवा, जेल प्रशासन, निजी परिवहन, बिजली और पानी विभागों, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण विभाग सहित जरूरी सेवाओं पर लागू नहीं होगा। दिशानिर्देशों में यह भी कहा गया है कि ग्रैप-3 और ग्रैप-4 के तहत काम बंद होने के कारण प्रभावित पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को दिल्ली सरकार मुआवजे के तौर पर 10,000 रुपये देगी। नए जारी किए गए आदेशों का उल्लंघन करने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इससे पूर्व, दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन समिति (सीएक्यूएम) की सिफारिश के बाद शहर में प्रदूषण का स्तर बढ़ने के कारण नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए शहर भर के स्कूलों को 'हाइब्रिड मोड' में बदलने का निर्देश दिया था। साथ ही पांचवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए पूरी तरह से ऑनलाइन क्लास की भी घोषणा की गई थी।

### लॉरेंस बिश्नोई के पूर्व सहयोगी की हत्या मामले में 5 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार को आरजू-अनमोल बिश्नोई-हैरी बॉक्सर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, इन पर इस महीने की शुरुआत में चंडीगढ़ में दूसरे गिरोह के एक गैंगस्टर की हत्या में शामिल होने का आरोप है। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के पूर्व करींबी सहयोगी इंद्रप्रीत सिंह उर्फ पैरी की एक दिसम्बर को चंडीगढ़ के सेक्टर 26 में क्लब से बाहर निकलने के कुछ ही देर बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह घटना उस समय हुई जब पैरी अपनी एसयूवी में बैठा था, तभी एक बंदूकधारी ने उस पर करीब से गोली मार दी और अपने साथियों के साथ फरार हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई थी।

# नासा ने उत्तर भारत के प्रदूषण पर किया चौंकाने वाला दावा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा: पराली जलाने के टाइमिंग में हुए दो घंटे के बदलाव ने इन इलाकों को प्रदूषण से काफी प्रभावित किया



**नई दिल्ली।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के प्रदूषण पर चौंकाने वाला दावा किया है। नासा का कहना है कि पराली जलाने के टाइमिंग में हुए 2 घंटे के बदलाव ने इन इलाकों को प्रदूषण से काफी प्रभावित किया है।

नासा करीब एक दशक से भूस्थिर उपग्रह जीईओ-केओएमपीएसएटी -2। से प्राप्त डेटा के जरिये पराली जलाने का रिकॉर्ड रख रहा है। इसी रिकॉर्ड के आधार पर नासा ने यह रिपोर्ट जारी की है। नासा ने अपने बयान में कहा कि दशकों से हर साल अक्टूबर से दिसम्बर के बीच पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों के किसान धान की कटाई के बाद पौधों के अवशेष जलाते हैं। इसकी वजह से उत्तरी भारत के इंडो-गंगा के मैदान में धुएं और धुंध की लंबी-लंबी धाराएं फैल जाती हैं। नासा का कहना है कि यही धुआं अन्य स्रोतों से निकलने वाले कणों और गैसों और धूल भरी आंधी के साथ मिलकर धुंध बनाता है। दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में वायु प्रदूषण का गंभीर असर देखने को मिल रहा है। बीते कुछ दिनों से दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में एआईक्यूआई 600 के पार चला जा रहा है। प्रदूषण के खतरे को देखते हुए राजधानी में ग्रैप-4 लागू है। सरकार ने छोटे बच्चों और बुजुर्गों को घर से बाहर नहीं निकलने देने के लिए कहा है। प्रदूषण के खतरनाक स्तर को देखते हुए ब्रिटेन, कनाडा और सिंगापुर समेत कई देशों ने दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले अपने नागरिकों को घर के अंदर रहने और सावधानी बरतने की सलाह दी है। सिंगापुर दूतावास ने तो अपने नागरिकों को जरूरत के समय ही घरों से बाहर निकलने के लिए कहा है। नासा के मार्गन स्टेट यूनिवर्सिटी के वायुमंडलीय वैज्ञानिक हिरेन जेठवा के मुताबिक उत्तर भारत के राज्यों में पहले पराली दोपहर 1-2 बजे के आसपास जलाई जाती थी। अब इसमें बदलाव हो गया है। अब पराली 4-6 बजे के बीच जलाई जा रही हैं। नासा ने इसमें इसरो की एक रिपोर्ट का भी हवाला दिया है। इसरो की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020 से पहले पराली जलाने का चरम समय दोपहर 1।30 बजे था, जो अब बदल गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### शस्त्र को शास्त्र से बड़ा मानने वाली शक्तियों को शिक्षालय व समाज से रखें दूर

लखनऊ। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इशारों ही इशारों में भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि जो लोग शस्त्र को शास्त्र से बड़ा मानते हैं, उन्हें शिक्षालयों, विश्वविद्यालयों और समाज से दूर रखा जाना चाहिए। शिक्षा का मूल उद्देश्य हिसक और असभ्य सोच को सभ्य बनाना है, लेकिन कुछ नकारात्मक शक्तियां शिक्षा संस्थानों पर कब्जा कर नई पीढ़ी की सोच को कुचलना चाहती हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अखिलेश ने पोस्ट करते हुए कहा कि समाज में ऐसे लोग सक्रिय हैं, जो अपने परंपरागत प्रभुत्व और वर्चस्व को बनाए रखने के लिए सामाजिक विभाजन और विद्वेष की राजनी. ति करते हैं। ये ताकतें प्रेम, सौहार्द और शांति के खिलाफ काम कर रही हैं, जिससे देश का अमन-चैन बिगड़ रहा है और तरक्की बाधित हो रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं भी हिसक और नकारात्मक सोच वाले लोगों से दूरी बनाएं और अपने परिवार व समाज को भी सतर्क करें।

### भारत को अमेरिका के साथ रचनात्मक चर्चा जारी रखनी चाहिए

**नई दिल्ली।** जानी-मानी अर्थशास्त्री और अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष की पूर्व अधिकारी गीता गोपीनाथ ने बुधवार को कहा कि भारत और अमेरिका को आपस में आयात शुल्क के मुद्दे के समाधान के लिए रचानात्मक चर्चा करनी चाहिए। चर्चा करते रहने से समय के साथ शुल्क नीचे आ सकते हैं। सुश्री गोपीनाथ ने यहां इडिया इकोनॉमिक कान्क्लेव के एक सत्र में भारत की व्यापार रणनीति को लेकर कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी संबंधों की गहराई को देखते हुए आने वाले वर्षों में अमेरिका के साथ बातचीत महत्वपूर्ण होगी।

# सरकार कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को बना रही निशाना:खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



■ कांग्रेस अध्यक्ष ने चल रही कानूनी कार्यवाही को सुनियोजित 'राजनीतिक प्रतिशोध' करार दिया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ चल रही कानूनी कार्यवाही को सुनियोजित 'राजनीतिक प्रतिशोध' करार दिया।

खड़गे ने एक महत्वपूर्ण अदालती फैसले के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि गांधी परिवार के सामने जो कानूनी चुनौतियां पेश की जा रही हैं, उनमें कोई दम नहीं है और वे विशेष रूप से राजनीतिक विरोधियों को परेशान करने के लिए बनाई गई हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड मामले में वरिष्ठ नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं पांच अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निद. शालय (ईडी) के धन शोधन के आरोपों पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। खड़गे ने इस बात पर जोर दिया कि कार्यवाही के शुरुआती चरणों में प्राथमिकी का न होना यह साबित करता है कि आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है। खड़गे ने कहा कि वे (केन्द्र सरकार) यह सब राजनीतिक प्रतिशोध के लिए कर रही है। यह केस सिर्फ गांधी परिवार को परेशान करने के लिए है। इस मामले में कोई प्राथमिकी नहीं है। हमारा नारा 'सत्यमेव जयते' है और हम इस मामले में आए फैसले का स्वागत करते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष की यह टिप्पणी पार्टी के शीर्ष नेताओं से जुड़े लंबे समय से चल रहे एक कानूनी विवाद के बीच आई है। हालांकि इस विशिष्ट फैसले ने पार्टी को राहत या दी है, लेकिन खड़गे ने तुरंत इसे व्यापक संदर्भ से जोड़ते हुए कहा कि सत्ता पक्ष विपक्षी दलों को दबाने के लिए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर रहा है। यह मामला पिछले कई वर्षों से भारतीय राजनीति में विवाद का केंद्र रहा है। यह कांग्रेस से जुड़ी संस्थाओं में वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों पर आधारित है। जहां सरकार और जांच एजेंसियां यह कहती रही हैं कि वे केवल कानून के शासन का पालन कर रही हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी लगातार इस जांच को 'प्रक्रियात्मक अत्याचार' बताती रही है। कांग्रेस नेताओं ने अक्सर इस बात की ओर इशारा किया है कि ईडी ने औपचारिक प्राथमिकी के बजाय निजी शिकायतों के आधार पर जांच शुरू की थी।

### नेशनल हेराल्ड मामले में किसी को राहत नहीं मिली, ट्रायल जारी है: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को कोई राहत नहीं मिली है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह दावा किया कि नेशनल हेराल्ड मामले का ट्रायल जारी है, इस मामले में श्रीमती सोनिया गांधी आरोपी नंबर एक हैं और राहुल गांधी आरोपी नंबर दो अभी भी हैं। भाटिया ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में धोखाधड़ी मामले में सुनवाई जारी है। इस मामले में ट्रायल जारी है और इस मामले में सात साल की सजा संभव है। उन्होंने कहा कि आज इस मामले में जब कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से पत्रकार बंधुओं ने यह सवाल प्रेसवार्ता में पूछा, तो न मल्लिकार्जुन खड़गे के पास इसका कोई उत्तर था और न ही अभिषेक मनु सिघवी के पास इसका कोई उत्तर नहीं था।

# संसद में निजी स्कूलों पर लगा मुनाफाखोरी का आरोप

नई दिल्ली, वार्ता

राज्यसभा में बुधवार को निजी स्कूलों पर मुनाफाखोरी करने और बच्चों की पोशाक से लेकर किताब तक स्कूल से खरी. दने के लिए विवश करने के आरा. प पर शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने आपत्ति जताते हुए कहा कि सभी संस्थानों को एक ही रंग में रंगना गलत होगा। बीजू जनता दल की सुलता देव ने एक पूरक प्रश्न पूछते हुए आरोप लगाया कि निजी स्कूल शिक्षा के नाम पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं।

अभिभावकों को पोशाक, किताबें, स्कूल बैग आदि स्कूल से ही खरीदने के लिए विवश किया जा रहा है। इसके जवाब में चौधरी ने कहा कि शिक्षा समवर्ती सूची का विषय है और राज्यों की इसमें बड़ी भूमिका होती है। मेरी आपत्ति है। एक ब्रश से सभी संस्थाओं को आप पेंट कर रही हैं, कह रही हैं कि निजी स्कूलों में मुनाफाखोरी हो रही है, ऐसा कहना भी अनुचित होगा। एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि समावेशी शिक्षा के लिए मौजूदा वित्त वर्ष में 14,013 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। देश भर में कुल 14. 71 लाख स्कूल हैं, जिनमें से 11. 64 लाख में रैम्प हैं। उनके लिए टॉयलेट और अन्य सुविधाओं के निर्माण के लिए केंद्र सरकार राज्यों की मदद करती है। एक प्रश्न के लिखित उत्तर में मंत्री ने सदन को सूचित किया कि सरकारी स्कूलों में जहां शिक्षकों की संख्या बढ़ रही है, वहीं छात्रों की संख्या घट रही है।

# नकली दवाओं का कारोबार भाजपा के संरक्षण में

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सपा अध्यक्ष ने कहा: भाजपा सरकार में तमाम तरह का अवैध और नशे का कारोबार जारी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार के संरक्षण में कफ सिरप के नाम पर नकली दवाएं और जहर बेचा जा रहा है। यादव ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में तमाम तरह का अवैध और नशे का कारोबार हो रहा है। अवैध कारोबारियों को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है।

उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार और अवैध कारोबार का सारा साम्राज्य भाजपा सरकार में खड़ा हुआ है। इसमें ऊपर से नीचे तक सब मिले हुए हैं। भाजपाई एक तरफ भ्रष्टाचार करके सरकारी बजट लूट रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में नकली सामान और दवाएं बनाकर जनता को लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस का दावा करते हुए बड़ी-बड़ी लफ्फाजी करने वाले अब कहां गुम हो गए हैं। नकली और जहरीली सिरप के हजारों करोड़ के अवैध कारोबार पर चुप्पी क्यों है। भाजपा सरकार में प्रदेश में अराजकता चरम पर है। भ्रष्टाचार और लूट की पराकाष्ठा है। यूपी में ऐसा फर्जीवाड़ा कभी नहीं हुआ था। भाजपा का भ्रष्ट सिस्टम प्रदेश की जनता को बीमार और बेहाल बना रहा है। यादव ने कहा कि इस सरकार में लोगों की जान की कोई कीमत नहीं रह गई है। प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त हैं।

## उत्तर प्रदेश के अंदर आत्मविश्वास का प्रमुख कारण कानून का राज: योगी

# पीएसी का इतिहास अनुशासन, शौर्य, त्याग व समर्पण

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मुख्यमंत्री ने लखनऊ में यूपीपीएसी के स्थापना दिवस समारोह-2025 का शुभारंभ किया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि 78 वर्षों से पीएसी बल का इतिहास अनुशासन, शौर्य, त्याग व समर्पण का रहा है। उन्होंने जवानों से अपील की कि साहस, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, व्यावसायिक दक्षता व कठिन प्रशिक्षण ही आपकी पहचान बननी चाहिए।

सरकार आश्वस्त करती है कि आपके सम्मान व सरकार के स्तर पर मिलने वाली सुविधा-संसाधन में निरंतर वृद्धि होती रहेगी। उत्तर प्रदेश के अंदर आत्मविश्वास का प्रमुख कारण कानून का राज है। कानून का राज सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही सुशासन की गारंटी दे सकता है। सुशासन में ही निवेश सुरक्षित हो सकता है और सुरक्षित निवेश ही युवाओं की आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम बन सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीपीएसी के स्थापना दिवस समारोह-2025 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने पीएसी द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन किया।

सीएम ने 78वर्ष के गौरवशाली इतिहास के लिए पीएसी बल को बधाई दी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में पीएसी बल आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, प्रदेश में महत्वपूर्ण त्योहारों, अति. विशिष्ट महानुभावों के आगमन, लोकतंत्र के महापर्व 'चुनाव' को शांतिपूर्ण ढंग से सुनिश्चित करने के साथ ही संवेदनशील परिस्थितियों में अग्रिम मोर्च पर कार्य करता है। पीएसी के अधिकारी व कार्मिक विभिन्न आयामों के माध्यम से न सिर्फ यूपी, बल्कि देश के अंदर यूपी पीएसी बल, एसएसएफ, यातायात पुलिस, प्रतिसार निरीक्षक ड्यूटी, प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षक, एटीएस व एसटीएफ कमांडो के रूप में सेवाएं प्रदान कर कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने पीएसी बल के अदम्य साहस की चर्चा करते हुए बताया कि 30वीं वाहिनी पीएसी के जवानों ने 13 दिसम्बर 2001 को संसद पर हुए आतंकी हमले का जवाब दिया और पांचों आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। जुलाई 2005 में श्रीराम जन्मभूमि परिसर अयोध्या में आतंकी हमले के दौरान सीआरपीएफ, पीएसी और यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने सभी आतंकियों को मार गिराया गया था। योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने पीएसी की 46 कंपनियों को पुनर्जीवित करते हुए यूपी के अंदर बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखा और आंतरिक सुरक्षा के माध्यम से यूपी की बेहतर छवि को देश के सामने प्रस्तुत करने में सफलता हासिल की। संख्या, क्षमता, प्रशिक्षण, तकनीक के स्तर पर पीएसी की सशक्त बनाने का कार्य निरंतर जारी है।

### कोहरे और ठंड को लेकर मुख्यमंत्री के अधिकारियों को सख्त निर्देश

**लखनऊ।** घने कोहरे और कड़ाके की ठंड को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को प्रदेश भर में अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने मंडलायुक्त, आईजी, जिलाधिकारी, पुलिस, ट्रैफिक और नगर निकायों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जनजीवन, यातायात और निराश्रितों की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़कों, गलियों, हाईवे से लेकर एक्सप्रेस-वे तक सुरक्षा इंतजाम चाक-चौबंद रखे जाएं। इसके साथ ही, एक्सप्रेस-वे पर पेट्रोलिग बढ़ाने, ब्लैक स्पॉट पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने, टीमें तैनात करने, क्रेन और एम्बुलेंस को 24ग7 उपलब्ध रखने तथा टोल प्लाजा पर लाउडस्पीकर से चालकों को कोहरे की चेता. वनी देने के निर्देश दिए हैं। योगी ने खराब विजिबिलिटी में यातायात प्रबंधन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



सेंसेक्स 84559.65

निफ्टी 25818.55



सोना रु. 117330

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 190000


प्रति किलो



# शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन लुढ़के

## बिकवाली हावी, प्रमुख सूचकांक एक सप्ताह के निचले स्तर पर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक एक सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए। शुरुआती बढ़त के बाद बाजार में बिकवाली हावी हो गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 120.21 अंक (0.14 फीसदी) गिरकर 84,559.65 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 41.55 अंक यानी 0.16 फीसदी नीचे 25,818.55 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों प्रमुख सूचकांकों का 10 दिसम्बर के बाद का निचला स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.63 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.73 प्रतिशत फिसल गया। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी, रसायन, मीडिया, निजी बैंकों और एफएमसीजी सेक्टरों में ज्यादा गिरावट रही।

वहीं सरकारी बैंकों, आईटी और धातु सेक्टरों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर करीब डेढ़ फीसदी की बढ़त में रहा। इंफोसिस, सनफार्मा, टीसीएस, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर भी मजबूती के साथ बंद हुए। ट्रेंट का शेयर डेढ़ प्रतिशत के अधिक टूटा। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में एक-एक फीसदी के करीब गिरावट रही। अडानी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, बीईएल, टाइटन आईटीसी और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी नीचे बंद हुए।

# गिरावट से उबर कर रुपया 63 पैसे मजबूत हुआ

**मुंबई।** रुपया कई दिनों की गिरावट से उबरता हुआ बुधवार को मजबूत वापसी करने में कामयाब रहा और शुरुआती कारोबार में 63 पैसे की तेजी के साथ 90.3075 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 90.9375 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुई थी।

रिजर्व बैंक के डॉलर/रुपया स्वैप का पहला चरण मंगलवार को पूरा होने के बाद, जिसमें केंद्रीय बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों से पांच अरब डॉलर खरीदा है, बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मांग कम हुई है। इससे रुपया मजबूत हुआ है। भारतीय मुद्रा आज 11.25 पैसे टूटकर 91.05 रुपये प्रति डॉलर पर खुली, लेकिन कुछ ही देर में तेजी से वापसी करते हुए 89.9675 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुई। हालांकि बाद में इसकी तेजी कुछ कम हुई और खबर लिखे जाते समय यह 63 पैसे की बढ़त में 90.3075 रुपये प्रति डॉलर पर रही।

# चावल, गेहूं मजबूत, दालें, चीनी नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़ जारी रही

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं में भी तेजी रही। वहीं, चीनी और दालों के दाम घट गए जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत सात रुपये बढ़कर 3,864 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,866 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत तीन रुपये बढ़ गई। दाल.दलहनों में नरमी रही। तुअर दाल 65 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। उड़द दाल की कीमत 31 रुपये और चना दाल की 27 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल में 14 रुपये और मूंग दाल में आठ रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा तीन रिंगिट चढ़कर 3,965 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, मार्च का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 0.59 प्रतिशत गिरकर में 48.62 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल 12 रुपये और पाम ऑयल 11 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया तेल भी 10 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति 17 रुपये और मूंगफली तेल सात रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल के भाव में टिकाव रहा। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 26 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। चीनी भी 13 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल. दलहन : दाल चना 7831.57 रुपये, मसूर काली 8149.01 रुपये, मूंग दाल 10098.14 रुपये, उड़द दाल 10358. 68 रुपये, तुअर दाल 10544.48 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटलत्रः गेहूं दड़ा 2866.34 रुपये और चावल 3863.86 रुपये प्रति क्विंटल। आटा द्धगेहूंत्रः 3305.49 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4316.57 रुपये और गुड़ 4,988. 71 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17663.51 रुपये, मूंगफली तेल 17824.58 रुपये, सूरजमुखी तेल 15769.99 रुपये, सोया तेल 13777.67 रुपये, पाम ऑयल 12470.87 रुपये और वनस्पति 14465.68 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

### अमेठी में एसआईआर प्रक्रिया में चौंकाने वाले खुलासे

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में मतदाता सूची के एसआईआर प्रक्रिया में चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। एसआईप्रक्रिया जिले में अब अंतिम चरण में है। इसके बावजूद जिले में करीब पौने तीन लाख मतदाता ऐसे हैं, जिनका पता नहीं चल पा रहा है। फिलहाल जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के बीएलए और बीएलओ को पुन: सूची से मिलान करने के निर्देश दिए है। जिले के चारों तहसीलों में कुल 14 लाख 36 हजार 528 मतदाताओं की वोटर लिस्ट की जांच की गई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दिल्ली की...**

क्योंकि प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जाता है। सीजेआई ने टिप्पणी करते हुए कहा कि आइए इस खतरे के व्यावहारिक और कारगर समाधानों के बारे में सोचें। इस दौरान दिल्ली में स्कूलों को बंद किए जाने का मुद्दा उठा। वकील मेनका गुरुस्वामी ने दलील देते हुए कहा कि हर बार जब स्कूल बंद किए जाते हैं, तो गरीब बच्चों को सबसे ज्यादा नुकसान होता है, क्योंकि वे मिड-डे मील जैसी सुविधाओं से वंचित हो जाते हैं। इस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि हमें इस मामले को विशेषज्ञों पर छोड़ देना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्कूलों की छुट्टियां जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि हम दुआ करते हैं कि छुट्टियां खत्म होने से पहले प्रदूषण कम हो जाए। सुनवाई के दौरान एक वकील ने दलील देने की कोशिश की। जिस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि हमारी समस्या है कि ऐसे मामलों में हमें विशेषज्ञों की सलाह कम मिलती है और उनकी जगह वकील ही विशेषज्ञ बन जाते हैं। दिल्ली- एनसीआर में वायु प्रदूषण संकट पर सुनवाई के दौरान मजदूरों के संगठन की ओर से पेश वकील ने भत्ते के भुगतान न होने का मुद्दा उठाया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों की जांच करने और उनके खातों में पैसे भेजने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों को वैकल्पिक काम उपलब्ध कराने पर विचार करने को कहा। दिल्ली सरकार ने दलील दी कि 2.5 लाख निर्माण श्रमिकों में से 7,000 का सत्यापन हो चुका है और उनके खातों में धनराशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि श्रमिकों के खातों में स्थानांतरित किया गया पैसा गायब नहीं होना चाहिए, न किसी अन्य खाते में चला जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान दिल्ली के कई टोल प्लाजा पर लगने वाले जाम के चलते होने वाले प्रदूषण का भी मुद्दा उठा। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों की ओर से क्यों नहीं कहा जाता है कि जनवरी तक कोई टोल प्लाजा नहीं रहेंगे। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि कल को दिल्ली सरकार कनाट प्लेस में टोल प्लाजा बना देगी, क्योंकि उसे पैसे चाहिए। सीजेआई ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के 9 टोल प्लाजा कुछ समय के लिए बंद किए जाने पर विचार किया जाए। उन्होंने इस पर फैसला लेने के लिए एक हफ्ते की समयसीमा भी तय की।

# भारतीय उद्यमियों की सूची में दीपिंदर गोयल शीर्ष पर

## वैल्युएशन 27 प्रतिशत बढ़कर 3.2 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया

नई दिल्ली, वार्ता

■ एवेन्यू सुपरमार्ट्स के राधाकिशन का वैल्युएशन 13 प्रतिशत कम हुआ

हुरुन इंडिया ने नई कंपनी खड़ी करने वाले शीर्ष 200 भारतीयों की सूची जारी की है जिसमें इटरनल के दीपिदर गोयल पहले स्थान पर हैं। हुरुन इंडिया की आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के साथ जारी इस सूची में गोयल ने पहली बार शीर्ष स्थान हासिल किया है। उनका वैल्युएशन 27 प्रतिशत बढ़कर 3.2 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

इस सूची में उन उद्यमियों को शामिल किया गया है, जिन्होंने साल 2000 के बाद खुद अपने दम पर कंपनी खड़ी की है। पिछले साल पहला स्थान हासिल करने वाले एवेन्यु सुपरमार्ट्स के राधाकिशन दमानी का वैल्युएशन 13 प्रतिशत कम हुआ है और यह तीन लाख करोड़ रुपये रह गया है। इंटरग्लोबल एविएशन (इंडिगो) के राहुल भाटिया और राकेश अग्रवाल को पहली बार इस सूची में जगह मिली है और वे सीधे तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

कंपनी का वैल्युएशन 2.2 लाख करोड़ रुपये है। पेटीएम और लेंसकार्ट ने भी शीर्ष 10 में जगह बनाई है, जबकि रेजरपे और जेरोधा शीर्ष 10 से बाहर हो गए हैं। हुरुन इंडिया के संस्थापक एवं मुख्य अनुसंधानकर्ता अनस रहमान जुनैद ने कहा कि इस सूची में शामिल सभी उद्यमों का संयुक्त कारोबार 469 अरब डॉलर है। वहीं सूची में पांच ऐसी कंपनियां भी हैं, जिनकी स्थापना साल 2020 के बाद हुई थी। उनका संयुक्त नेटवर्थ 78,000 करोड़ रुपये है। सूची में मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट के अभय सोय चौथे, स्विगी के हर्ष मजेटी तथा नंदन रेड्डी पांचवें, मेकमायट्रिप के दीप कालरा तथा राजेश मगाव छठे और पॉलिसी बाजार के याशिष दहिया तथा आलोक बंसल सातवें स्थान पर हैं। आठवें स्थान पर पेटीएम के विजय शेखर शर्मा, नवें स्थान पर नायका की फाल्गुनी नायर तथा अद्वैता नायर और 10वें स्थान पर लेंसकार्ट के पीयूष बंसल, अमित चौधरी, नेहा बंसल और सुमित कपाही हैं।

# उप्र के सभी जिलों की ग्राम पंचायतों में खोली जाएंगी डिजिटल लाइब्रेरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ग्रामीण युवाओं को आधुनिक शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पहले चरण में प्रदेश की 11,350 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जा रही है, जिससे गांव के छात्र अब शहरों पर निर्भर हुए बिना सिविल सर्विसेज सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे।

अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि हर डिजिटल लाइब्रेरी पर चार लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें दो लाख रुपये की पुस्तकों की व्यवस्था होगी, जबकि 1-30 लाख रुपये के आईटी इक्यूपमेंट और 70 हजार रुपये के आधुनिक फर्नीचर लिए जाएंगे। लाइब्रेरी में ई-बुक्स, वीडियो लेक्चर, ऑडियो कंटेंट, क्विज और करीब 20 हजार डिजिटल शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध रहेगी। पंचायतीराज निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों की ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से डिजिटल लाइब्रेरी खोली जाएंगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर सुधरेगा और युवा रोजगार के लिए अधिक सक्षम बन सकेंगे। डिजिटल लाइब्रेरी का प्रबंधन ग्राम प्रधान और सचिव करेंगे, जबकि सहायक अधिकारी इसकी नियमित देखरेख करेंगे। योगी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत 35 जिलों में पुस्तकों का चयन पूरा कर लिया गया है।

# डिजिटल अरेस्ट 1.14 करोड़ ठगने की नाकाम कोशिश

### लखनऊ में बैंक कर्मियों की सतर्कता से बुजुर्ग महिला की जीवनभर की जमा पूंजी बची



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** साइबर अपराधियों द्वारा भय और दबाव बनाकर लोगों को ठगने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, लेकिन राजधानी लखनऊ में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें बैंक अधिकारियों की सजगता और सूझबूझ ने एक बुजुर्ग महिला को बड़े आर्थिक नुकसान से बचा लिया। विकास नगर स्थित पंजाब बैंक की विकास नगर शाखा में यह मामला सामने आया, जहां उषा शुक्ला नामक बुजुर्ग महिला एक करोड़ चौदह लाख रुपये की एफडी तत्काल तुड़वाकर किसी अनजान खाते में जमा कराने पहुंची।

बैंक प्रबंधक सवर्ण राठौर ने महिला के व्यवहार और घबराहट को देखकर सतर्कता दिखाई। जब महिला ने जिस खाते में धन जमा कराने की बात कही, उस पर संदेह हुआ तो बैंक अधिकारी ने तकनीकी बहाने से प्रक्रिया रोक दी। महिला को यह कहकर बाहर भेजा गया कि खाता विवरण में त्रुटि है और सही जानकारी लेकर आएं। इस दौरान शाखा प्रबंधन ने उप प्रबंधक इंद्राणी को इशारा कर महिला की गति. विधियों पर नजर रखने को कहा। महिला को बैंक से बाहर फोन पर किसी से घबराकर बात करते देख बैंक प्रबंधन का संदेह और गहरा हो गया। बातचीत से स्पष्ट हुआ कि महिला को धमकी दी जा रही है कि यदि उसने पैसा नहीं दिया तो उसे दिल्ली बम ब्लास्ट के मामले में फंसा दिया जाएगा। साथ ही यह झूठा दावा किया गया कि उसकी जमा पूंजी मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ी है और जांच के बाद वापस कर दी जाएगी।

स्थिति की गंभीरता को समझते हुए शाखा प्रबंधन ने वरिष्ठ अधिक. ारी आर के सिंह को तुरंत अवगत कराया। पूरे बैंक स्टाफ ने समन्वय बनाते हुए महिला की काउंसलिंग शुरू की। लगातार समझाने, भरोसा दिलाने और सहयोग का आश्वासन देने के बाद महिला ने पूरी सच्चाई बताई। इसके बाद तत्काल विकास नगर थाने और साइबर थाने को सूचना दी गई। जांच में सामने आया कि महिला का फोन हैक किया गया था। एहतियातन महिला के अन्य खातों की निगरानी बढ़ाई गई और आवश्यक खातों को तुरंत ब्लॉक कराया गया। बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों की सामूहिक सक्रियता से न केवल एक बड़ा साइबर फ्रॉड समय रहते पकड़ा गया, बल्कि बुजुर्ग महिला की एक करोड़ चौदह लाख रुपये की जीवनभर की कमाई सुरक्षित रह सकी। यह मामला इस मायने में भी विशेष है कि अधिक. ांश मामलों में धोखाधड़ी के बाद कार्रवाई होती है, जबकि यहां बैंक कर्मियों की सजगता से अपराध होने से पहले ही रोक दिया गया। यह घटना न सिर्फ साइबर अपराध के बढ़ते खतरे की ओर इशारा करती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि यदि बैंकिग तंत्र सतर्क, प्रशिक्षित और संवेदनशील हो, तो आम नागरिकों को बड़े आल्थक नुकसान से बचाया जा सकता है। लखनऊ की इस बैंक शाखा के पूरे स्टाफ की यह भूमिका निश्चित ही अन्य बैंकों और संस्थानों के लिए उदाहरण है।

# यूपी में शीतलहर व घना कोहरा

### लखनऊ समेत आसपास के जिलों में जनजीवन बेहाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शीतलहर और घने कोहरे ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। राजधानी लखनऊ समेत आसपास के करीब पचास जिलों में सुबह से ही ख्रश्यता बेहद कम रही, जिससे हवाई, रेल और सड़क यातायात पर व्यापक असर पड़ा। कोहरे के कारण लखनऊ एयरपोर्ट से जुड़ी दस से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ीं, जबकि पचास से ज्यादा ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों देरी से चलीं।



ठंड और कोहरे के संयुक्त प्रभाव से आम लोगों की दिनचर्या अस्त-व्यस्त नजर आई। कोहरे की गंभीर स्थिति का सबसे खतरनाक असर सड़कों पर देखने को मिल रहा है।

लखनऊ और आसपास के जनपदों में अलग-अलग स्थानों पर मार्ग दुर्घटनाएं सामने आई हैं। ताजा घटना में टेंपो और गन्ना लदी ट्रॉली की भीषण भिड़ंत में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा कई अन्य जगहों पर वाहन आपस में टकराए, जिनमें कई लोग घायल हुए। कोहरे के कारण सामने से आ रहे वाहनों की दूरी का सही आकलन न हो पाने से दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ी है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले दो से तीन दिनों तक ठंड और कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है। विभाग का कहना है कि रात और सुबह के समय घना कोहरा छा सकता है, जबकि दिन में भी ठंडी हवाओं के चलते तापमान सामान्य से नीचे बना रहेगा। शीतलहर के चलते बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। प्रशासन और यातायात विभाग ने वाहन चालकों से अपील की है कि कोहरे में अनावश्यक यात्रा से बचें, वाहन धीमी गति से चलाएं और फॉग लाइट का प्रयोग करें। वहीं, आम नागरिकों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने और खुले में लंबे समय तक रहने से परहेज करने की सलाह दी गई है।

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद के थाना टूंडला क्षेत्र में काशीराम कॉलोनी में एक विवाहिता की मौत हो गई। फांसी के फंदे पर झूलती महिला को नीचे उतरा गया। मृतका की बहन ने जीजा पर हत्या का आरोप लगाया है। थाना टूंडला क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी के मकान संख्या 522 में निवास करने वाले लकी की पत्नी कोमल (30) का शव फांसी पर लटका होने की सूचना पर बुधवार सुबह भारी भीड़ जमा हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। मृतका कोमल की बहन रोमा ने बहन के पति पर शराब पीकर मारपीट कर उत्पीड़न करने और उसकी हत्या करने का आरोप लगाया गया है।

# घने कोहरे में पेड़ से टकराई पिकअप



**इन्हौना अमेठी।** शुक्ल बाजार सड़क मार्ग पर रेलवे स्टेशन अकबरगंज के निकट इन्हौना जाने वाले मोड़ पर बुधवार को भोर में ही पूर्वांचल एक्सप्रेस के रास्ते कन्नौज से सब्जी लादकर जायस बहादुरपुर मंडी जा रही एक पिकअप का घने कोहरे में संतुलन बिगड़ गया और पिकअप शीशम के पेड़ में जा टकराई पिकअप जब पेड़ से टकराई तों बेनीगंज गांव तक धड़ाम सी आवाज पहुंची ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर पिकअप चालक को पिकअप से वाहर निकाला और इलाज कराया बहरहाल वाहन तो छतिग्रसत हो गया।

# पीएसी के जवानों का हौंसला बढ़ाया

### अनुशासन, साहस और कर्तव्यनिष्ठा ही जवानों की पहचान': सीएम योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सुरक्षा और सुशासन का बेहतर माहौल कानून के राज की वजह से बना है और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित वातावरण में ही निवेश संभव है और यही युवाओं की आकांक्षाओं की पूल्र्त का माध्यम बनता है।

मुख्यमंत्री ने लखनऊ में आयोजित पी.ए.सी. स्थापना दिवस समारोहख्र2025 के अवसर पर कहा कि 78 वर्षों से पी.ए.सी. बल का इतिहास अनुशासन, शौर्य, त्याग और समर्पण का प्रतीक रहा है तथा साहस, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, व्यावसायिक दक्षता और कठिन प्रशिक्षण ही जवानों की पहचान बननी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जवानों के सम्मान और सुविधाओं में निरंतर वृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि बीते आठ वर्षों में प्रदेश पुलिस बल में दो लाख उन्नीस हजार से अधिक कार्मिकों की भर्ती की गई है, जिसमें बीस प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया गया। वर्तमान में पुलिस बल में चवालीस हजार से अधिक महिला कार्मिक सेवाएं दे रही हैं। पी.ए.सी. को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने इकतालीस हजार आठ सौ तिरानबे आरक्षियों और छह सौ अठानवे प्लाटून कमांडरों की भर्ती की है, जबकि सीधी भर्ती के अंतर्गत नई भर्तियों की प्रक्रिया भी प्रचलित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पी.ए. सी. बल आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, त्योहारों, विशिष्ट अतिथियों की सुरक्षा और चुनाव जैसे संवेदनशील अवसरों पर अग्रिम मोर्चे पर कार्य करता है। पी.ए.सी. के काल्र्मक न केवल प्रदेश बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों में एसएसएफ, यातायात पुलिस, एटीएस, एसटीएफ और प्रशिक्षण संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने पी.ए.सी. के अदम्य साहस का उल्लेख करते हुए संसद पर आतंकी हमले और अयोध्या में आतंकी घटनाओं के दौरान बल की भूमिका को याद किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने पी.ए.सी. की छियालीस कंपनियों को पुनर्जीवित कर कानून व्यवस्था को और मजबूत किया है। बल को अत्याधुनिक हथियारों, दंगा नियंत्रण उपकरणों और आधु. निक प्रशिक्षण से सुसज्जित किया जा रहा है। पदोन्नति के अवसर बढ़ाने के लिए निरीक्षक, उपनिरीक्षक और अन्य पदों में वृद्धि की गई है तथा हजारों कार्मिकों को विभागीय प्रोन्नति दी गई है। मुख्यमंत्री ने पुलिस कल्याण योजनाओं की चर्चा करते हुए बताया कि इकतीस पुलिस मॉडर्न स्कूल संचालित हैं और पी.ए.सी. स्थापना दिवस के अवसर पर पहली बार इन स्कूलों में बेस्ट परफॉर्मेंस का चयन किया गया। जवानों की सुविधा के लिए मास्टर कैंटीन और सब्सिडियरी कैंटीन संचालित की जा रही हैं। पी.ए.सी. वाहिनियों में बहुमंजिला बैरकों का निर्माण तेजी से पूरा किया जा रहा है और पुराने आवासों की मरम्मत के लिए भी धनराशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए पुलिस खेल बजट को सत्तर लाख से बढ़ाकर दस करोड़ रुपये किया गया है। प्रदेश पुलिस के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में पदक अर्जित कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को नई गति मिली है और पहली बार तीन अतिरिक्त महिला पी.ए.सी. वाहि. नियों का गठन किया गया है। समारोह में पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, अपर पुलिस महा. निदेशक पी.ए.सी. रामकृष्ण स्वर्णकार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## सपा ने मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में मतदाता सूची और एसआईआर प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश को ज्ञापन सौंपा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने यह ज्ञापन देकर तत्काल सुधार और दोषी अधिकारियों की जवाब. देही तय करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद मैनपुरी की करहल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थल संख्या दो सौ अठारह, दो सौ उन्नीस, दो सौ बीस, दो सौ्रीस, दो सौ बाईस, दो सौ पच्चीस और दो सौ अठाईस पर वर्ष दो हजार तीन की मतदाता सूची गलत अपलोड कर दी गई है। बीएलओ ऐप पर मैपिग के दौरान किसी दूसरे मतदेय स्थल के मतदाताओं का विवरण दिखने से बड़ी संख्या में मतदाताओं की मैपिग नहीं हो पा रही है। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी और ईआरओ से लगातार लिखित शिकायतों के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया गया है।

# शीतलहर को लेकर जिला प्रशासन ने जारी की विस्तृत एडवाइजरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अल्पत गुप्ता ने बताया कि जनपद में वर्तमान में शीतलहर को देखते हुए आमजन को ठंड एवं उससे उत्पन्न होने वाली समस्याओं से बचाव हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है।

उन्होंने कहा कि शीतलहर संबंधी मौसम पूर्वानुमान एवं आपातकालीन दिशा-निर्देशों का बारीकी से पालन करना अत्यंत आवश्यक है। अपर जिलाधिकारी ने आमजन से अपील की है कि यथासंभव घर के अंदर रहें, अनावश्यक यात्रा से बचें तथा ठंडी हवा के सीधे संपर्क में न आएं। उन्होंने बताया कि ढीले फिटिग, हल्के एवं विडप्रूफ ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनें, क्योंकि टाइट कपड़े रक्त संचार को बाधित करते हैं। शरीर को सूखा रखें तथा सिर, गर्दन, हाथों और पैरों को अच्छी तरह ढककर रखें। दस्ताने, टोपी एवं मफलर का उपयोग अवश्य करें। उन्होंने बताया कि शरीर के तापमान को संतुलित रखने के लिए विटामिन-सी युक्त फल-सब्जियों का सेवन करें तथा नियमित रूप से गर्म तरल पदार्थ पिएं। त्वचा को सूखने से बचाने के लिए तेल, पेट्रोलियम जेली अथवा बॉडी क्रीम का प्रयोग करें। बुजुर्गों, बच्चों एवं अकेले रहने वाले व्यक्तियों की विशेष देखभाल करें।

शीतलहर के प्रभाव से हाथ-पैर की उंगलियों, कान एवं नाक की नोक पर सुन्नता या सफेद/पीला पड़ना दिखाई देना गंभीर लक्षण हैं, ऐसे में तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। कंपकंपी को नजरअंदाज न करें, यह शरीर के अत्यधिक ठंडा होने का संकेत है। उन्होंने हाइपोथल्र्मया को एक आपातक. ालीन स्थिति बताते हुए कहा कि इसके लक्षणों में अत्यधिक कंपकंपी, बोलने में कठिनाई, मांसपेशियों में अकड़न, कमजा. ेरी, सांस लेने में परेशानी एवं चेतना का नुकसान शामिल है। ऐसे मामलों में व्यक्ति को तुरंत गर्म स्थान पर ले जाएं, गीले कपड़े बदलें, कंबल या कपड़ों की परतों से ढकें और स्थिति गंभीर होने पर तत्काल चिकित्सीय सहायता लें। बंद कमरे में कोयला या अंगीठी जलाने से बचें, क्योंकि इससे कार्बन मोनोऑक्साइड गैस उत्पन्न होकर जानलेवा हो सकती है।

## बागपत में बनेगा अंतर्राष्ट्रीय योग केंद्र और वेलनेस सेंटर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक से स्वीकृति मिलने के बाद उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने बागपत जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग केंद्र एवं वेलनेस सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया तेज कर दी है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह परियोजना भारतीय योग, साधना और वेलनेस परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में ऐतिहा. सिक कदम होगी।

यह महत्वाकांक्षी परियोजना बागपत जिले के ग्राम हरिया खुर्द, पुरा महादेव क्षेत्र में लगभग सत्तर हेक्टेयर भूमि पर विकसित की जाएगी।

परियोजना के लिए अनुरोध प्रस्ताव के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। दिल्ली और एनसीआर के समीप स्थित होने के कारण यह केंद्र देश-विदेश के योग साधकों, पर्यटकों और कार्यरत पेश. ेवरों को आकर्षित करेगा तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। पर्यटन विभाग के अनुसार यह परियोजना पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत विक. सित की जाएगी, जिससे उच्च गुणवत्ता की सुविधाएं और पेशेवर प्रबंधन सुनिश्चित हो सके।

# पेंशनर्स हमारे लिए लाभार्थी ही नहीं, प्रशासनिक व्यवस्था की नींव: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौरीगंज/अमेठी।** वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार 17 दिसम्बर 2025 को कोषागार परिसर में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त पेंशनरों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पेंशनरों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण, पेंशन से जुड़ी सुविधाओं की समीक्षा तथा उन्हें सम्मान प्रदान करना रहा।






इस अवसर पर पेंशन भुगतान, जीवन प्रमाण-पत्र, पारिवारिक पेंशन, बकाया भुगतान सहित अन्य ज्वलंत विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। पेंशनरों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित काल्र्मकों को उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। कार्यक्रम का संचालन कोषागार लेखाकार ख्र ष्ण मोहन द्वारा किया गया, जिन्होंने आयोजन को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराया। वहीं सहायक कोषाधिकारी कुलदीप राजवंशी ने कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा पेंशनरों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। अपने संबोधन में वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार ने कहा कि ह्पेंशनर हमारे लिए केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था की मजबूत नींव हैं। उनकी सेवाएं और अनुभव समाज के लिए अमूल्य हैं। उनकी समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।ह्र उन्होंने पेंशनरों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों का समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कोषागार के पेंशन अनुभाग के कर्मचारियों द्वारा पेंशन संबंधी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई तथा डिजिटल माध्यमों के उपयोग पर भी प्रकाश डाला गया।

पेंशनरों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से उन्हें अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिलता है। अंत में वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा सभी पेंशनरों के स्वस्थ, सम्मानजनक एवं सुरक्षित जीवन की कामना करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। पेंशनर दिवस का यह आयोजन आपसी संवाद, सहयोग एवं सम्मान की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने वाला सिद्ध हुआ।

# अयोध्या, देवीपाटन व प्रयागराज मंडल की स्वास्थ्य सेवाओं की गहन समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा विभाग अमित कुमार घोष की अध्यक्षता में अयोध्या, देवीपाटन एवं प्रयागराज मंडल की स्वास्थ्य सेवाओं और विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक अयोध्या में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, उपलब्धता और जनसामान्य को समयबद्ध व सुलभ उपचार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा विशेष चेकलिस्ट और डैशबोर्ड के आधार पर प्रतिमाह अनिवार्य रूप से की जाए। बैठक में चिकित्सा इकाइयों में महिला और पुरुष के लिए पृथक शौचालय, सिटीजन चार्टर, शिकायत पेटिका, स्वच्छ पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूल्र्त और मिनी स्किल लैब की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

औषधियों की निर्बाध आपूल्र्त के लिए डीवीडीएमएस पोर्टल पर समय से इंडेंट सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जिन जनपदों में कमियां पाई गईं, वहां के मुख्य चिकित्साधिकारी और चिकित्सा अधीक्षकों को निर्धारित समयसीमा में सुधार के निर्देश दिए गए। मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पिकी जोवल ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों में शत-प्रतिशत चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा और आवश्यकता अनुसार आयुष एवं बीडीएस चिकित्सकों की सेवाएं लेने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि तेरह से पंद्रह दिसम्बर के बीच तीनों मंडलों की चिकित्सा इकाइयों का आपसी स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की गई, जिसमें अधिकांश लाभाल्र्थयों ने स्वास्थ्य सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में मंडलायुक्त, महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, परिवार कल्याण, प्रशिक्षण, यूपीएमएससीएल के एमडी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## माघ मेला की तैयारी समय सीमा से काफी पीछे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में संगंम की रेती पर तीन जनवरी से माघ मेले की शुरूआत हो जाएगी मगर अभी मेले की तैयारियां तय समय सीमा के पीछे बहुत पीछे चल रही हैं। नवम्बर में जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद प्रयागराज पहुंचे थे तो उन्होंने मेला प्राधिकरण कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की साथ समीक्षा बैठक की थी और स्पष्ट निर्देश दिया था कि 15 दिसम्बर तक माघ मेले का कार्य पूरा करा लिया जाए। मुख्यमंत्री की यह डेडलाइन बीत चुकी है लेकिन मेला क्षेत्र में तैयारियां अभी बहुत पीछे चल रही हैं। अपर मेलाधिकारी दयानंद प्रसाद ने दावा किया है।

# बढ़ी ठंड, नहीं जल रहें अलाव, सर्दी से कांपते राहगीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश शासन के सख्त निर्देशों के बावजूद तहसील प्रशासन सार्वजनिक क्षेत्र के चिन्हित जगहों पर ठंड से बचाव के लिए अलाव नहीं जलवा रहा है। कड़ाके की ठंड व घने कोहरे में लोगों को ठंड में ठिठुरते हुए दिन व रात काटनी पड़ रही है। अमेठी की तिलोई तहसील में चिन्हित प्रमुख जगहों पर तहसील प्रशासन कागजों पर तो अलाव जलवा रहा है, लेकिन हकीकत इसके ठीक उलट ही है।

सार्वजनिक क्षेत्र की जगहों की पड़ताल बुधवार को तो सुबह की हकीकत सामने आ गई। इन्हौना चौराहे सहित बस स्टैंड पर भी दूर दराज से बसों में यात्रा कर आये पूछने पर शिव कुमार, अनुज शर्मा शिव नारायण दीपू आदि ने बताया कि वे लोग दिल्ली से वाया ट्रेन लखनऊ तक आये थे उन्हें तिलोई तक जाना था इन्हौना में जब रोडवेज बस स्टैंड पर उतरे तो वे लोग ठंड से कांप रहे थे इन्हौना में कोई अलाव जलता हुआ नहीं दिखाई पड़ा इसी प्रकार सिंहपुर विकास खंड कार्यालय जाने वाले चौराहे पर भी कोई अलाव नहीं दिखाई पड़ा, इन्हौना में शुक्ल बाजार सड़क मार्ग पर ठंड से काप रहे अरमान और कुशल ने बताया कि यहा कभी भी अलाव नहीं जला। इसी तरह सिंह. पुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इन्हौना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी अलाव नदारत मिला , तिलोई स्थित स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में भी सैकड़ों लोगों का आवाहन बना रहता है लेकिन यहां भी सड़क मार्ग पर लोग कूड़ा कर्कट जलाकर हाथ सेंकते हैं लेकिन अलाव नदारद है। ठंड के साथ कोहरा लोगों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है इन्हौना में रेलवे स्टेशन अकबरगंज बस स्टैंड चौराहे पर वर्तमान समय में अलाव की व्यवस्था नहीं है। इन्हौना निवासी ज्ञानेंद्र कुमार वर्मा, राहुल चौरसिया, सुनील कुमार पासी भाजपा नेता, नन्हू गुप्ता, बच्चूलाल यादव, बीरेंद्र मौर्य रमेश कुमार, वसीम मेंबर सहित अन्य तमाम लोगों ने प्रशासन से अलाव जलवाए जाने की मांग की है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सरकारी दफ्तरों में समय का अनुशासन गायब

## मुख्यमंत्री का निर्देश बेअसर

**सुमित अग्रवाल**

**मंडी धनौरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा समय से कार्यालय पहुंचने और जन समस्याएं सुनने के स्पष्ट आदेशों के बावजूद मंडी धनौरा तहसील क्षेत्र में सरकारी तंत्र की तस्वीर कुछ और ही बयां कर रही है। बुधवार को शाह टाइम्स की टीम द्वारा किए गए रियलटी चौक में कई कार्यालयों में अधिकारी और कर्मचारी नदारद मिले, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सरकार द्वारा जारी शासनादेशों में समयबद्ध उपस्थिति को अनिवार्य बताया गया है। इसके बावजूद कई अधिकारी कार्यालय समय को औपचारिकता मानते हुए नजर आए, जिससे शासन की मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब मुख्यमंत्री खुद समय और अनुशासन पर सख्त हैं, तो नीचे तक आदेशों का पालन क्यों नहीं हो रहा। जनता चाहती है कि लापरवाह अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो, ताकि व्यवस्था में सुधार आ सके। अब सबकी निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि क्या इस रिपोर्ट के बाद जांच कर लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी या फिर यह मामला भी अन्य शिकायतों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।

### शिक्षा विभाग में लापरवाही

**मंडी धनौरा।** सुबह 10:48 बजे खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अधिकारी की कुर्सी खाली मिली। कार्यालय में कार्यरत चार कर्मचारियों में से केवल मंत्र, फिनोल कुमार और भारत मौजूद थे। शिक्षा जैसे अहम विभाग में यह लापरवाही गंभीर मानी जा रही है।









### विकासखण्ड कार्यालय की हकीकत

**मंडी धनौरा।** सुबह 10:15 बजे मंडी धनौरा विकासखंड कार्यालय में खंड विकास अधिकारी नरेंद्र गंगवार मौजूद पाए गए, लेकिन एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह की कुर्सी खाली थी। इसके साथ ही कंप्यूटर ऑपरेटर व अन्य बाबू भी कार्यालय नहीं पहुंचे थे। ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोग योजनाओं से जुड़ी जानकारी के लिए इधर-उधर भटकते नजर आए। विकासखंड कार्यालय में अधिकारी-कर्मचारियों की अनुपस्थिति के चलते कई फरियादी बिना काम कराए ही लौट गए। किसी को पेंशन से जुड़ा काम था, तो कोई आवास योजना की जानकारी लेने पहुंचा था। लोगों का कहना था कि समय से पहुंचने के बावजूद दफ्तरों में ताले और खाली कुर्सियां उनका इंतजार कर रही थीं।

### तहसील में दिखा जिम्मेदारी का उदाहरण

**मंडी धनौरा।** तहसील मुख्यालय पर सुबह 10:21 बजे उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव और तहसीलदार मूसाराम थारू जन समस्याएं सुनते नजर आए। हालांकि, इनके अलावा कई अधीनस्थ अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिससे कुछ मामलों में फरियादियों को लंबा इंतजार करना पड़ा। तहसील परिसर में कई काउंटरों पर कर्मचारी देर से पहुंचे या बिल्कुल नहीं दिखे। राजस्व से जुड़े कार्यों, प्रमाण पत्र और दाखिल-खारिज जैसे मामलों में लोगों को दिनभर चक्कर लगाने पड़ने की आशंका बनी रही।

# डीएम से लगाई नवजात को गोद लेने की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** कूड़े के ढ़ेर पर मिले नवजात को गोद लेने के लिए महिला रूबी ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर पत्र सौंपा।

बता दें कि 15 दिसम्बर की सुबह को ब्लॉक क्षेत्र के गांव भीकनपुर शुमाली में कूड़े के ढ़ेर पर एक नवजात शिशु मिला था। जिसे गांव निवासी चमन सिंह की पत्नी रूबी ने सबसे पहले देखा था और उसे स्वजनों की मदद से नगर के रेनवो हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। नवजात का उपचार यहां के चिकित्सक डॉ.हर्षित पालीवाल की देखरेख में चल रहा है। रूबी द्वारा पुलिस को भी सूचना दी गई थी, पहले ही दिन से रूबी की इच्छा है कि नवजात को उसे गोद दे दिया जाए, क्योंकि उसके पास दो बेटियां हैं, उसके पुत्र की आस भी पूरी हो जाएगी। रूबी व उसके स्वजन ही नवजात का उपचार अपने व्यय से रेनवो हॉस्पिटल में करा रहे हैं। बुधवार को रूबी अपने पति चमन सिंह के साथ साथ स्वजन और ग्रामीणों के साथ

**■ तीन दिन पूर्व कूड़े के ढ़ेर पर मिला था नवजात शिशु**

डीएम कार्यालय पहुंची और नवजात को गोद लेने संबधी प्रक्रिया पूर्ण करने की मांग की। उस समय डीएम अपने कार्यालय में नहीं थीं, जिस पर उन्होंने अपना पत्र कार्यालय में दे दिया। वहीं चिकित्सक डॉ.हर्षित पालीवाल ने बताया कि नवजात को बेहतर से बेहतर उपचार दिया जा रहा है, उसकी हालत में पहले से सुधार है। वहीं ग्राम प्रधान विनेश सिंह ने भी अपना पत्र जारी करके डीएम से गुहार की है कि रूबी को शिशु सौंप दिया जाए।

## सुहानी का शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली।** कस्बा निवासी मनोज गुप्ता की बेटी सुहानी राम्या ने राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में आयोजित 10 मीटर एयर पिस्टल चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन किया। जिसके आधार पर उनका टीम इंडिया के ट्रायल के लिए चयन हुआ है। बताते चलें कि सुहानी पहले क्षेत्रीय मैच एवं यूनिवर्सिटी मैच में स्वर्ण पदक हासिल कर चुकी है। गुरुजनों एवं परिवार की मेहनत एवं स्वयं की लगन के चलते सुहानी ने यह मुकाम हासिल किया है। सुहानी के साथ ही सिमरन , दीक्षा , आराध्या ने भी राष्ट्रीय स्तर पर कामयाबी हासिल की। कोच नरेंद्र चौधरी का मानना है कि स्वयं की मेहनत एवं लगन के चलते हम किसी भी मुकाम को हासिल कर सकते हैं।



# किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहे छुटटा पशु

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन असली संगठन की ब्लॉक परिसर में आयोजित हुई, जिसमें मंडलाध्यक्ष चौधरी डूंगर सिंह ने कहा कि छुटटा पशुओं के कारण किसानों की फसलों का नुकसान हो रहा है, लेकिन शासन प्रशासन द्वारा इस पर कोई भी अंकुश नहीं लगाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगवाने का दबाब बनाया जा रहा है तो वहीं वेब शुगर मिल द्वारा गन्ने की वैरायटी को गलत तरीके से आंककर किसान को नुकसान पहुंचाने की को. शिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि किसान का किसी भी स्तर पर शोषण किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी उमेश पाल सिंह ने कहा कि किसान दिन रात मेहनत करके देशवासियों का पेट भरने का काम करता है, लेकिन इसके बाद भी किसानों की समस्याओं को दूर करने में प्रशासन द्वारा रूचि नहीं दिखाई जा रही है। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष लोकेश सिंह, नगराध्यक्ष राहुल वर्मा, जिलाध्यक्ष बच्चन सिंह, जागेश, भूपेन्द्र सिंह, हरज्ञान सिंह, जयवीर, जन्मसिंह, दिलशाद आदि मौजूद रहे।

# अध्यक्ष पद पर तीन दिग्गज मैदान में

## रामलीला समिति का चुनावी रण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** श्री रामलीला प्रबंध समिति के त्रिवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया बुधवार को गढ़ी मंदिर धर्मशाला में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। नामांकन के पहले ही दिन समिति परिसर में चुनावी सरगर्मी देखने को मिली। अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रमुख दावेदारों ने नामांकन पत्र दाखिल कर मुकाबले को रोचक बना दिया है।

अध्यक्ष पद के लिए जागेश अग्रवाल, महेश गुप्ता और अशोक घरौटिया ने अपने-अपने नामांकन दाखिल किए। वहीं सदस्य पदों के लिए 25 सीटों के सापेक्ष कुल 29 प्रत्याशियों ने नामांकन कर चुनावी मैदान में उतरने का ऐलान किया,



जिससे समिति के चुनाव में दिलचस्प मुकाबले के संकेत मिल रहे हैं। सदस्य पद के लिए नामांकन करने वालों में अजय गोयल, राजू बादशाह, विजय कुमार जयप्रकाश, अशोक घरोटिया, विकास घरोटिया, पुनीत गुप्ता, अमोद सिंह, दीपक अग्रवाल, आशीष, श्याम वर्मा, प्रभाष चंद्र, रूपक, नवनीत वर्मा, सुधीर कुमार, पुनीत मांगलिक, अनिल सागर, सोमदत्त सैनी, सुनील त्यागी, सुनील नेता, अनुज गौरव, दिनेश पंवार, विवेक अग्रवाल स्टाम्प वाले, नरेंद्र, वीरेंद्र बिंदु, शंकर, पिंटू, अवनीश, ओमकार गर्ग और धर्मेंद्र उर्फ सीनू शामिल रहे। चुनाव अधिकारी शरद गर्ग और राजीव अग्रवाल की देखरेख में नामांकन प्रक्रिया पूरी कराई गई। इस दौरान चुनाव अधिकारी के सहयोगी वीरेंद्र, मास्टर इंद्रपाल, कपिल एडवोकेट सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही अब सभी की निगाहें नाम वापसी और मतदान तिथि पर टिकी हैं, जहां यह तय होगा कि रामलीला समिति की कमान किसके हाथों में जाएगी।

# स्काउट एवं गाइड्स को दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ग्रामोदय इण्टर कॉलिज गंगेश्वरी के विद्यालय में आयोजित त्रिदिवसीय स्काउट गाईड शिविर में छात्राओं को जानकारी दी गई।

स्काउट एंड गाइड का शिविर 15 प्रथम दिवस स्काउट का इतिहास तथा स्काउट से सम्बन्धित अन्य जानकारियों अमन कुमार, जिला स्काउट प्रशिक्षक द्वारा दी गयी। द्वितीय दिवस में भिन्न प्रकार की गाठों व प्राथमिक चिकित्सा से सम्बन्धित जानकारी स्काउट एवं गाइडों को दी गयी। 29 टीमों का चयन किया गया। जिनके नाम स्वतन्त्रा सैलानियों, पशु-पक्षियों एवं फूलों के नाम पर रखे गये। तृतीय दिवस में सभी 29 टीमों ने शिविर निर्माण व सज्जा में प्रतिभाग किया। जिनका निरीक्षण कार्यवाहक प्रधानाधार्य ब्रजपाल सिंह व जिला स्काउट प्रशिक्षक अमन कुमार व विद्यालय के स्काउट प्रशिक्षक सुमन कुमार तथा विद्यालय स्टॉफ में अवधेश कुमार, प्रवक्ता प्रतिमा त्यागी, प्रवक्ता धनेश कुमार, प्रवक्ता हरेन्द्र सिंह, प्रवक्ता समोद कुमार, स0अ0६ अनुज कुमार शर्मा, पी0टी0आई0 कु0 आरती,स0अ0 कु0 स्वाति राय, स0अ0 द्वारा निरीक्षण किया गया। स्काउट वर्ग की टीम में प्रथम स्थान हॉर्स टीम, द्वितीय स्थान लकडबग्गा टीम, तृतीय स्थान भेडिया टीम ने, तथा गाइड वर्ग में प्रथम स्थान मेरी गोल्ड टीम, द्वितीय स्थान झांसी रोसिस टीम तथा तृतीय स्थान जैसमीन टीम ने प्राप्त किया। कार्यवाहक प्रयानाबार्य ब्रजपाल सिंह ने सभी स्काउट व गाइडों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनसे स्काउटिंग व गाइडिंग के नियमों को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी।

# प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं व्यापारी

## एएसपी के साथ व्यापारियों की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** एएसपी ने व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना। सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही अन्य समस्याओं के त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया। व्यापारियों से अतिक्रमण नहीं करने व दुकानों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अपील भी की। बुधवार को पुलिस कार्यालय सभागार में एएसपी अखिलेश भदौरिया ने व्यापारी सुरखा फोरम संस्थान पदाधिक ारियों के साथ बैठक की। पिछली बैठक में व्यापारियों के सवालों व उन पर की गई कार्रवाई की जानकारी एएसपी ने दी। बाद में व्यापारियों से उनके सुरक्षा संबंधी सुझाव एवं शिकायतों की जानकारी की। एएसपी ने व्यापारियों से दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की समय-समय पर जांच करवाने, आपसी सहयोग से बाजार में सुरक्षा गाई/चौकीदार रखने, व्यापा. रिक कार्यों के दौरान नकदी के परिवहन से पूर्व पुलिस को सूचना देने पर जोर दिया। यातायात के सुचारू संचालन व जाम की समस्या से निजात के लिए व्यापारियों से सड़को पर अतिक्रमण न कर अपने-अपने प्रतिठानों के भीतर ही व्यापार करने की अपील की। साइबर अपराध एवं साइबर ठगी के संबंध में भी जागरूक किया। इस दौरान व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के जिलाध्यक्ष खत्री मनोज टंडन, समीर खान, कमर नकवी, अजीम अहमद आदि मौजूद रहे।



# चौकी पुलिस की साठगांठ से चल रहा अवैध खनन

## कार्रवाई से मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आदमपुर।** थाना आदमपुर क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर एक बार फिर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। क्षेत्र के ढबारसी गांव में पुलिस चौकी के निकट अवैध रूप से मिट्टी का खनन चल रहा था। स्थानीय सूत्रों के अनुसार यह खनन चौकी पुलिस की कथित सांठगांठ से संचालित हो रहा था, जिसकी शिकायतें लगातार मिल रही थीं।

सूचना मिलने पर थाना आदमपुर पुलिस ने अवैध खनन पकड़ने के लिए मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर खनन माफिया मौके से भागने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मिट्टी भरने वाले हेड्रारे को मौके से पकड़ लिया और उसे थाने ले जाकर खड़ा कर दिया। इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने थाने में खड़े हेड्रारे का वीडियो और फोटो बनाकर सोशल मीडिया के एक अकाउंट पर शेयर कर



दिया। वीडियो वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामला सार्वजनिक होने के बाद उच्च अधिकारियों के संज्ञान में पहुंचा, जिसके बाद पुलिस ने आनन-फानन में मिट्टी से भरे हेड्रारे को सीज कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वीडियो वायरल न होता तो संभवत: मामला रफा-दफा कर दिया जाता। लोगों ने अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई और दोषी पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच की मांग की है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# महिला से बाइक सवारों ने लूटी सोने की लौंग

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई लूट की वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। रिश्तेदारी से लौट रही एक महिला को बाइक सवार युवक ने बहला-फुसलाकर सुनसान रास्ते पर ले जाकर मारपीट की और सोने की लौंग व नकदी लूटकर फरार हो गया।

गांव खेलिया पट्टी निवासी झुमकिया पत्नी शंकर अपने पति के साथ आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी में गई थीं। बुधवार दोपहर बाद पति शंकर ने उन्हें अपने साढ़ू के साथ बाइक पर बैठाकर दोरारा तक भेज दिया। वहां छोड़कर साढ़ू अपने घर चला गया। दोरारा अड्डे पर सवारी का इंतजार कर रही झुमकिया के पास बाइक सवार युवक पहुंचा और रास्ते में छोड़ने की बात कहकर उसे बाइक पर बैठा लिया। आरोपी महिला को खेलिया पट्टीख्रदोरारा के बीच पुलिया के पास स्थित चक रोड पर ले गया, जहां उसने महिला के साथ मारपीट कर उसकी नाक की सोने की लौंग और 1200 रुपये नकद लूट लिए तथा मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता रोती-बिलखती हालत में किसी तरह अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना बताई। सूचना मिलते ही परिजन महिला को लेकर रहरा थाने पहुंचे, जहां अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ तहरीर दी गई है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष रहरा अतवीर सिंह चौहान से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हो सका। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद क्षेत्र की महिलाओं में भय का माहौल बना हुआ है।

# पॉश एक्ट और पाक्सो एक्ट के बारे में बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा 'कार्यस्थल पर यौन शोषण की रोकथाम विषय' पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रभाष कुमार ने पॉश एक्ट एवं पोक्सो एक्ट पर विस्तार से चर्चा की।

**■ ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज में हुआ आयोजन**

बुधवार को आयोजित हुए कार्यक्रम में विद्यालय की आंतरिक परिवाद समिति की अध्यक्षा प्रतिभा सागर ने महिला शिक्षिकाओं एवं छात्राओं से बिना किसी संकोच के ऐसी किसी भी घटना पर अपनी बात समिति के सामने रखने की बात कही। प्रधानाचार्य पीजी गोस्वामी ने



इस कानून के इतिहास और समितियों के बारे में विस्तार से समझाया और बिना संकोच के अपनी बात रखने की बात कही। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष एवं विद्यालय के प्रबंधक रोहताश कुमार शर्मा ने कहा कि उनके विद्यालय में सभी नियमों का पूर्णतया पालन किया जाता है, हालांकि विद्यालय में कभी ऐसी कोई घटना संज्ञान में नहीं आई है और सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं एवं बच्चे अनुशासन के साथ रहते हैं। कार्यक्रम में महेश चंद शर्मा, अनिल राणा, लोकेन्द्र सिंह, समस्त स्टॉफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आगरा ने 114 रन से जीता मैच

## एके इेलिवन को रौंदा, सक्षम बने मैन आफ दि मैच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** मिनी स्टेडियम अमरोहा में चल रहे मास्टर भूरे खान एवं शेरू परवेज मेमोरियल सद्भावना कप ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे मुकाबले में ट्रांसफार्मर क्रिकेट क्लब आगरा ने एके इलेवन क्रिकेट क्लब अमरोहा को 114 रनों से परा. जित किया। आगरा की टीम ने 30 ओवर में 192 रन बनाए, जिसमें सक्षम ने शानदार 61 रन और अनुज ने 42 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। एके इलेवन की ओर से अनिल चौहान ने 3 विकेट झटके, जबकि विशाल और विकास को दो-दो सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एके इलेवन क्रिकेट क्लब अमरोहा की टीम 17 ओवर में मात्र 78 रनों पर सिमट गई। टीम की ओर से राजेश ने सर्वाधिक 32 रन बनाए, जबकि नमन और मौसिफ ने 10-10 रनों का योगदान दिया। ट्रांसफार्मर आगरा की गेंदबाजी में माज ने 3 विकेट लिए, वहीं विशाल और उसैद ने दो-दो विकेट चटकाए। श बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए सक्षम को रिजवान पाशा द्वारा मैन ऑफ द मैच ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रिजवान पाशा, इमरान पाशा, नजम अली, परवेज पाशा, शहजाद फारूक, सिकंदर अली, नदीम बादशाह, अकरम अंसारी, मोज्जाम अली, सैंडी गुप्ता, अनिल चौहान आदि मौजूद रहे।



# पेंशनर्स की समस्या का तत्काल किया जाए समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** जनपद कोषागार अमरोहा की ओर से आयोजित पेंशन दिवस के अवसर पर विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश गोला ने कहा कि किसी भी पेंशनर की समस्या का समाधान तत्काल किया जाना चाहिए।

बुधवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि, डीएम, एडीएम न्यायकि, वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा पेंशनर्स संगठन के पदाधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। डीएम ने पेंशनर्स की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये। डीएम ने आश्वासन दिया कि पेंशनर्स को भविष्य में किसी समस्या का सामना नही करना पडेगा। पेंशनर्स द्वारा समय-समय पर पेंशनर्स कक्ष की मांग की जाती रही है, उसके लिये एरिया चिन्हित कर लिया गया है, उन्होनें आश्वासन दिया कि जल्दी की स्वीकृति मिल जायेगी। कहा कि किसी पेंशनर को कठिनाई न हो। किसी भी पेंशनर को कोई समस्या आती है तो उसका निस्तारण समय से किया जाए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सरिता, वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक राव गौतम, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपनिदेशक कृषि राम प्रवेश, जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया, लेखाकार विवेक द्विवेदी, बृजराज सिंह, नवीन शक्ति, सहायक लेखाकार पंकज कुमार सिंह, पायल पंवार मौजूद रहे।

# ब्रांड बनारस बना दुनिया भर के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** धर्म, अध्यात्म, संस्कृति और इतिहास को समेटे हुए पौराणिक नगरी काशी ने बीते वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। ब्रांड बनारस अब विश्व भर के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन चुका है और वाराणसी देश के उन शहरों में शामिल हो गया है, जहां तेजी से पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो रही है। काशी के कलेवर में हुए ऐतिहासिक बदलावों ने उसके प्राचीन वैभव को नई ऊर्जा दी है।

अपनी मौलिक पहचान को बरकरार रखते हुए आधुनिक होती काशी की बदलती हुई हुई छवि ने दुनिया भर के सैलानियों को बनारस की ओर खींचा है। पर्यटकों की संख्या का कीर्तिमान स्थापित होने के साथ ही पर्यटन उद्योग व काशी की आर्थिकी में भी सकारात्मक असर दिख रही है। वर्ष 2014 से वर्ष 2025 (सितम्बर तक) तक 12 सालो में 45,44,82,662 (पैंतालीस करोड़ चौवालीस लाख बयासी हजार छः सौ बासठ ) भारतीय और विदेशी काशी पर्यटकों ने काशी का भ्रमण किया है। पर्यटन विभाग के अनुसार वर्ष 2014 में पर्यटकों की संख्या 54,89,997 ( चौवन लाख नवासी हजार नौ सौ सतानबे ) थी, जो 2025 ( सितम्बर तक) तक बढ़कर 146975155( चौदह करोड़ उन्हत्तर लाख पचहत्तर हजार एक सौ पचपन ) के पार पहुंच गई। आंकघें के अनुसार 2014 के मुकाबले 2025 में भारतीय और विदेशी पर्यटकों की संख्या में लगभग 14,64,26,158 ( चौदह करोड़ चौंसठ लाख छब्बीस हजार एक सौ अठावन ) से अधिक की वृ( दर्ज की गई है, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। 2014 से 2025 तक 12 वर्षो में भारतीय पर्यटकों की संख्या 45,16,09,026 और विदेशी पर्यटकों की संख्या 28,73,636 है। दशकों तक विकास कार्य केवल कागघी योजनाओं तक सिमटा रहा । अब काशी में विकास कार्य तेजी से धरातल पर उतर रहा है, वाराणसी का सांसद बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में केंद्र की बागडोर संभाली और 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की सत्ता संभाली तब से डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों के साथ-साथ वाराणसी के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया। मजबूत कानून व्यवस्था, बेहतर कनेक्टिविटी (सड़क, रेल और हवाई मार्ग), बुनियादी सुविधाओं में व्यापक सुधार और विश्वस्तरीय सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं ने काशी को पर्यटन के नए केंद्र के रूप में स्थापित किया है। विश्वनाथ कॉरिडोर सेबु( की तपोस्थली सारनाथ तक बदली काशी की तस्वीर[ नव्य-भव्य काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के लोकार्पण से मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सुविधाओं का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वहीं, गंगा घाटों के सौंदईकरण, बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था, बु( की तपोस्थली सारनाथ के विकास, गंगा में क्रूज का संच. ालन और आधुनिक सुविधाओं की निरंतर बढ़ती श्रृंखला ने देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित किया है। कोरोना काल के बाद रिकॉर्ड उछालकोरोना महामारी के कारण वर्ष 2020 और 2021 में पर्यटन प्रभावित हुआ, लेकिन इसके बाद काशी में पर्यटकों की संख्या में ऐतिहासिक उछाल देखने को मिला। वर्ष 2022 से लेकर 2025 तक हर साल रिकॉर्ड संख्या में सैलानी वाराणसी पहुंचे, जिससे पर्यटन उद्योग को नई रफ्तार मिली। टूरिज्म वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राहुल मेहता ने कहा कि वाराणसी में पर्यटकों की बढ़ती संख्या से पर्यटन उद्योग से जुड़े हर वर्ग को लाभ मिला है। इससे न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा हुए हैं। वाराणसी आज एक वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है। कोरल होटल्स एंड रिसोर्ट के महानिदेशक खालिद अंसारी कहते हैं कि किसी शहर के विकसित होने से औद्योगिक विकास के साथ ही पर्यटन उद्योग को भी रफ्तार मिलती है।

# घने कोहरे व ठण्ड के कारण बच्चों के स्वास्थ्य के हित में विद्यालय समय में हो परिवर्तन: धीरेन्द्र सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जनपद में लगातार घना कोहरा व अत्यधिक ठण्ड के कारण बच्चों व शिक्षकों की सुरक्षा पर खतरा बना हुआ है।बच्चों व शिक्षकों को सुबह देर तक कोहरा छाये रहने से विद्यालय आने में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

इन्हीं कारणों को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ-अमेठी ने जिलाधिकारी महोदय को पत्र भेजकर विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन की मांग की है।संघ के राष्ट्रीय काउंसलर,प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी -अमेठी को पत्र भेजा है,जिसमें 6 से 14 वर्ग के बच्चों एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य व कोहरे से ख्रश्यता कम हो जाने के कारण आवागमन में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

जिसके कारण परिषदीय विद्यालयों का समय संचालन प्रातः 10:00 बजे से अपराह्ण 2:00 बजे तक करने की मांग की है।वर्तमान में विद्यालयों के संचालन का समय प्रात,9:00 बजे से अपराह्न-3:00 बजे तक है। जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रशासन से शीघ्र निर्णय लेक समय परिवर्तन करके राहत प्रदान करने की अपील की है।

# बच्चों में छिपी खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की कवायद तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के पीएमश्री विद्यालयों के बच्चों में छिपी खेल प्रतिभा को निखारने के लिए स्पोर्ट्स क्लब के गठन की अतिमहत्वाकांक्षी योजना तैयार की गई है।

जहां विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर उनकी प्रतिभा को बेहतर मंच देने की रणनीति बनाई गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय ने बुधवार को बताया कि जिले में बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों के बाद अब पीएमश्री विद्यालयों में भी खेल सुविधाओं को बेहतर किया जाएगा। विद्यार्थियों में छिपी खेल प्रतिभा निखारने के लिए स्पोर्ट्स क्लब का गठन किया जाएगा। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर उनकी प्रतिभा को बेहतर मंच दिया जाएगा।

बताया कि जिले के माध्यमिक स्कूलों में विभूति नारायण सिंह राजकीय इंटर कॉलेज तथा बेसिक शिक्षा विभाग में 10 विद्यालयों सहित जवाहर नवोदय विद्यालय ज्ञानपुर को पीएमश्री योजना में चयनित किया गया है। इन विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को खेल के क्षेत्र में भी बढ़ावा देने के लिए पहल की गई है। खेल गति. विधियां संपन्न कराने के लिए स्पोर्ट्स क्लब का गठन करने का निर्देश दिया गया है। इसके अंतर्गत शतरंज, कैरम, क्रिकेट, बैडमिटन, एथलेटिक्स आदि खेलों पर बच्चों को प्रोत्साहित किया जाएगा। स्पोर्ट्स क्लब में विद्यालय के प्रधानाध्यापकों व प्रधानाचार्यो को क्लब का अध्यक्ष, खेल शिक्षक सदस्य सचिव और एक महिला शिक्षक को सदस्य नामित किया जाएगा। इसके साथ खेल में रुचि रखने वाले 10 छात्र-छात्राओं को भी स्पोर्ट्स क्लब की सदस्यता दी जाएगी। जो खेल गतिविधियों को संपन्न कराने में सहयोग करेंगे। इसके बाद बच्चों को उनकी पसंद के अनुसार खेल सामग्री खरीदी जाएगी। यदि कोई विद्यार्थी किसी विशेष खेल में आगे बढ़ने की इच्छा व्यक्त करता है तो उसे विशेषज्ञ मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

## भूमि विकास बैंक के कर्मचारी घायल

**नहटौर।** धामपुर मार्ग पर ग्राम कश्मीरी के पास अज्ञात वाहन ने भूमि विकास बैंक के कर्मचारियों की बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें कर्मचारी घायल हो गए। घायल को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया गया। आज दोपहर करीब दो बजे हल्दौर में स्थित भूमि विकास बैंक के कर्मचारी शिव शंकर वर्मा धामपुर के टीचर कॉलोनी में रहते हैं। वह मूल रूप से लखनऊ के रहने वाले है। बताया जाता है कि वह नहटौर-धामपुर मार्ग पर जा रहे थे। ग्राम कश्मीरी के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें शिव शंकर वर्मा घायल हो गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायल को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार किया गया। पुलिस ने उनके परिवार वालों को सूचना दी है।

# उप्र परिवहन आयुक्त एवं सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने एआरटीओ कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौरीगंज अमेठी।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी महेश बाबू गुप्ता ने बताया कि बुधवार 17 दिसम्बर 2025 को परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियोंख्रउप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) अयोध्या आर. के. सिंह एवं सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अयोध्या विश्वजीत सिंहख्रद्वारा उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय, अमेठी का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों ने कार्यालय की उपस्थित पंजिका की जाँच की तथा विभिन्न पटल प्रभारियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान पायी गई कमियों को शीघ्र सुधारने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये गये। औचक निरीक्षण के उपरान्त दोनों अधिका. रियों द्वारा जनपद अमेठी में संचा. लित मोटर ड्राइविग ट्रेनिग स्कूलों के संचालकों एवं प्रशिक्षकों की बैठक आहूत की गयी।

बैठक में ई-रिक्शा वाहन स्वामियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा व्यवसायिक लाइसेंस धारकों के नवीनीकरण (रिन्यूअल) के लिए फॉर्म 05-ए निर्गत करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर कार्यालय में यात्रीकर अधिकारी दिनेश कुमार रावत, समस्त पटल प्रभारी तथा प्रवर्तन दल के सभी काल्मक उपस्थित रहे।

# माघ मेला में पहली बार होगा 'स्कैन टूफिक्स' तकनीक का इस्तेमाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/प्रयागराज।** संगम तट पर 3 जनवरी से शुरू होने वाले आस्था के महापर्व माघ मेला 2026 की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 800 हेक्टेयर में फैले मेला क्षेत्र में निर्बाध, सुरक्षित और स्मार्ट विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बिजली विभाग इस बार कई नवाच. ारों के साथ मैदान में उतरा है।

पहली बार माघ मेले में 'स्कैन टू फिक्स' जैसी हाईटेक तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे बिजली से जुड़ी किसी भी समस्या का त्वरित समाधान संभव होगा। 44 दिनों तक चलने वाले माघ मेले में संगम की रेत पर बसने वाले अस्थाई तंबुओं के शहर को 24ञ्7 रोशन रखने के लिए बिजली विभाग ने व्यापक इंतजाम किए हैं। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता (माघ मेला) अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि इस वर्ष मेला क्षेत्र में 350 किलोमीटर लंबी एलटी लाइन बिछाई जानी है, जिसमें से लगभग 320 किलोमीटर का कार्य पूरा हो चुका है। मेले में करीब 7-5 लाख अस्थाई विद्युत कनेक्शन दिए जाएंगे ताकि श्रद्धालुओं और कल्पवासियों को निर्बाध बिजली मिलती रहे। 'स्कैन टू फिक्स' तकनीक के तहत मेला क्षेत्र में पहली बार 15 हजार से अधिक बिजली के पोल्स, लाइनों और कनेक्शनों पर क्यूआर/बार कोड लगाए जा रहे हैं। इन कोड को स्कैन करते ही बिजली कर्मियों को संबंधित लोकेशन और समस्या की पूरी जानकारी कंट्रोल रूम में मिल जाएगी, जिससे रिकॉर्ड समय में समाधान किया जा सकेगा। इस तकनीक का लाभ श्रद्धालुओं को भी मिलेगा। क्यूआर कोड स्कैन कर गूगल फॉर्म के माध्यम से न केवल बिजली, बल्कि पानी की कमी, टूटी सड़क या अन्य मूलभूत समस्याओं की शिकायत भी दर्ज कराई जा सकेगी। इसके अलावा, लोकेशन पहचान आसान होने से रास्ता भटकने की स्थिति में भी यह व्यवस्था सहायक सिद्ध होगी। बिजली आपूर्ति को और मजबूत बनाने के लिए इस बार मेला क्षेत्र में 5 रिग मेन यूनिट (आरएमयू) लगाई जा रही हैं, जबकि पिछले माघ मेले में केवल एक आरएमयू थी।

## बाबा खाटू श्याम के दरबार में उमड़े भक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**धामपुर।** दुर्गा विहार कॉलोनी में आयोजित किए गए बाबा खाटू श्याम जी के 139 वे दरबार में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने विभिन्न भजनों तथा पारंपरिक जय कारों से श्याम बाबा के चरणों में अपनी श्रद्धा भावना प्रदर्शित की। दुर्गा विहार कॉलोनी के श्री नवदुर्गा बाबा खाटू श्याम मंदिर मे मंदिर के पीठाधीश्वर एवं प्रसिद्ध शिव महा. पुराण कथा और श्रीमद् भागवत कथा वाचक आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ जी महाराज के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया।

# जेसीबी की टक्कर से बच्चे की मौत, नाराज लोगों ने सड़क जाम कर की तोड़फोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** वाराणसी के भेलूपुर थाना क्षेत्रांतर्गत के सुंदरपुर सब्जी मंडी के पास बुधवार को जेसीबी की टक्कर से एक बच्चे की मौत हो गई।

नाराज लोगों ने सड़क जाम कर जेसीबी के शीशे तोड़ दिए। सूचना मिलते ही तीन थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई है। पुलिस के आला अंधिकारियों द्वारा जाम खुलवाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

सुंदरपुर-बीएचयू मार्ग पर भीषण जाम लग गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस कुछ दूरी पर थी, लेकिन ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

बताया जा रहा है कि जौनपुर निवासी इशरत अपने बच्चे रियासत (10) के साथ दोपहिया वाहन से कहीं जा रहे थे।

जेसीबी ने पीछे से टक्कर मार दी। बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जेसीबी से बच्चे के शरीर पर गंभीर चोटें आईं, स्थानीय लोगों ने पास के अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन और स्थानीय लोग सड़क पर खड़ी जेसीबी के पास पहुंचे और बच्चे का शव सड़क पर रखकर जाम कर दिया। नाराज लोगों ने देखते-ही-देखते पुलिस के सामने ही तोड़फोड़ शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक के परिजन बदलापुर के रहने वाले हैं, जो सुंदरपुर के पास किराए के मकान में रहते हैं। मौके पर स्थानीय विधायक सौरभ श्रीवास्तव भी पहुंचकर परिजनों और लोगों को समझा-बुझा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि गाड़ी नंबर से डीटेल लेकर आगे कार्रवाई किया जा रहा है।

# काकोरी काण्ड के महानायक राजेन्द्र नाथ लाहिणी को दी गई श्रद्धांजलि

**जौनपुर।** जौनपुर जिले के कलेक्ट्रेट परिसर स्थित क्रांति स्तम्भ पर में बुधवार को हिदुस्तान रिपब्लिकन आर्मी और लक्ष्मीबाई ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं ने काकोरी काण्ड के महानायक राजेन्द्र नाथ लाहिघी का 98 वां बलिदान दिवस मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर आजादी के लघई के पुरोधा एवं काकोरी काण्ड के महानायक श्री लाहिघी को श्रद्धांजलि दी। सभागार में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए अधिवक्ता एवं लक्ष्मी बाई ब्रिगेड की अध्यक्ष मनजीत कौर ने कहा कि महान क्रान्तिकारी राजेन्द्र नाथ लाहिघी का जन्म 23 जून 1901 को बंगाल में हुआ था।

देश की आजादी की लघई में भाग लेने के लिए उन्होंने पंडित राम प्रसाद विस्मिल, रोशन सिंह व अशफाक उल्लाह का साथ किया। चारो महान क्रान्तिकारियों ने उस समय नौ अगस्त 1925 को काकोरी काण्ड को अंजाम दिया तो अंग्रेजों ने चारो को सजा -ए- मौत का आदेश दिया। चारो क्रान्तिकारियों को 19 दिसम्बर सन 1927 को फांसी देने की तिथि तय की गई , मगर उस समय अंग्रेजों को लगा कि श्री लाहिघी इनके अगुवा हैं , ए 19 दिसम्बर के पूर्व जेल में कुछ और करा सकते है, इसके लिए अंग्रेजों ने फांसी की तारीख से दो दिन पूर्व 17 दिसम्बर 1927 को ही काकोरी काण्ड के महानायक श्री लाहिघी को उत्तर प्रदेश के गोण्डा जिला कारागार में फांसी पर लटका दिया। ऐसे वीर सपूत को श्रद्धांजलि देना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि काकोरी कांड की बदौलत अंग्रेजी हुकूमत की चूलें हिला देने वाले अमर शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिडी ने फांसी के तख्ते पर चढने से पहले जेलर से हंसते हुए कहा था ष्मैं मर नहीं रहा बल्कि स्वतंत्र भारत में पुनर्जन्म लेने जा रहा हूंष्। फांसी के फंदे को चूमने के बाद लाहिडी की ष्वंदेमातरमष् की गगनभेदी हुंकार से अंग्रेज अधिकारी हिल गए थे। उन्हे एहसास हो गया था कि लाहिघी की फांसी के बाद अब रणबांकुरे उन्हे चैन से जीने नहीं देंगे।

## राधे-राधे सेवादल ने पिलाई चाय

**धामपुर।** सनातन धर्म सभा शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी तथा धार्मिक एवं सामाजिक संस्था राधे-राधे सेवादल की ओर से आज घने कोहरे के बीच नगीना चौराहा पर गरमा गरम चाय और मिष्ठान प्रसाद का शिविर लगाया गया। इस दौरान दोनों संस्था के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नगीना चौराहा से गुजर रहे राहगीरों और मॉर्निंग वॉक पर निकले नगर के विभिन्न भागों के नागरिकों के अलावा वाहनों में सवार होकर जा रहे यात्रियों को उनके वाहन रुकवा कर चाय पिलवाई और मिष्ठान का वितरण किया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल वृंदावन निवासी परम संत जुगल किशोर दास जी महाराज के मुखारविंद से उच्चारित आध्यात्मिक वाणी तथा कर्णप्रिय भजनों के अलावा महामंत्र के उच्चारण से गूंज उठा।

# प्रवर्तन निदेशालय के कथित दुरुपयोग के विरोध में कांग्रेस का लखनऊ में व्यापक प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने बुधवार को सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को लेकर लखनऊ में व्यापक प्रदर्शन किया। भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि इतने दिनों से प्रवर्तन निदेशालय का भाजपा सरकार गलत इस्तेमाल कर रही थी।

उसी का नतीजा है कि आज चार्जशीट नहीं मानी गई। दरअसल नेशनल हेराल्ड केस में दिल्ली की अदालत ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत पांच अन्य लोगों के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इंकार कर दिया। इसको कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी जीत बताते हुए भाजपा पर ईडी के इस्तेमाल करने का आरोप लगाकर लखनऊ में प्रदर्शन किया। कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी अन्याय-अत्याचार वाली सरकार है। हम इसके खिलाफ लड़ेंगे। भारत देश में महात्मा गांधी के नाम को मिटाने की साजिश है। मगर कांग्रेस पार्टी ऐसा नहीं होने देगी। हम सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ेंगे। जेल जाएंगे। प्रदर्शन से पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पुलिस चाहे जितनी भी कोशिश कर ले, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोका नहीं जा सकेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो वे स्वयं और पार्टी कार्यकर्ता जेल जाने के लिए भी तैयार हैं।

# आईआईटी बीएचयू में फोरम फॉर इंफॉर्मेशन रिट्रीवल इवैल्यूएशन-2025 का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू), वाराणसी के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित फोरम फॉर इंफॉर्मेशन रिट्रीवल इवैल्यूएशन-2025 की 17वीं बैठक बुधवार को चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के रूप में देव एवं वर्धना गोस्वामी व्याख्यान कक्ष परिसर में विधिवत शुभारंभ हुआ।

यह सम्मेलन 20 दिसम्बर तक चलेगा। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि एवं मुख्य संरक्षक प्रो- अमित पात्रा, माननीय निदेशक, आईआईटी (बीएचयू) रहे। अपने उद्घाटन संबोधन में प्रो- अमित पात्रा ने डिजिटल युग में सूचना पुनर्प्राप्ति के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डेटा आधारित इस युग में सूचना पुनर्प्राप्ति कच्ची जानकारी को सार्थक ज्ञान में परिवर्तित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एफआईआरई जैसे मंच बहुभाषिकता, दुष्प्रचार तथा एआई आधारित सूचना प्रणालियों से जुड़ी नैतिक चुनौतियों पर शोध को आगे बढ़ाने में सहायक हैं। एफआईआरई -2025 की मेजबानी करना आईआईटी (बीएचयू) के लिए गर्व का विषय है, जो वैश्विक सहयोग और नवाच. ार को प्रोत्साहित करेगा। फोरम फॉर इंफॉर्मेशन रिट्रीवल इवैल्यूएशन-2025 के आयोजन सचिव डा. सुकोमल पाल, एसोसिएट प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी (बीएचयू) ने जानकारी दी कि इस सम्मेलन में दुनिया भर से अकादमिक एवं उद्योग क्षेत्र के लगभग 100 शोधकर्ता भाग ले रहे हैं। चार दिनों के दौरान 8 कीनोट व्याख्यान, 80 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुतियां, विचार-मंथन सत्र तथा पैनल चर्चाएं आयोजित की जाएंगी। सम्मेलन की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम के समन्वयक प्रो- प्रसेंजीत मजूमदार, डीएआईआईसीटी, गांधीनगर ने बताया कि एफआईआरई की शुरुआत वर्ष 2008 में दक्षिण एशिया के लिए टीआरईसी, सीएलईएफ और एनटीसीआईआर जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों के समकक्ष एक मूल्यांकन मंच के रूप में की गई थी। तब से एफआईआरई सूचना पुनर्प्राप्ति शोध समुदाय को सशक्त बनाने वाला एक प्रभावशाली मंच बन चुका है।

# आईटीआई लखनऊ में उन्नीस दिसम्बर को रोजगार मेला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उन्नीस दिसम्बर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज, लखनऊ में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के निर्देशानुसार आयोजित इस मेले में निजी क्षेत्र की पंद्रह प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जिनके माध्यम से एक हजार से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी।

राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य युवाओं को प्रशिक्षण के साथ सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराना है। रोजगार मेले में आईटीआई, डिप्लोमा, हाईस्कूल, इंटरमीडिएट और स्नातक योग्यताधारी अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। चयनित युवाओं को दस हजार से पच्चीस हजार रुपये प्रतिमाह वेतन के साथ ईएसआई, पीएफ, कैंटीन और परिवहन जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। आईटीआई अलीगंज के अधिका. रियों के अनुसार रोजगार मेले में भाग लेने वाली कंपनियों और पदों का विवरण जारी कर दिया गया है। जीरो पावर्टी अभियान के अंतर्गत आने वाले युवाओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई- निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 07/01/2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 01322025 दिनांक 16-12-2025 | |
| 2 | निविदा संख्या | 1. | 25-DEN-V-LKO-2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | 1. | लखनऊ डिवीजन के ADSTE-AYC सेक्शन में लेवल क्रॉसिंग गेट्स (LC नंबर 159, LC नंबर 160, LC नंबर 136, LC नंबर 11 और LC नंबर 18) की इंटरलॉकिंग का कार्य DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र में। |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. | रु. 66,45,959.94 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. | रु. 1,32,900.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | 1. | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 08 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारम्भ | 24/12/2025 | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 07-01-2026 at 15:00 hrs. | |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | |

नोट-1 निविदा सबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3893/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ट्रक और ट्रैक्टर की हुई भीषण टक्कर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ओरछी।** ओरछी चौराहे पर पंजाब नेशनल बैंक के सामने नए ट्रैक्टर को पीछे से आते हुए ट्रक ने ओवरटेक करते हुए मारी टक्कर। ट्रैक्टर चालक ने बताया कि वह इस्लामनगर की तारीफ से अपने नए ट्रैक्टर ट्रॉली में भूसा ले कर अपने गांव भवानी पुर (सम्भल) जा रहा था। तभी PNB बैंक के सामने पीछे से आते हुए ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर में सवार सभी लोग सड़क पर गिर गए और ट्रैक्टर को भारी नुकसान हो गया। ट्रैक्टर चालक प्रदीप चौधरी /व ने ट्रक ड्राइवर को पकड़ लिया और मौके पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ट्रक मय ड्राइवर जिसका नाम हर गुलाम है, को ले कर थाना फैजगंज ले गई। ट्रैक्टर में सवार कुमरपाल पुत्र लीलाधर जिसके पैर मै चोट लगी है, सुधीर पुत्र जयपाल, सत्यवीर पुत्र रमेश, अनीस पुत्र जुम्मा जिसके हाथ ओर पैर में चोट आई है, ट्रैक्टर में सवार थे। सभी लोग भवानीपुर सम्भल के निवासी हैं।

# ट्रैक्टर-ट्राला ने बुलेट सवारों को कुचला

## दो की मौत, एक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उसावां।**थाना क्षेत्र में शाहजहांपुर कलान बॉर्डर पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राला की टक्कर से बुलेट सवार दो युवकों की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रॉला पहले एफएम हाइवे पर शराब ठेके के पास खड़ी बोलेरो और बाइक को टक्कर मारकर फरार हो गया था। पीछा करने के दौरान काली मंदिर के पास हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद उसावां काली देवी मंदिर के पास बुलेट मोटरसाइकिल से ट्रैक्टरख्ट्रॉली का पीछा कर रहे तीन युवक चालक को रोकने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान लापरवाही और तेज रफ्तार में ट्रैक्टरख्ट्रॉली ने पीछे से तीनों युवकों को कुचल दिया,मृतकों की पहचान बंटू (25) और दिनेश (25) के रूप में हुई है, जबकि मनोज (28) घायल है। पुलिस फरार ट्रैक्टर-ट्राला की तलाश में जुटी है।बदायूं जिले के उसावां थाना क्षेत्र में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की जान चली गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

# शीत लहर के चलते नगर पालिका ने जगह-जगह चौराहों पर जलवाए अलाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** नगर पालिका चेयरमैन मीर हादी अली उर्फ बाबर मियां व अधिशासी अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार ने नगर में कड़ाके की ठंड व शीत लहर के चलते नगर में जगह-जगह चौराहे जैसे विलसनगंज चौराहा, नसरुल्लागंज चौराहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट, शाहबाजपुर चौराहा लाल मिया होटल के पास, शाहबाजपुर छ सड़का व यात्री शेड्यूल आदि स्थानों पर अलाव जलवाए जा रहे हैं। जिससे किसी को भी ठंड के चलते परेशानी न उठानी पड़े इसी के चलते नगर पालिका ने एक रैन बसेरे की व्यवस्था नगर पालिका परिषद में कर रखी है जो कोई भी बाहर से आने वाला मुसाफिर रात के समय परेशान ना हो और वह रैन बसेरे में आकर ठहर सकता है। अधिशासी अधिकारी डॉ राजेश कुमार व सफाई निरीक्षक अब्दुल फरीद खान ने नगर में जगह-जगह जाकर रात में अलाव चेक करे और व्यवस्थाएं देखी रेन बसेरे का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं ठंड व शीत लहर



के चलते कोई भी मुसाफिर को परेशानी ना उठानी पड़े उसके लिए नगर पालिका ने रैन बसेरे की व्यवस्था कर रखी है जो आने वाला कोई मुसाफिर नगर पालिका परिसर में बने रेन बसेरे में आकर ठहर सकता है जिसमें पालिका के एक कर्मचारी की रात ओर दिन की ड्युटी लगा रखी है इसके अलावा शौचालय बाथरूम नहाने का पूरा बंदोबस्त है और शाम को अलाव की व्यवस्था भी है। इस इस दौरान अधिशासी अधिकारी के साथ सफाई निरीक्षक अब्दुल फरीद खान मौजूद रहे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में डीसीडीसी की बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सहकारिता विकास समिति (डी0 सी0 डी0सी0) की बैठक एन0आई0सी0 सभागार में आहूत की गई, जिसमें कतिपय बिन्दुओं पर चर्चा की गई व आवश्यक निर्णय लिए गए। इस अवसर पर सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# मां सरलादेवी जी मार्ग की शीघ्र मरम्मत कर कराएं चौड़ीकरण

**कैलाश भारती ,शाह टाइम**

**इस्लामनगर।** प्रशासन की उदासीनता व भ्रष्ट ठेकेदारों के कारण माँ मंगला देवी मार्ग बहुत जल्दी उखड़ गया। पूरे पाँच साल भी नहीं चल पाया। दर्शनार्थियों व सवारी वाहनों को ऊबड़ खाबड़ सड़क के कारण बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा।

लोगो में लोक निर्माण विभाग के प्रति काफी रोष व्याप्त है। कथित तौर पर बताया गया है भ्रष्टाचार की चर्म सीमा, क्षेत्रीय लोगो ने उस समय देखी जब उक्त मार्ग डालने में खाना पूरी की गयी। और ठेकेदार ने इस रोड पर बजरी व तारकोल इतनी कम मात्रा में डाला कि उक्त मार्ग मात्र तीन महीने में ही उखड़ना शुरु हो गया। जबकि इस मार्ग की हालत इस समय इतनी खस्ता है कि लोगो को मार्ग पर चलने मे जबरदस्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनता का पैसा बरबाद कर रहे ठेकेदार देश के गद्दार बन रहे हैं। लोगों ने उक्त सड़क की जांच कराने की मांग दोहराई है। अर्थात मां मंगला देवी मार्ग (बाई पास) की शीघ्र मरम्मत कर चौड़ीकरण कराया जाए एवम नगर पंचायत मंदिर से नगर तक विद्युत पोल लगा कर पथ प्रकाश की व्यवस्था करे।

# ई रिक्शा पलटने से यात्री का टूटा पैर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर में पिंदारा रोड पर सड़क टूटी होने की बजह ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटा एक व्यक्ति हुआ घायल आपको बता दें कि मामला जनपद बदायूं के बिसौली कोतवाली क्षेत्र के नगर बिसौली का है जहां बिसौली नगर में पिंदारा रोड पर सवारी से भरा हुआ ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें सवार अजयपाल पुत्र सुंदर लाल निवासी उदयपुर थाना वजीरगंज घायल हो गए वहीं बुधवार को 12:00 बजे करीब वहां मौजूद लोगों ने घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसौली में भर्ती कराया जहां उपस्थित डॉक्टरों द्वारा घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है और घायल के परिजनों को सूचना दी गई है।

# मांगों को किया अनदेखा, तो होगा आंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की मासिक पंचायत बिल्सी तहसील परिसर में आयोजित हुई। पंचायत के बाद बिल्सी तहसील अध्यक्ष राम सिंह के नेतृत्व में पाँच सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को संबोधित तहसीलदार को सौंपा। भाकियू चढ़ूनी की मासिक पंचायत में किसानों एवं जनहित के मुद्दे छाए रहे। पंचायत को संबोधित करते हुए अंबियापुर ब्लॉक अध्यक्ष पप्पू ने कहा क्षेत्र में किसानों को यूरिया एवं डीएपी की किल्लत बनी हुई है। सहकारी समितियों पर खाद उपलब्ध न होने की वजह से प्राइवेट दुकानदार कालाबाजारी कर रहे हैं उन पर लगाम लगनी चाहिए साथ ही सेंटरों पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराई जाए।



जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा बिल्सी तहसील क्षेत्र में पशुओं में खुरपका की बीमारी फैली हुई है। पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। घरेलू पशुओं के अलावा बड़ी संख्या में गौवंश गौशाला में हैं। यदि सही समय पर पशुओं का उपचार नहीं हुआ तो क्षेत्र में बड़ी संख्या में पशु मौत का शिकार हो सकते हैं। प्रशासन चेतावनी के बाद भी संज्ञान नहीं लेता है तो संगठन निश्चित ही आंदोलन करेगा। तहसील अध्यक्ष रामसिंह ने अपने संबोधन में कहा क्षेत्र के गांव कुदरनी में तीन वर्ष पूर्व ओवरहैड टैंक के निर्माण के साथ पाइप लाइन बिछने के बाद भी जल आपूर्ति नहीं हो रही है। प्रशासन जनहित में जल्द कार्यवाही कर जल आपूर्ति दिलवाए। पंचायत के बाद उपजिलाधिकारी को संबोधित 5 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार प्रभा सिंह को सौंपा पंचायत में संतुलित पाठक, सोमवीर, शहनशाह आलम, वीरेश, अब्दुल सलाम, रामकिशोर, बिसौली तहसील अध्यक्ष रजनेश उपाध्याय, नूरुद्दीन ठेकेदार, प्रवेंद्र ठाकुर, शैलेश कुमार, मोहम्मद नबी, उदयपाल, मीना, चरन सिंह, जिला कोषाध्यक्ष रहीस अहमद, जिला संगठन मंत्री बब्बू, ओमपाल, राम औतार, रणजीत, भूप सिंह, अमन शर्मा, सहित कई दर्जन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वजीरगंज: ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज ।** मुन्ना लाल इंटर कॉलेज क्रीड़ा स्थल पर बेसिक शिक्षा विभाग की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । खेलकूद प्रतियोगिता का फीता काटकर व हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ प्राथमिक शिक्षक संघ के तहसील प्रभारी विनेश मिश्रा व मंत्री सलमान खान एवं सेवानिवृत अध्यापक प्रभाकर मिश्रा ने किया । इस मौके पर एआरपी अनूप कुमार शर्मा , एआरपी राजेन्द्र शर्मा निर्णायक समिति में मौजूद रहे । कार्यक्रम के समापन पर विजयी प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया गया । कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ हिलाल बदायूँनी ने किया । बेसिक शिक्षा विभाग की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 50 मीटर से लेकर 400 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता ऊंची कूद लंबी कूद



खो खो कबड्डी गोला फेंक आदि का आयोजन किया गया । 50 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रावि पुसगवा से पूनम व प्रावि कोटरा रसूला से ध्रुव प्रथम रहे । 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में यूपीएस वजीरगन्ज से अजय व नेहा प्रथम स्थान पर रहीं । इधर गोला फेंक प्रतियोगिता में सिसैय्या से रेहान व गीता प्रथम स्थान पर रहीं । कार्यक्रम के समापन पर बीईओ दिलीप कुमार ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। एवं अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों के बौद्धिक व शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं , खेल से प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ ऊर्जा संचरण भी होती है । कार्यक्रम के अंत में विजयी प्रतिभागियों को जिला स्तर पर प्रतिभाग करने के लिए शुभकामनाएं दी । खेल प्रतियोगिता में खेल प्रभारी देवशरण शर्मा अजय रघुनंदन अफजाल आशा देवी प्रभा गौतम सुरेंद्र नेहा विजनेश कंचन पाल आदि का मुख्य सहयोग रहा । इस मौके पर शरद गुप्ता धीरज कुमार अवनीश कुमार अनुज गुप्ता बाबू खान हरिओम अशोक कुमार सरिता रानी रेणु सिंह किरण जायसवाल इकतिदार अहमद राहुल शर्मा अजयपाल फैसल प्रवीण गुप्ता आदि मौजूद रहे ।

# विधायक खेल स्पर्धा का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत माननीय विधायक खेल स्पर्धा विधान सभा बिल्सी का आयोजन सब जूनियर,जूनियर एवं सीनियर वर्ग में बालक तथा बालिका श्रेणी में महात्मा गांधी नगर पालिका इंटर कॉलेज के खेल मैदान उझानी में आयोजित किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि विधायक बिल्सी हरीश शाक्य तथा विशिष्ट अतिथि शारदेंदु पाठक एमएलसी प्रतिनिधि एवं विमल कृष्ण अग्रवाल पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार माननीय ब्लॉक प्रमुख उझानी शिशुपाल शाक्य , निवर्तमान अध्यक्ष अखिल अग्रवाल ,अध्यक्ष क्रय विक्रय समिति कृष्ण चंद शर्मा , नगर महामंत्री भाजपा मदन मोहन सिंह लोधी ,नगर उपाध्यक्ष भाजपा विवेक राष्ट्रवादी ,नगर मंत्री भाजपा गोविंद छपरा , रवि तोमर सभासद प्रेमचंद , शिव भारद्वाज तथा भाजपा नेता संजीव गुप्ता आदि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों को अपने जीवन में अपने लक्ष्य चुनने तथा उसे पर पूर्णतया मनन करने तथा अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया ।मुख्य अतिथि द्वारा बताया गया कि सरकार की योजना से विभिन्न विभागों में खिलाड़ियों को राजपत्रित अधिकारी तथा अन्य पदों पर भी चयनित हो रहे हैं आज खेल से केवल जीवन ही स्वस्थ नहीं हो रहा है अपितु नौकरियों में भी संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं। अत: समस्त युवा अपने जीवन के लक्ष्यों को निर्धारित कर एक खेल को अवश्य चुने। प्रतियोगिता के जूनियर महिला वर्ग के 100 मीटर में प्रथम स्थान अनामिका, 200 मीटर में प्रथम स्थान दीक्षा, साथ कबड्डी में प्रथम स्थान विकास खंड अंबियापुर की टीम तथा सब जूनियर महिला वर्ग में प्रथम स्थान 100 मीटर में श्वेता, 800 मीटर में प्रथम स्थान कल्पना ,शॉट पुट में प्रथम स्थान नीतू, कबड्डी में अंबियापुर की टीम विजेता रही।सीनियर पुरुष वर्ग में 400 मीटर में प्रथम स्थान प्रदीप ,1500 मीटर में प्रथम स्थान अभी यादव ,कबड्डी में प्रथम स्थान अंबियापुर की टीम।सब जूनियर पुरुष वर्ग 100मी0 में प्रथम स्थान मोहम्मद आलम ,800 मीटर में प्रथम स्थान हितेश, शॉट पुट में प्रथम स्थान सुधीर, कबड्डी में प्रथम स्थान उझानी विकासखंड की टीम रही। जूनियर पुरुष वर्ग में 100 मीटर में जय सिंह प्रथम, 200 मीटर में जय सिंह प्रथम, 400 मीटर में अभिषेक मिश्रा प्रथम,1500 मीटर में अभिषेक मिश्रा प्रथम तथा वॉलीबॉल में विकास खंड अंबियापुर की टीम विजेता रही।

सब जूनियर पुरुष वर्ग में वॉलीबॉल में विजेता टीम विकासखंड अमियापुर की टीम रही। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता प्रतिभागियों को मेडल सर्टिफिकेट तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रणजीत सिंह क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकासखंड बिल्सी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी हरि प्रेम तथा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विशाल पाल, हिम्मत सिंह , विकास नारायण शर्मा, कांति प्रसाद एवं जिला पीटीआई रामदास तथा पीटीआई सत्यवीर सिंह एवं अन्य पीटीआई उपस्थित रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्या ने सुनीं समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्या की अवनी सिंह की अध्यक्षता में जनसुनवाई तथा ब्लॉक जगत में जागरुकता चौपाल का आयोजन पी0डब्लू0डी गेस्ट हाउस में किया गया। जिसमें भूमि विवाद, अतिरिक्त विवाह, घरेलू हिंसा, बलात्कार से सम्बन्धित सहित कुल 04 शिकायती प्रार्थना पत्र जनसुवाई के अन्तर्गत प्राप्त हुये। जिसमें मा0 सदस्या द्वारा उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण व समस्याओं के समाधान किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिये गये। मा0 सदस्य राज्य महिला आयोग अवनी सिंह ने कहा कि महिलाएं अपने ऊपर हो रहे किसी भी प्रकार के अत्याचार को बर्दाश्त न करें। महिला आयोग महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रत्येक समय उनके साथ खड़ा है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से संबंधित शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक लेते हुए गुणवत्ता परक व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं। जागरुकता चौपाल में आयी महिलाओं को मा0 सदस्या द्वारा आर्मा. हला सुरक्षा पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक पहुचाये जाने हेतु प्रेरित किया गया। तथा साक्षी, विमला तथा शबनम की मा0 सदस्या द्वारा गोदभराई की गयी। सदस्य द्वारा बताया गया कि महिला संबंधी किसी भी शिकायत को टोल फ्री नंबर 18001805220 वॉट्सएप नंबर 6306511708 पर भी किया जा सकता है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख, अपर जिलाधिकारी



न्यायिक ध्नोडल अधिकारी कल्पना जायसवाल, सी0ओं सिटी रजनीश उपाध्याय, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र कुमार सिंह, नवनीत सिंह उप चिकित्सा अधिकारी, थानाध्यक्ष महिला थाना प्रियंका, खण्ड विकास अधिकारी मनीष वर्मा, सहायक पंचायत अधिकारी लक्ष्मण सिंह ग्वाल, सुपरवाइजर बाल विकास परियोजना अधिकारी गीतांजली, मो0 असलम अपर मुख्य चिकित्सा धिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी, रवि कुमार संरक्षण अधिकारी, छवि वैश्य जिला मिशन समन्वयक, प्रतिक्षा मिश्रा सेन्टर मैनेजर, कमल शर्मा परियोजना समन्वयक, डोली परामर्शदाता, मो0 फैज सहायक लेखाकार मीना सिंह सचिव काशी समाज शिक्षा संस्थान बदायूँ, उपस्थित रहें।

# किसान दिवस में कृषकों की समस्याओं का हुआ निराकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में माह के तृतीय बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें बैक, कृषि, ऊर्जा, सिंचाई, मत्स्य, नलकूप, गन्ना एवं उद्यान आदि विभागीय अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। किसान दिवस प्रारम्भ करते हुए जिला कृषि अधिकारी ने समस्त कृषक एवं अधिकारियों का स्वागत किया, साथ ही समस्त किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया तथा अपील की कि समस्त किसान भाई फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा ले। साथ ही फसल बीमा के बारे में बताया कि जनपद में रबी सीजन के लिए मसूर, आलू, गेहूँ एवं सरसों की फसलें अधिसूचित है, जो कृषक फसल बीमा कराना चहाते वह 31 दिसम्बर तक अपने के0सी0सी0 से प्रीमियम जमा करा सकते है जिन किसानों का के0सी0सी0 नही है वह किसान अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र एवं भारत सरकार के पीएमएफबीवाई पोर्टल.चउइिल.हवअ.पद के माध्यम से बीमा करा सकते है। जिला अग्रणी प्रबन्धक पी0एन0बी0 के प्रतिनिधि द्वारा के0सी0सी0 के बारे में किसान भाईयों को जानकारी दी। गुलड़िया निवासी राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला महामंत्री चिंरजीव सिंह द्वारा गन्ना भुगतान की समस्या रखी, जिस सम्बन्ध में जिला गन्ना अधिकारी द्वारा बताया गया कि गन्ने का नया व पुराना भुगतान समानुपातिक रूप से कराया जा रहा है। बिसौली चीनी मिल का




21 जनवरी 2025 तक का भुगतान करा दिया गया है, शेष कृषकों के गन्ना का रुका भुगतान जल्द ही करा दिया जायेगा। जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया की जनपद में किसी भी प्रकार के उर्वरक की कमी नहीं है किसान भाईयों को विभागीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायी गयी। कृषक भाईयों ने तार बन्दी की जानकारी चाही जिस सम्बन्ध में जिला उद्यान अधिकारी के प्रतिनिधि द्वारा जानकारी दी गई साथ ही लौकी, तोरई व खीरा के बीजों के बारे मे बताया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया। अन्त में जिला कृषि अधिकारी बदायूँ द्वारा किसान दिवस में उपस्थित अधिकारियों एवं किसानों का आभार व्यक्त करते हुए किसान दिवस के समापन की घोषणा की गयी।

# खादी एवं ग्रामोद्योग विकास सतत् रोजगार प्रोत्साहन नीति से ग्रामोद्योगों के लाभार्थियों को मिल रहा है रोजगार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश में प्रथम बार खादी एवं ग्रामोद्योग के विकास हेतु वित्तीय वर्ष 2017-18 में खादी एवं ग्रामोद्योग विकास सतत रोजगार प्रोत्साहन नीति का निर्धारण किया गया। नीति के अंतर्गत विभिन्न कार्यों के माध्यम से पूंजीनिवेश करते हुए ग्रामोद्योग की स्थापना एवं तत्क्रम में रोजगार सृजन से संबंधित कार्य किया जा रहा है। इस नीति के अंतर्गत अवस्थापना सुविधाओं का विकास, रोजगार सृजन हेतु नये अवसरों की रचना, उद्योग/व्यापार में सहजता/अनुकूल वातावरण के साथ समयबद्ध व एकल खिड़की सहायता का सृजन, मेक इन यूपी को प्रोत्साहन, नवाचार को बढ़ावा देना, विपणन हेतु अवस्थापना सुविधा, ब्राण्डिंग, पैकेजिंग, प्लाजा, ऑनलाइन विपणन इत्यादि का विकास, खादी एवं ग्रामोद्योगों के विकासार्थ शोध, मानक. ीकरण एवं गुणवत्ता नियंत्रण के कार्य किये जाते है। इस नीति के तहत ग्रामोद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। सोलर चर्खा वितरण एवं प्रशिक्षण-इस योजनान्तर्गत प्रदेश सरकार द्वारा संचालित उत्पादन केन्द्रों एवं खादी और ग्रामोद्योग आयोग/उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड से पंजीकृत/वित्त पोषित खादी संस्थाओं के माध्यम से प्रदेश में खादी के उत्पादन को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से कत्तिनों को प्रशिक्षण दिलाकर उन्हें सोलर चर्खा नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाता है ताकि गुणवत्तायुक्त खादी उत्पादन के साथ कत्तिनों की आय में वृद्धि के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जा सके। विगत सात वर्षों में खादी संस्थाओं के माध्यम से 5832 कत्तिनों को नि:शुल्क सोलर चर्खे उपलब्ध कराकर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 11664 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में उपलब्ध धनराशि से खादी संस्थाओं के माध्यम से 1000 कत्तिनों को सोलर चर्खो का वितरण कराया जा रहस है। दोना मेकिंग मशीन वितरण-दोना पत्तल कार्य में लगे विभिन्न जनपदों के ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर, बेरोजगार एवं परम्परागत व अन्य कारीगरों को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम संचालित है। विगत वर्ष 2018-19 से 2024-25 तक में 2029 लाभाथिर्या को नि:शुल्क टूलकिट्स उपलब्ध कराकर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 6087 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 580 लाभार्थियों को टूलकिट्स का वितरण कराकर 1740 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराये जा रहे है। पॉपकार्न मेकिंग मशीन वितरण-प्रदेश के भुर्जी समाज एवं अन्य कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से वर्ष 2021-22 से यह कार्यक्रम संचालित है। विगत वर्षों

विगत वर्ष 2018-19 से 2024-25 तक में 2029 लाभाथिर्या को नि:शुल्क टूलकिट्स उपलब्ध कराकर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 6087 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 580 लाभार्थियों को टूलकिट्स का वितरण कराकर 1740 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराये जा रहे है। पॉपकार्न मेकिंग मशीन वितरण-प्रदेश के भुर्जी समाज एवं अन्य कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से वर्ष 2021-22 से यह कार्यक्रम संचालित है। विगत वर्षों 2021-22 से 2024-25 तक में कुल 2024 लाभार्थियों को नि:शुल्क टूलकिट्स उपलब्ध कराकर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 6072 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

2021-22 से 2024-25 तक में कुल 2024 लाभार्थियों को नि:शुल्क टूलकिट्स उपलब्ध कराकर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 6072 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 750 लाभार्थियों को टूलकिट्स का वितरण कराकर 2250 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराये जा रहे है। जनपद-मथुरा में तुलसी माला मेकिंग मशीन का नि:शुल्क वितरण:-भारत सरकार की रूरल टेक्नालॉजी ग्रुप (RUtG) मिशन के अन्तर्गत भारतीय औद्योगिकी संस्थान नई दिल्ली द्वारा तुलसी माला मेकिंग मशीन विकसित की गयी है। इस योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के साधन हेतु तकनीक का उपयोग कर उन्नत मशीन/उपकरण विकसित किया जाता है। मथुरा वृन्दावन में तुलसी माला हेतु अधिक मात्रा में कच्चा माल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। इस योजनान्तर्गत प्रथम बार वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद मथुरा में चयनित 195 अभ्यर्थियों को नि:शुल्क तुलसी माला मेकिंग मशीन वितरण कराया गया। ग्रामोद्योग समाधान सेल:-उ0प्र0 खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के अन्तर्गत स्वरोजगार स्थापित करने में उद्यमियों के समक्ष आने वाली विभिन्न समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही निराकरण किये जाने के उद्देश्य से मुख्यालय पर ग्रामोद्योग समाधान सेल एवं जनपदीय कार्यालयों में हेल्प डेस्क की स्थापना की गयी है। इस सुविधा का लाभ उठाने हेतु विभाग द्वारा वेब पोर्टल के विकास के साथ ही इसका मोबाइल एप भी विकसित कराया गया है जो प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। समाधान सेल के माध्यम से उद्यमियों के समक्ष उद्योग स्थापना में आने वाली विभिन्न समस्याओं का सफलतापूर्वक निराकरण किया जा रहा है।

# पुलिस की आरोपियों पर सख्त कार्रवाई

■ अवैध तमंचा-कारतूस के साथ एक युवक को दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गश्त के दौरान मिली गोपनीय सूचना के आधार पर की गई।

पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि रामपुर रोड हाईवे से एएनए रोड की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर एक संदिग्ध व्यक्ति मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक देशी तमंचा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए युवक की पहचान राशिद खां उर्फ नन्हे निवासी ग्राम धनतीया थाना फतेहगंज पश्चिमी के रूप में हुई है। उसकी उम्र करीब 32 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी पहले भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। पुलिस का कहना है कि उससे मिली जानकारियों के आधार पर आगे की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया जाएगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार, एसएसआई अशोक कुमार, एसआई पंकज कुमार, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार, कांस्टेबल लेखपाल सागर शामिल रहे।

# सांसद खेल स्पर्धा से बरेली को मिलेंगे भविष्य के सितारे

■ 22 से 24 दिसंबर तक होगा महासंग्राम, करीब पांच हजार खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** खेल प्रतिभाओं को बड़ा मंच देने के लिए योगी सरकार के निर्देश पर सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता 22 से 24 दिसंबर तक बरेली के स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगी। इसमें जिले की 11 विधानसभा क्षेत्रों से चयनित लगभग 5 हजार बालक और बालि. का खिलाड़ी भाग लेंगे।

इन खिलाड़ियों ने पहले आयोजित विधायक खेल स्पर्धा में जीत हासिल की थी। अब उन्हें सांसद स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित करने का अवसर मिलेगा। इस आयोजन में एथलेटिक्स, भारोत्तोलन, कुश्ती, वॉलीबॉल, जूडो, कबड्डी, बैडमिंटन और फुटबॉल सहित आठ खेलों की प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिता में बरेली शहर, बरेली कैंट, नवाबगंज, मीरगंज, बहेड़ी, आंवला, भोजीपुरा, बिथरी चौनपुर, फरीदपुर, दातागंज और शेखुपुरा विधानसभा क्षेत्रों के खिलाड़ी शामिल होंगे। खेल विभाग ने प्रतियोगिताओं की तैयारियां तेज कर दी हैं और स्पोर्ट्स स्टेडियम को इसके अनुरूप सजाया-संवारा जा रहा है। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने बताया कि सांसद खेल स्पर्धा जैसे आयोजनों से युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी और जिले को भविष्य के उत्कृष्ट खिलाड़ी मिलेंगे। इस स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की छिपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाना और उन्हें राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करना है।

आयोजन के उद्घाटन और समापन समारोह में सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार और सांसद मिथलेश कठेरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# भाजपा महासचिव से दिल्ली में मिले विशाल गंगवार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** नवाबगंज निवासी फैसल मंसूरी भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रादेशिक महासचिव हैं। फैसल मंसूरी ने बताया कि गत दिवस वह अपने ऑफिस में बैठे थे कि अचानक नवाबगंज के स्वर्गीय विधायक केसर सिंह के पुत्र विशाल गंगवार अपने साथी विश्व हिंदू परिषद के नेता अखिलेश गंग. वार व सचिन रस्तोगी संग आ गए। फैसल ने बताया के वतन के लोगों को देखकर उनका चेहरा खिल उठा, उन्होंने विशाल गंगवार और उनके साथियों का दिल की गहराइयों से इस्तकबाल किया। काफी देर राजनैतिक चर्चा के बाद उन्हें बिदा किया।

# अजमेर उर्स: सिटी स्टेशन पर जायरीन के लिए लगा कैंप

■ देशभर से आ रहे अकीदतमंद, दरगाह आला हजरत पर दे रहे हाजिरी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी का 814वां उर्स-ए-ख्वाजा अजमेर शरीफ में परचमी रस्म के साथ शुरू हो गया है। इस उर्स में शामिल होने के लिए दुनियाभर से अकीदतमंद अजमेर शरीफ पहुंचना शुरू हो गए हैं। इसी क्रम में बड़ी संख्या में जायरीन देश के कोने-कोने से बरेली स्थित दरगाह आला हजरत पर भी हाजिरी देने पहुंच रहे हैं।

मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि इन जायरीन की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने सिटी स्टेशन पर एक शिविर लगाया है। इस शिविर में शौचालय, पानी के टैंक के अलावा डॉक्टर और दवाइयों की व्यवस्था की गई है। दरगाह के रजाकार रात-दिन जायरीन की सेवा में लगे हुए हैं।

सड़क मार्ग से आने वाले जायरीन की बसों के लिए पुरानी पुलिस लाइन से दूल्हा मियां के मजार तक पड़ाव निर्धारित किया गया है। सिटी स्टेशन से लेकर दरगाह तक की सड़कें जायरीन से गुलजार हैं। अकीदतमंदों का दरगाह पर तांता लगा हुआ है और उनकी आमद रात-दिन जारी है।

दरगाह पर गुलपोशी और चाद. रपोशी के बाद जायरीन फातिहा पढ़ रहे हैं और मुल्क में अमन, खुशहाली तथा भाईचारे के लिए दुआ मांग रहे हैं। वे दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) से मुलाक. ात कर दाखिले सिलसिला भी हो रहे हैं। दुआ कराने के बाद जायरीन अपने आगे के सफर पर रवाना हो रहे हैं।

यह सिलसिला 24 दिसंबर तक चलेगा। चंद्र दर्शन के अनुसार कुल शरीफ 27 दिसंबर को होने की उम्मीद है। जायरीन की खिदमत में टीटीएस के हाजी जावेद खान, शाहिद नूरी, मौलाना अबरार उल हक, अजमल नूरी, परवेज नूरी, नासिर कुरैशी, मंजूर खां, ताहिर अल्वी, औरंगजेब नूरी, मुजाहिद रजा, शान रजा, तनवीर रजा, इरशाद रजा, आलेनबी, इशरत नूरी, नईम नूरी, सय्यद माजिद, शाद रजा, सय्यद एजाज, अब्दुल माजिद खान, युनुस गद्दी, शरिक बरकाती, तारिक सईद, आदिल रजा, सबलू अल्वी, जुहैब रजा, साकिब रजा, अश्मीर रजा, काशिफ सुब्हानी, अरबाज रजा, ग्याज रजा, सुहैल रजा, साजिद नूरी, अमान खान, आरिफ नूरी आदि सहित कई लोग लगे हुए हैं।

# संपत्ति हथियाने की गरज से बड़े भाई ने छोटे भाई के साथ की मारपीट

■ हत्या की आशंका जताते हुए कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे की कहारान बस्ती में रहने वाले नितिन कुमार ने अपने सगे बड़े भाई पर उसकी सम्पत्ति हड़पने के इरादे से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नितिन कुमार के मुताबिक वह दो भाई हैं, उसके बड़े भाई राजीव शर्मा और उसकी पत्नी ने पहले उसकी पत्नी को भगवा दिया। आरोप है कि उसकी हिस्से की सम्पत्ति हड़पने के इरादे से उसके भाई राजीव शर्मा ने उसकी जगह पर खड़े आम और नीम के पेड़ कटवा डाले, जब उसने इसका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट कर डाली। आरोप है कि निसंतान नितिन कुमार के बड़े भाई राजीव शर्मा अपने ससुरालियों की मदद से उसकी हत्या कराने की फिराक में है। भाई नितिन कुमार की तहरीर पर पुलिस ने उसके बड़े भाई राजीव शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अवैध तमंचे के साथ पुलिस ने एक युवक को पकड़कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कोतवाली के उप निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने घेराबंदी कर एक युवक को अवैध तमंचा और एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाने के उप निरीक्षक योगेन्द्र सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक अवैध तमंचा लिए किसी का इंतजार कर रहा है, उप निरीक्षक ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करते हुए ग्रेम डाम की नहर पर उसे दबोच लिया। युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा और एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए युवक ने अपना नाम शादाव पुत्र आले हसन ग्राम जरेली थाना नवाबगंज बताया। पुलिस ने युवक के खिलाफ धारा 3/25 रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

# सड़क पर बेतरतीब खड़ी निजी एंबुलेंस सीज

■ सड़क पर जाम लगने से पुलिस ने की कार्यवाही



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** गांव परेवा निवासी एक युवक ने अपनी एम्बूलेंस को थाना शीशगढ़ के मेन गेट के पास बेतरतीब खड़ा कर वह साप्ताहिक बाजार में सामान खरीदने चला गया। एम्बुलेंस गलत दिशा में बेत. रतीब खड़ी होने से छोटे बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गई, जिससे सड़क पर जाम लग जाने से राहगीर परेशान होने लगे।

जाम की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह सड़क पर पहुंचे तो वहां पर बेत. रतीब खड़ी एम्बुलेंस जाम का कारण बनी हुई थी।

उन्होंने एम्बुलेंस को सीज कर तुरन्त हटवाया तब कहीं जाकर जाम से निजात मिल सकी और राहगीरों ने राहत की सांस ली। कस्बे में थाने के गेट पर सप्ताह में दो बार शनिवार, बुधवार को बाजार लगता है, जिस कारण सड़क पर वाहनों की भीड़ लगी रहती है।

> सड़क पर एंबुलेंस को बेतरतीब खड़ी करके राहगीरों को परेशान करना गलत बात है। यातायात के नियमों का पालन न करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सभी लोग यातायात के नियमों का पालन अवश्य करें।
>
> **हरेंद्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली शीशगढ़**

# जनसुनवाई में डीआईजी का सख्त रुख फरियादियों को मिला न्याय का भरोसा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार सहनी ने परिक्षेत्र कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई में भूमि विवाद, पारिवारिक कलह, पुलिस से जुड़ी शिकायतें, विवेचना में देरी, मारपीट, धोखाधड़ी सहित विभिन्न प्रकार के प्रकरण सामने आए।

**बरेली परिक्षेत्र कार्यालय में भूमि विवाद से लेकर धोखाधड़ी तक की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश**

डीआईजी अजय कुमार सहनी ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही प्रकरणों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी स्तर पर लापरवाही, टालमटोल या मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनसुनवाई के दौरान कुछ मामलों का तत्काल समाधान कराया गया, जबकि शेष मामलों में संबंधित थाना प्रभारियों और शाखा अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। डीआईजी ने यह भी निर्देशित किया कि फरियादियों से संवे. दनशीलता और शालीन व्यवहार रखा जाए तथा उन्हें न्याय पाने के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास कायम रखना अत्यंत आवश्यक है। जनसुनवाई इसी दिशा में एक सशक्त माध्यम है, जिससे आमजन अपनी बात सीधे उच्च अधिकारियों तक पहुंचा सकते हैं। जनसुनवाई में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और निस्तारण की प्रगति से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए। डीआईजी अजय कुमार सहनी ने अंत में कहा कि बरेली परिक्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ जनता को त्वरित न्याय और सुरक्षा का अहसास कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# देवरनियां में पुलिस का सघन चेकिंग अभियान, अपराधियों में मचा हड़कंप

■ एसएसपी के निर्देश पर बैंक-एटीएम, बाजार और सार्वजनिक स्थलों पर कड़ी निगरानी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश पर कोतवाली देवरनियां पुलिस ने थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान अपराध नियंत्रण, शांति व्यवस्था बनाए रखने और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चलाया गया। इस दौरान क्षेत्र के सभी प्रमुख बैंकों, एटीएम, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई।

चेकिंग के दौरान पुलिस टीमों ने बैंक और एटीएम परिसरों में मौजूद लोगों से पूछताछ की। संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उनके पहचान पत्रों की जांच की गई। इसके अतिरिक्त, आसपास खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहनों की भी तलाशी ली गई। पुलिस ने बिना नंबर प्लेट, अधूरे कागजात वाले और संदिग्ध वाहनों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंक और एटीएम से धन निकासी करने वाले नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करना है। इसका लक्ष्य चोरी, लूट, ठगी और साइबर अपराध जैसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाना भी है। पुलिस कर्मियों ने आमजन से एटीएम का उपयोग करते समय सावधानी बरतने, किसी अजनबी की मदद न लेने और कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने की अपील की।

कोतवाली देवरनियां प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। द्विवेदी ने यह भी बताया कि इस प्रकार के चे. कंग अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस सक्रियता की सराहना की। उनका कहना था कि ऐसे अभियानों से क्षेत्र में सुरक्षा की भावना मजबूत होती है। कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि आमजन के सहयोग से ही क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को बेहतर ढंग से बनाए रखा जा सकता है।

# भीषण ठंड कोहरे के चलते कक्षा 1 से 8 तक के स्कूल 20 दिसम्बर तक बंद

## डीएम के निर्देश पर बीएसए का आदेश, बच्चों की सुरक्षा को दी गई प्राथमिकता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** भीषण ठंड और घने कोहरे के मद्देनजर प्रशासन ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) ने कक्षा 1 से 8 तक के सभी बोर्डों से मान्यता प्राप्त और सहायता प्राप्त विद्यालयों में 20 दिसंबर तक अवकाश घोषित कर दिया है।

बीएसए द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह अवकाश अत्यधिक ठंड और कोहरे के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दिया गया है। हालांकि, आदेश में यह भी उल्लेख है कि यदि किसी विद्यालय में पूर्व निर्धारित परीक्षाएं हैं, तो वे अपने तय कार्यक्रम के अनुसार संपन्न कराई जा सकती हैं।

बीएसए ने सख्त चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि निर्धारित अवकाश अवधि के दौरान यदि कोई विद्यालय खुला पाया गया, तो संबंधित विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ नियमों के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन के इस निर्णय से छोटे बच्चों और उनके अभिभावकों को बड़ी राहत मिली है। शिक्षा विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि मौसम की स्थिति की समीक्षा के बाद आगे भी आवश्यकतानुसार निर्णय लिए जाएंगे।

## एक नजर

# शीशगढ़ में अलाव व रैन बसेरों की निगरानी करेंगे सफाई नायक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** ठंड के बढ़ते प्रकोप के चलते नगर पंचायत प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। सफाई नायकों को रैन बसेरों व अलाव की निगरानी में लगाया गया है।

अधिशासी अधिकारी दुर्गेश कुमार द्वारा जारी आदेश में सभी सफाई नायकों को निर्देशित किया गया है कि शाम सात बजे से रात्रि नौ बजे तक सफाई नायक नगर की सीमाओं तक भ्रमण करेंगे। यदि फुटपाथ पर कोई निराश्रित या असहाय व्यक्ति दिखाई दे तो उसको तुरंत रैन बसेरों तक पहुंचकर सभी आवश्यक सहायता मुहैया कराकर उनको अवगत भी कराएंगे। साथ ही नगर में विभिन्न स्थानों पर अलाव जलवाने का भी निरीक्षण करेंगे। यदि कार्य में लापरवाही की गई तो कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# परिवार नियोजन शिविर में 20 महिलाओं की हुई नसबंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**एंबुलेंस से लाने ले जाने की दी गई सुविधा**

**बहेड़ी।** नगर के सरकारी अस्पताल में परिवार नियोजन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 20 महिलाओं की नसबंदी की गई। नसबन्दी कराने वाली महिलाओं को अस्पताल की ओर से नि:शुल्क दवाईयां वितरित की गईं।

यहां सीएचसी पर आयोजित परिवार नियोजन शिविर में डा. अनामिका एवं सीएचसी प्रभारी डा. विवेक की देखरेख में 20 महिलाओं की सफल नसबन्दी की गई। महिलाओं की नसबन्दी के बाद टीम की सक्रिय निगरानी में उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर देखभाल की गई। इसके साथ ही महिलाओं को डायल 102 एम्बुलेंस से लाकर ऑपरेशन के बाद एंबुलेंस से हर घर पहुंचाया गया।

# तहसील से निकल तुझे जान से मार दूंगा अधिवक्ता ने कानूनगो को दी धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बुधवार को तहसील के एक राजस्व निरीक्षक और एक अधिवक्ता के बीच जमकर तकरार हो गई। बताया जाता है कि मामला बढ़ने पर अधिवक्ता ने कानूनगो को तहसील से बाहर निकलने पर जान से मार देने की धमकी तक दे डाली। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक तहसील के एक राजस्व निरीक्षक की एक अधिवक्ता से नगर पालिका परिषद के एक तालाव की पैमाईश को लेकर तकरार हो गई थी, आरोप है कि अधिवक्ता ने पैमाईश की लगाई गई तारीख पर एतराज किया था। राजस्व निरीक्षक और अधिवक्ता के बीच हुई इस तकरार पर वहां लोगों की काफी भीड़ लग गई। आरोप है कि अधिवक्ता ने कानूनगो को तहसील से बाहर निकलने पर जान से मारने की धमकी दे डाली। घटना की तहरीर राजस्व निरीक्षक द्वारा पुलिस को दिए जाने की जैसे ही अधिवक्ताओं को जानकारी मिली, तो तत्काल ही इस मामले पर अधिवक्ताओं ने दोनों के बीच हुई तकरार को लेकर समझौता करा दिया।

# मस्जिद के लिए वक्फ की गई भूमि पर कब्जा शिकायत पर पुलिस ने निर्माण रुकवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** तीन दशक पहले मस्जिद के लिए वक्फ की गई भूमि पर दबंगों ने कब्जा कर निर्माण करना शुरू कर दिया। शिकायत पर पहुंची पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवाया।

मामला कस्बे की इस्लामनगर बस्ती का है। बस्ती में तीन दशक पहले वर्ष 22 दिसंबर 1993 को 102 वर्ग गज भूमि अब्दुल समद की बेवा रईसन ने मस्जिद के लिए वक्फ की थी। बताया जाता है कि रईसन निसंतान थीं। वक्फ की गई भूमि पिछले कई सालों से खाली पड़ी थी कि आज बस्ती की आमना, गुडडू उर्फ खरगोश और उसके भाई ने भूमि पर कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। मस्जिद के लिए वक्फ की गई इस भूमि पर कब्जा कर निर्माण शुरू कराए जाने की जैसे ही जानकारी मरहूम रईसन के देवर मोईन आलम को हुई तो उन्होंने पहले स्थल पर जाकर निर्माण किए जाने पर एतराज जताया, जब निर्माण कार्य नहीं रोका गया तो उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की, जिसपर पहुंची पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवाया दिया।

# डीएम ने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में कसा शिकंजा, वृक्षारोपण की प्रगति पर सख्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर वन विभाग से संबंधित पैरामीटर की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।




बैठक के दौरान डीएम ने विभिन्न विभागों द्वारा कराए गए वृक्षारोपण और पौधों के जीवित रहने की दर पर अन्य विभागों द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्टों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी विभाग द्वारा लगाए गए पौधे मृत हो गए हैं, तो उनके स्थान पर उतने ही नए पौधे लगाए जाएं। डीएम ने पौधों के नष्ट होने के कारणों पर भी ध्यान देने को कहा। उन्होंने पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ट्री गार्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रकृति से हम सब कुछ प्राप्त करते हैं, इसलिए इसकी सुरक्षा हम सभी का सामाजिक और नैतिक दायित्व है, न कि केवल एक सरकारी कार्य। उन्होंने यह भी बताया कि लगाए गए पौधों के संरक्षण का प्रतिशत सीएम डैशबोर्ड पर जिले की रैंकिंग निर्धारित करता है, अत: संबंधित अधिकारी इस माह की रैंकिंग खराब न होने दें। बैठक में डीएफओ दीक्षा भंडारी, डीसी मनरेगा, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**पौधों के संरक्षण में लापरवाही पर चेतावनी, जिले की रैंकिंग सुधारने के दिए स्पष्ट निर्देश**

# अलाव से बिस्तर में लगी आग, युवक झुलसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आंवला में ठंड से बचाव के लिए कमरे में अलाव जलाकर सोए एक युवक का बिस्तर जल गया। आग लगने से युवक बुरी तरह झुलस गया और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। उसे जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है।

यह घटना बुधवार सुबह करीब आठ बजे की है। आंवला के फूटा दरवाजा निवासी हरद्वारी ने अपने 35 वर्षीय पड़ोसी राजेश प्रजापति के कमरे से धुआं निकलते देखा। आवाज देने पर कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर हरद्वारी मौके पर पहुंचे तो राजेश बेसुध मिले। उन्होंने तुरंत आग बुझाई और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस स्टाफ ने राजेश को प्राथमिक उपचार देकर सीएचसी आंवला पहुंचाया। वहां से 80 फीसदी झुलसने के कारण उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सुबह करीब 11 बजे राजेश को जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। युवक राजेश के अनुसार, उसने रात में ठंड से बचने के लिए अलाव जलाया था। उसे पता नहीं चला कि कब उसके कपड़ों में आग लग गई। रास्ते में जलन बढ़ने पर युवक चीखने लगा, जिसके बाद एंबुलेंस स्टाफ ने उसे राहत देने के लिए आईवी फ्लूड दिया और अस्पताल पहुंचने तक जरूरी जांचें कीं। इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन विना. द ने बताया कि अलाव जलाकर सोने से कमरे में ऑक्सीजन की कमी हो गई थी। सांसों में कार्बन मोनोऑक्साइड भरने के कारण युवक बेसुध हो गया था। इलाज के बाद उसकी स्थिति में कुछ सुधार हुआ। ईएमओ डॉ. वैभव शुक्ला ने कहा कि युवक की हालत गंभीर थी और यदि उसे तत्काल इलाज न मिलता तो जान का खतरा हो सकता था। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि अलाव जलाने पर सोने से पहले उसे बुझा दें, बच्चों को अलाव से दूर रखें और कमरे में धुआं जमा न हो, इसके लिए खिड़की खुली रखें।

# लूट करने वाले गिरोह के तीन बदमाश दबोचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने रेकी करने के बाद हथियार के बल पर लूट करने वाले गिरोह का बुधवार को पर्दाफाश कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। गिरोह का मुख्य आरोपी अब भी फरार है। आरोपियों ने हाल में जनसुविधा केंद्र संचालक से लूटपाट की थी। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि बीते दिनों सेक्टर-113 थाना क्षेत्र स्थित जनसु. विधा केंद्र पर जब संचालक अपने सात वर्षीय बेटे के साथ था। रात करीब 10 बजे बदमाश आए। उनके पास हथियार भी थे। बदमाशों ने हथियार के बल पर केंद्र के अंदर लूटपाट की। वे करीब डेढ़ लाख रुपये की नगदी और लैपटॉप लूट कर फरार हो गए।

पीड़ित ने मामले की शिकायत जैसे ही थाने की पुलिस को दी, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित कर दी गईं। घटनाक्रम की जानकारी के लिए जब घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को देखा गया तो पता चला कि तीन बदमाश बाइक से जनसुविधा केंद्र पर उस समय पहुंचे, जब वह बंद होने वाला था। एक बदमाश बाइक स्टार्ट कर बाहर खड़ा था। दो बदमाश अंदर गए और हथियार के बल पर लूट की। फुटेज से बदमाशों का हुलिया पुलिस को मिल गया। वारदात करने वाले बदमाश जब फिर से किसी घटना को अंजाम देने के लिए बुधवार को थाना क्षेत्र में दाखिल हुए, तभी



पुलिस ने घेरेबंदी कर उन्हें दबोच लिया। गिरोह के बदमाशों की पहचान इकोटेक थर्ड थाना क्षेत्र निवासी जाहिद अली उर्फ पपला, मेरठ के मुंडाली निवासी तरुण और बुलंदशहर के स्याना निवासी पुष्पेंद्र उर्फ भोला के रूप में हुई। आरोपियों के पास से लूट की नगदी और लैपटॉप भी बरामद हुए। आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल होने वाली बाइक, लूट का लैपटॉप और 95 हजार रुपये बरामद हुए। गिरोह का पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम को डीसीपी नोएडा ने पुरस्कृत करने की बात कही है। तीन दिन तक रेकी की एडिशनल डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि बदमाशों ने वारदात के लिए तीन तक जनसुविधा केंद्र की रेकी की। उन्होंने जानकारी जुटाई कि किस समय केंद्र पर भीड़ कम रहती है और एक दिन में कितना कैश आता है। चौथे दिन करीब रात 10 बजे जनसेवा केंद्र पर जब संचालक अपने बेटे के साथ था, तभी बदमाशों ने वारदात की। लूट के रुपये को आरोपियों ने आपस में बांट लिया। दुकानों के अलावा अगर कोई व्यक्ति नगदी लेकर सुनसान जगहों पर घूमता दिखता तो गिरोह के बदमाश उससे भी लूट लेते थे। बदमाश अपने पास मोबाइल नहीं रखते थे। मुख्य आरोपी ने साजिश रची एसीपी ट्विंकल जैन ने बताया कि जाहिद अली की उम्र 19 साल है। तरुण 20 और पुष्पेंद्र उर्फ भोला 18 साल का है। जाहिद ने नौवीं तक पढ़ाई की है। तरुण अनपढ़ है, जबकि पुष्पेंद्र आठवीं पास है। गिरोह का मुख्य सदस्य देवेश उर्फ कुक्की है। उसके खिलाफ 20 से अधिक केस दर्ज हैं। वह कई बार जेल जा चुका है। जिस स्थान पर वारदात हुई, उसके पास ही देवेश पहले रहता था। एक दिन उसकी नजर जनसेवा केंद्र पर पड़ी। इसके बाद उसने जाहिद, तरुण और पुष्पेंद्र को वारदात करने का विचार दिया। उसने ही तीनों को प्रशिक्षित किया। पुलिस का दावा है कि लूट की घटना में देवेश भी शामिल था। उधार चुकाने के लिए वारदात की पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि अपने शौक को पूरा करने के लिए उन्होंने कई लोगों से लोन लिया था। समय से रकम न चुका पाने के कारण ब्याज लगातार बढ़ता जा रहा था। उधार चुकाने के लिए तीनों ने लूट और चोरी करने की योजना बनाई। पूर्व में भी कई बार सुनसान जगहों पर तीनों ने राहगीरों के साथ मारपीट कर तमंचा दिखाकर नगदी लूटी थी। हालांकि, उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। इस बार गिरोह के बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ गए। गिरोह के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित कर दी गई है। टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

# जनसभाओं और धार्मिक कार्यक्रमों से आईफोन चुराने वाले चार पकड़े, 60 आईफोन बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज-1 थाने की पुलिस ने जनसभाओं और धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होकर लोगों का आईफोन समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट चुराने वाले गिरोह का बुधवार को पर्दाफाश कर चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से करीब दो करोड़ रुपये का सामान बरामद हुआ। इसमें 60 आईफोन, 10 मल्टीमीडिया फोन और 28 आईपैड है। डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि जनसभाओं और धार्मिक कार्यक्रमों में लोगों के मोबाइल चोरी होने के कई मामले बीते दिनों सामने आए थे। ज्यादातर लोगों के आईफोन चोरी हुए थे। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर गठित टीम ने बुधवार को वारदात करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर दिल्ली के फिरोज, फरदीन, सलीम और दानिश को दबोच लिया।

चारों मोबाइल की चोरी और लूट के साथ ही उनके पुर्जो की तस्करी करते थे। चोरी के मोबाइल को दिल्ली के विभिन्न चोर बाजारों में खपाया जाता था। यहां के दुकानदार चोरी के आईफोन को दस से 15 हजार रुपये में गिरोह के सदस्यों से खरीद लेते थे। वारदात करते समय चारों आरोपी अपना नाम भी बदल लेते थे। अच्छी रकम मिलने पर चोरी के आईफोन को आरोपी राहगीरों को बेच देते थे। बदमाशों के खिलाफ दिल्ली और नोएडा के अलग-अलग थानों में 20 केस दर्ज होने की जानकारी मिली है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल होने वाली स्कूटी को भी कब्जे में ले लिया है। लूट और चोरी का मोबाइल खरीदने वाले दुकानदारों के बारे में भी पुलिस जानकारी जुटा रही है।

# ट्रक लूटने के बाद चालक-हेल्पर को फेंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज-1 थाना क्षेत्र स्थित डीएनडी के निकट कंपनी के सामान से भरे ट्रक को लूटने का मामला सामने आया है। कंपनी मालिक के मुताबिक आरोपियों ने चालक और हेल्पर को जबरन ट्रक से बाहर फेंक दिया और सामान समेत ट्रक लेकर भाग गए।

पीड़िता ने एक परिचित और उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-134 स्थित जेपी कॉसमॉस सोसाइटी में रहने वाली भावना भसीन ने पुलिस को बताया कि कुछ समय पहले पति कमल भसीन का निधन हो गया। उनकी साज-सज्जा का सामान तैयार करने वाली कंपनी है। उन्होंने कई वर्षों तक मेहनत के बाद कंपनी बनाई थी।

पति की मौत के बाद वह कंपनी का संचालन कर रही हैं। उनका आरोप है कि कुछ लोग कंपनी को बंद कराने का प्रयास कर रहे हैं। पति की मौत के बाद आरोपी उनकी कमजोर स्थिति का फायदा उठाने में लगे हैं।

पीड़िता ने बताया कि 11 दिसंबर की रात उनकी कंपनी से साज-सज्जा का सामान लादकर ट्रक दिल्ली जा रहा था। आरोप है कि डीएनडी के पास महफूज खान और उसके साथी जबरन ट्रक में चढ़ गए। उन्होंने कंपनी के ट्रक चालक और हेल्पर को डराया और धमकाया।

इसके बाद उन्हें सड़क किनारे ट्रक से बाहर फेंक दिया। आरोपी ट्रक लेकर फरार हो गए। इसके बाद उन्हें झूठी सूचना दी कि बैंकों की रकम बकाया होने के चलते ट्रक को जब्त किया गया है। पीड़िता ने जब कंपनी को ऋण देने वाले बैंकों के प्रबंधन से जानकारी प्राप्त की तो उन्होंने ऐसी किसी भी घटना से इनकार किया। आरोपियों ने अवैध रूप से वसूली करने का प्रयास किया।

तब पता चला कि आरोपियों ने अवैध रूप से ब्लैकमेल करने के लिए ट्रक छीना है। पीड़िता का कहना है है कि आरोपियों ने साजिश के तहत वारदात को अंजाम दिया। वह लगातार पीड़िता को फोन करके धमकी दे रहे हैं। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्ष परिचित हैं। मामला लूट का नहीं आपस में लेनदेन का है। आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम लगी हैं। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# स्वास्थ्य विभाग के रिटायर्ड निदेशक के साथ साइबर ठगी, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर 113 में स्वास्थ्य विभाग से रिटायर्ड अतिरिक्त निदेशक ने आईजीएल गैस का बिल जमा कराने के नाम पर साइबर अपराधियों द्वारा एक लाख 97 हजार 245 रुपये उनके खाते से निकाले जाने की तहरीर दी है। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। थाना सेक्टर 113 के निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने बुधवार को बताया कि बीती रात मंगलवार को सेक्टर 76 स्थित आम्रपाली सिलिकॉन सिटी में रहने वाले स्वास्थ्य विभाग से रिटायर्ड अतिरिक्त निदेशक डॉक्टर राजेश्वर कुमार वत्स ने थाने में तहरीर दी। जिसमें बताया गया कि उनके मोबाइल फोन पर एक मैसेज आया, जिसमें कहा गया कि आईजीएल गैस कंपनी का पेमेंट बकाया है। तुरंत भर दीजिए नहीं तो कनेक्शन कट जाएगा। उन्होंने कॉल करने वाली की बात पर विश्वास किया। पीड़ित के अनुसार झांसे में लेकर जालसाज ने उनसे उनके डेबिट कार्ड की डिटेल ली तथा उनके खाते से धोखाधड़ी कर एक लाख 97 हजार 245 रूपये निकाल लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर

### डाकघर से रोज आठ हजार पैकेट की डिलीवरी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-19 स्थित डाक विभाग कार्यालय से रोजाना आठ हजार से ज्यादा पैकेट की डिलीवरी की जा रही है। जबकि सोमवार को यह संख्या 12 हजार से अधिक हो जाती है। उड़ान कार्यकारिणी सदस्य सुधीर डेढा ने बताया कि करीब 90 प्रतिशत डिलीवरी उसी दिन पूरी कर दी जाती है। डाक विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर और डिजिटल सुविधाएं प्रदान हो रही है। इसकी वजह से अब उन्हें बैंक खाते या ऐप से जुडी समस्याओं के लिए डाकघर आने की जरुरत नहीं पड़ती। उनकी समस्या फोन पर हल हो रही है।

### ऑनलाइन न चलाएं कोहरे की वजह से एक्सप्रेसवे पर 15 दिसंबर से रफ्तार पर

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** यमुना, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे और एमपी टू एलिवेटेड रोड पर कोहरे की वजह से वाहनों की गति सीमा कम की गई है। इसके बाद से यह नियम तोड़ने वालों की संख्या 50 प्रतिशत बढ़ गई। पाबंदी के बाद 1800 वाहन चालकों ने यह नियम तोड़ा और कैमरे की जद में आ गए। जबकि, इससे पहले के तीन दिनों में यह संख्या 900 के आसपास थी। कोहरे को देखते हुए नोएडा-ग्रेनो के मुख्य रास्तों पर 15 दिसंबर से वाहनों की गति सीमा कम की जा चुकी है। यह व्यवस्था अगले साल 15 फरवरी तक लागू रहेगी। नई गति सीमा लागू होने के बाद उसी हिसाब से एक्सप्रेसवे और एलिवेटेड रोड पर लगे कैमरों को फिक्स कर दिया गया है। गति सीमा कम होने की जानकारी देने के लिए नोएडा प्राधिकरण की तरफ से कई जगह बोर्ड भी लगा दिए गए हैं। इसके अलावा बीते तीन-चार दिन में यमुना एक्सप्रेसवे पर कुछ हादसों के बाद यातायात पुलिस भी अलर्ट हो गई है। यातायात पुलिस व्यावसायिक वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगा रही है। इसके अलावा जगह-जगह चालकों को कम गति सीमा के तहत चलने को लेकर जागरूक किया जा रहा है। इसके बावजूद लोग तय सीमा से अधिक गति से वाहन चला रहे हैं, जिसके कारण कैमरों के जरिए उनके चालान किए जा रहे हैं। यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि 15 से 17 दिसंबर तक करीब 1800 वाहन चालक तेज गति के नियम को तोड़ चुके हैं। इस बारे में डीसीपी यातायात डॉ. प्रवीन रंजन ने बताया कि समाचार पत्रों, एक्स और बोर्ड के जरिए लगातार वाहन चालकों को यमुना एक्सप्रेसवे, नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे और एमपी टू एलिवेटेड रोड पर वाहनों की गति सीमा कम होने की जानकारी दी जा रही है। वाहन चाल. कों से अपील की है कि निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं, ताकि अपने साथ-साथ दूसरों का भी सफर सुरक्षित रह सके। कोहरे में तेज गति से वाहन चलाने पर सड़क हादसे का खतरा बढ़ जाता है। इस वजह से ही मुख्य रास्तों पर वाहनों की गति सीमा में कमी की गई है।

### आयकर विभाग से रिटायर्ड कमिश्नर के फार्म हाउस पर कब्जे का प्रयास, मुकदमा दर्ज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा के थाना एक्सप्रेसवे इलाके में आयकर विभाग से रिटायर्ड कमिश्नर के फार्म हाउस पर दो लोगों ने तोड़फोड़ कर कब्जा करने का प्रयास किया है। इस दौरान आरोपित मौके से कुछ सामान भी उठा ले गए। पीड़ित रिटायर्ड कमिश्नर के दामाद की शिकायत पर थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना एक्सप्रेसवे के प्रभारी विपिन कुमार ने बुधवार को बताया कि बीती रात मंगलवार को मोहम्मद सैफ ने थाने में तहरीर दी कि सेक्टर 35 में रहने वाले उनके ससुर जमील अहमद रिटायर्ड आयकर कमिश्नर हैं। ससुर का ग्राम नगला नगली डूब क्षेत्र में एक फार्म हाउस है। उन्होंने यह फार्म हाउस सन् 2013 में वीरेंद्र कुमार यादव से खरीदा था और उनके पास इसका कब्जा है। फार्म हाउस को तारकशी करवाकर एक कमरा बनवा बना है और उसकी देख रेख के लिए मुनेंद्र नामक व्यक्ति को रखा गया है। मंगलवार को केयरटेकर मुनेंद्र फार्म हाउस पर मौजूद था, तभी वहां पर ग्राम बाजितपुर के रहने वाले पवन और मोनू पुत्र रोहतास आए। दोनों ने फार्म हाउस में तोड़फोड़ करनी शुरू कर दी। जब केयरटेकर ने मना किया तो आरोपितों ने उसे गालियां देते हुए मारपीट की। इस दौरान आरोपितों ने धमकी देते हुए कहा कि यह जमीन हमारी है, तुम यहां से भाग जाओ।

# नोएडा-ग्रेनो के प्रदूषण में मामूली कमी, एक्यूआई बेहद खराब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा के प्रदूषण में बुधवार को मामूली कमी दर्ज की गई। इसके बावजूद एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में रहा। दोपहर से दोनों शहरों में प्रदूषण बढ़ा। नोएडा का एक्यूआई 331 और ग्रेटर नोएडा का 310 दर्ज किया गया। एक दिन पहले के मुकाबले नोएडा का एक्यूआई 21 अंक कम हुआ। ग्रेटर नोएडा के एक्यूआई में भी 16 अंक कमी दर्ज की गई। सुबह दोनों शहरों का एक्यूआई कम था। ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई सुबह नौ बजे 288 था। वहीं, नोएडा का एक्यूआई 314 था। दोपहर 12 बजे के बाद से एक्यूआई बढ़ना शुरू हुआ। दोनों शहरों के लोगों के लिए राहत की बात यह भी रही कि सभी छह स्थानों पर पीएम 2.5 और पीएम 10 का अधिकतम स्तर 400 से कम रहा।

सबसे प्रदूषित स्थान सेक्टर-1 रहा। यहां का एक्यूआई 366 दर्ज किया गया। जिले का न्यूनतम तापमान बुधवार को 8.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, अधिकतम तापमान 25 रहा। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान और कम हो सकता है, लेकिन अधिकतम तापमान 24 और 25 डिग्री के बीच बना रहेगा। सुबह हल्का को. हरा हो सकता है। दिन में खिली धूप निकलने का अनुमान है। छह स्थानों का एक्यूआई सेक्टर-1 : 366, सेक्टर-62 : 305, सेक्टर-125 : 347, सेक्टर-116 : 324, नॉलेज पार्क थ्री : 293, नॉलेज पार्क फाइव : 335, नोएडा-ग्रेटर नोएडा के पांच दिनों का एक्यूआई दिसंबर, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, 17, 331, 310, 16, 352, 326, 15, 437, 447, 14, 466, 435, 13, 455, 442।

# चलती कार में लगी आग तीन लोगों ने कूदकर बचाई जान

**नोएडा।** सेक्टर-36 अंडरपास में चलती कार में आग लग गई। आग की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। जब कार में लगी तीन लोग उसमें मौजूद थे। तीनों ने कूदकर अपनी जान बचाई। आग बुझाने को फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों को भेजा गया। तीनों ने करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की वजह से कार जलकर राख हो गई।

स्विफ्ट डिजाइर कार सेक्टर-36 अंडरपास से सेक्टर-18 की ओर जा रही थी। अचानक कार से धुंआ उठने लगा। लॉक होने से पहले तीनों लोग कार से ऊतर गए। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को दी। आग तेजी से बढ़ती चली गई। दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और यातायात को रोका गया।

# ग्रेप-4 का असर: नोएडा में पुराने वाहनों पर बड़ा एक्शन, अब तक 232 के चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली-एनसीआर की दमघोंटू हवा ने प्रशासन को फिर सख्त कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है। वायु प्रदूषण को काबू में करने के लिए जैसे ही ग्रेप-4 लागू हुआ, वैसे ही नोएडा और ग्रेटर नोएडा में परिवहन विभाग पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया। नियमों के तहत जहां बीएस-6 श्रेणी के वाहनों को राहत दी गई है, वहीं बीएस-3 और बीएस-4 वाहनों की सड़कों पर मौजूदगी पर कड़ी पाबंदी लगा दी गई है।

परिवहन विभाग के अनुसार ग्रेप-4 लागू होने के बाद जिले में बीएस-4 और उससे नीचे श्रेणी के वाहनों का संचालन प्रतिबंधित कर दिया गया है। केवल बीएस-6, इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को ही चलने की अनुमति है। इसके बावजूद कई वाहन चालक नियमों की अनदेखी करते पाए गए, जिन पर चालान और जुर्माने की कार्रवाई की गई। विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक 1 दिसंबर से अब तक ग्रेप-4 के नियमों का उल्लंघन करने वाले 232 वाहनों को पकड़ा गया है। इन सभी पर नियमानुसार जुर्माना लगाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि वायु गुणवत्ता में सुधार होने तक यह सख्ती जारी रहेगी।

**1.25 लाख प्रतिबंधित वाहनों पर विशेष निगरानी:** गौतमबुद्ध नगर के एआरटीओ नंद कुमार ने बताया कि जिले में करीब 1.25 लाख वाहन ऐसे हैं, जो बीएस-3 और बीएस-4 श्रेणी में आते हैं। इन वाहनों को लेकर विभाग पूरी तरह अलर्ट है। प्रमुख चौराहों, औद्योगिक क्षेत्रों, एक्सप्रेसवे और दिल्ली से सटे बॉर्डर पॉइंट्स पर लगातार चेकिंग की जा रही है।

**पांच प्रवर्तन टीमें दिन-रात तैनात:** नोएडा में परिवहन विभाग की पांच प्रवर्तन टीमें चौबीसों घंटे सड़कों पर सक्रिय हैं। इन टीमों को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि ळत।च्-4 के नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए और प्रतिबंधित वाहनों को किसी भी हाल में सड़कों पर चलने न दिया जाए।

**दिल्ली बॉर्डर पर सघन जांच:** नोएडा से सटे दिल्ली बॉर्डर पर परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त टीमें तैनात की गई हैं। यहां आने-जाने वाले वाहनों की गहन जांच की जा रही है, ताकि प्रतिबंधित वाहनों की जिले में एंट्री रोकी जा सके।

# भारत विकास परिषद द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारत विकास परिषद नोएडा के तत्वावधान में आयोजित आज से सेक्टर 19, शनि बाजार मैदान नोएडा में विशाल श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ।

वृंदावन से पधारे विश्व विख्यात कथा व्यास भागवत रत्न आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज ने कथा में कहा कि नोएडा आज से वृंदावन धाम बन गया है। यहां सात दिन भक्ति रस की अविरल धारा बहेगी।

श्रीमद्भागवत कथा के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि 'भागवत जी' भगवान श्री कृष्ण जी का ही वांग्मय अर्थात शब्द रूप है। भागवत जी हमें भक्ति, ज्ञान और त्याग की शिक्षा देती हैं। अर्थात भागवत शब्द में 'भ' शब्द भवसागर रूपी जीवन में हमें प्रकाश देता है। 'ग' शब्द जीवन में हमें गति प्रदान




करता है। 'व' शब्द यह बताता है कि श्रीमद्भागवत सभी पुराणों में वरिष्ठतम है एवं 'त' शब्द यह बताता है कि जो भागवत की शरण में आता है वह संसार से तर जाता है।

परंतु श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से प्राणी इस संसार रूपी भवसागर से तर जाता है और संसार में आवागमन अर्थात जन्म मृत्यु के बंधन से मुक्त हो जाता है। भागवत ऐसा ग्रंथ है जिसमें रस ही रस है, इसमें कहीं भी गुठली का तो नामो. निशान ही नहीं है।

महाराज श्री ने कहा कि श्री बिहारी जी महाराज को केवल दो चीजें अच्छी लगती हैं - एक तो उनको चंदन और दूसरा वंदन। जो भी भगवान को को चंदन और वंदन प्रदान करते हैं उनके जीवन के समस्त बंधन कट जाते हैं।

महाराज श्री के श्रीमुख से कथा रस और मधुर भजनों को सुनकर श्रोतागण झूम उठे और मंत्रमुग्ध होकर नृत्य करने लगे।

# 240 करोड़ की ग्रीन फील्ड यूनिट लगाएगी वंडरलैंड फूड्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** प्रीमियम नट्स और ड्राई फ्रूट्स के क्षेत्र में अग्रणी वंडरलैंड फूड्स ने उत्तर प्रदेश में अपने विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। कंपनी यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में करीब 240 करोड़ के निवेश से ग्रीनफील्ड नट्स एवं ड्राई फ्रूट्स प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करेगी। इसके लिए वंडरलैंड फूड्स और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

परियोजना के तहत सेक्टर-8क में 30,000 वर्ग मीटर औद्योगिक भूमि का आशय पत्र ल्म्प्क। के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राकेश कुमार सिंह ने 17 दिसंबर 2025 को कंपनी के चेयरमैन राकेश कुमार गुप्ता को सौंपा। इस मौके पर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शैलेंद्र भाटिया और राजेश कुमार भी मौजूद रहे। कंपनी को इस परियोजना के लिए आंशिक वित्तपोषण के रूप में 140 करोड़ का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हो रहा है। यह निवेश आशा वेंचर्स फंड-। और ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट पीएलसी द्वारा किया जा रहा है, जो यूनाइटेड किंगडम सरकार का उपक्रम है। कंपनी प्रबंधन के अनुसार भूमि का कब्जा मिलने के 24 महीनों के भीतर उत्पादन शुरू होने की संभावना है। वंडरलैंड फूड्स के संस्थापक श्री राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि इस परियोजना से समाज के कमजोर वर्ग से आने वाली 750 से अधिक महिलाओं को रोजगार मिलेगा। परियोजना के पूर्ण रूप से संचालन में आने के बाद इससे सालाना घ्800 करोड़ से अधिक का राजस्व सृजित होने की उम्मीद है।

# 23 दिसंबर को कृषि विज्ञान केंद्र छोलस दादरी में होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम ने जनपद के समस्त कृषकों को जानकारी देते हुए बताया कि स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह(पूर्व प्रधानमंत्री) जी के जन्मदिवस के अवसर पर सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनांतर्गत किसान सम्मान दिवस एवं कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुन. रोद्धार कार्यक्रम योजनांतर्गत मिलेट्स रेसिपी एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम के साथ 23 दिसंबर 2025 को कृषि विज्ञान केंद्र छोलस दादरी गौतमबुद्धनगर में प्रातः 10:30 बजे से आयोजित होगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस किसान मेले का मुख्य उद्देश्य कृषकों को फसलों की नवीनतम कृषि तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराना तथा आधुनिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से फसल उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों एवं संबंधित फर्मों द्वारा स्टाल लगाए जाएंगे जिनके माध्यम से किसानों को कृषि योजनाओं उन्नत बीज आधुनिक उपकरण मिलेट्स आधारित उत्पादों एवं नवीन तकनीकों की विस्तृत जानक. ारी दी जाएगी।

जिलाधिकारी ने संबंधित सभी विभागों को निर्देशित किया है कि वे आयोजन में ससमय प्रतिभाग करते हुए अपने स्टाल अनिवार्य रूप से स्थापित करें ताकि जनपद के अधिक से अधिक कृषकों को सरकार की योजनाओं और तकनीकी नवाचारों का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने जनपद के समस्त कृषकों से अपील की कि वे इस किसान सम्मान दिवस में अधिकाधिक संख्या में सहभागिता कर कार्यक्रम का लाभ उठाएं।

# नियम तोड़ने पर 7726 वाहनों के चालान

**नोएडा।** यातायात पुलिस ने नियम तोड़ने पर बुधवार को 7726 वाहनों के चालान किए। इनमें मैनुअल तरीके से 4290 और आईएसटीएमएस कैमरों द्वारा 4290 वाहनों के चालान किए। इनके अलावा कागजात नहीं होने पर 25 वाहनों को सीज किया गया। डीसीपी यातायात डॉ प्रवीन रंजन ने बताया कि हेलमेट नहीं पहनने पर 2889 वाहनों के चालान किए गए। हेलमेट के अलावा तीन सवारी बैठाने पर 203 और बिना सीट बेल्ट बांधे चलने पर 170 वाहनों के चालान किए गए। डीसीपी ने बताया कि पुलिस द्वारा घने कोहरे में सड़क हादसों से बचाव के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं। बुधवार को भी एक्सप्रेसवे पर टोल के पास से वाहनों को समूह बनाकर निक. ाला गया।

# किसान दिवस में कृषकों की समस्याओं का हुआ निराकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जनपद के कृषकों की कृषि से समबन्धित समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आज विकास भवन, स्थित सभागार कक्ष में जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया।

प्रगतिशील कृषकों ने किसान दिवस में सम्मिलित होते हुए अपनी समस्याओं को बैठक में रखा। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग अधिकारियों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री विषय पर कृषकों के मध्य जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया गया। मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी द्वारा निर्देश दिये



गये कि सभी सहकारी समितियों पर उर्वरक/यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता रहनी चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा खण्डेरा, छौलस आदि गांव में जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु सिंचाई विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिया गया, जिला कृषि अधिकारी द्वारा समस्त कृषकों को अवगत कराया गया कि जनपद में लक्ष्य के सापेक्ष उर्वरक उपलब्ध है, जनपद में 3590 मैट्रिक टन यूरिया बिक्री केन्द पर उपलब्ध है तथा भविष्य में भी किसी भी प्रकार की कमी न होने का आश्वासन दिया गया।

कृषकों की सहायता हेतु आयोजित इस किसान दिवस कार्यकम में कृषि क्षेत्र से जुड़े विभागों के अधिकारी जिसमें सिंचाई, ऊर्जा एवं कृषि उत्पादन शाखा से जुड़े विभाग जैसे कृषि, उद्यान, मतस्य, दुग्ध उत्पादन, पशुपालन आदि विभागों के अधिकारियों व एग्रीकल्वर इंश्योरेंस कम्पनी के क्षेत्रीय प्रबन्धक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री व प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से सम्बन्धित समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

अन्त में उप कृषि निदेशक, गौतमबुद्धनगर राजीव कुमार द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी कृषकों व कर्मचारी/अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की गयी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# हाईकोर्ट बैंच की मांग को वकीलों का कार्य बहिकार

## न्यायिक कार्य से विरत रहकर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर केंद्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर बुधवार को अधिवक्त 1ओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर जोरदार प्रदर्शन किया। कहा कि पश्चिमी उ.प्र. में बेंच की जरुरत लंबे समय से महसूस की जा रही है। बेंच बनने से आम लोगों को इलाहाबाद के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और न्याय तक पहुंच आसान होगी। बार एसोसिएशन जनपद, अमरोहा के अध्यक्ष सलीम खान के नेतृत्व में बुधवार को कचहरी परिसर से शुरू हुआ अधिवक्ताओं का मार्च अमरो. हा-जोया पर पहुंचा. जहां अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर हाई कोर्ट बेंच को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। हाईकोर्ट बेंच बनाओ, पश्चिम यूपी को न्याय दो%, अधिवक्ता एकता जिंदाबाद जैसे नारे लगाए। अध्यक्ष सलीम खान ने कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश देश के सबसे अधिक आबादी और सबसे ज्यादा मुकदमों वाले क्षेत्रों में से एक है, इसके बावजूद यहां हाईकोर्ट की कोई बेंच नहीं



है। न्याय के लिए लोगों को सैकड़ों किलोमीटर दूर प्रयागराज जाना पड़ता है, जिससे गरीब, किसान, मजदूर और महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान होती हैं। उन्होंने इसे क्षेत्र के साथ घोर अन्याय बताया। इस दौरान बार एसोसिएशन पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचे पुलिस- प्रशासनिक अधिकारियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें हाई कोर्ट बेंच पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसी एक जिले में स्थापित करने की मांग की गई। इस मौके पर महासचिव सतीश कुमा त्यागी, इरशाद बेग, प्रमोद कुमार शर्मा, इमरान खान, यासिर अंसारी, इसरार अहमद, नदीम अहमद, नवनीत कुमार गोला, जीशान अहमद, प्रदीप कुमार गिल, सतीश कुमार चौहान, रविन्द्र सिंह सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे। उधर, अमरोहा सदर तहसील बार एसोसिएशन ने भी आंदोलन का समर्थन किया। बार, अध्यश्व सुरेंद्र सिंह व महासचिव सतेंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए सरकार से जल्द से जल्द पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने की मांग की।



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर बुधवार को धनौरा तहसील में अधिवक्ताओं ने एक दिवसीय न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। यह आंदोलन केंद्रीय संघर्ष समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आह्वान पर शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित किया गया।

बार एसोसिएशन धनौरा से जुड़े अधिवक्ताओं ने पूरे दिन न्यायिक कार्यों से दूरी बनाए रखी और हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। अधिवक्ताओं का कहना है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 22 जिलों के वकील बीते करीब 40 वर्षों से इस मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। अधिवक्ताओं ने कहा कि हाईकोर्ट बेंच की स्थापना से आम जनता को सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय मिल सकेगा। वर्तमान में इलाहाबाद हाईकोर्ट की दूरी अधिक होने के कारण गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को न्याय पाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस अवसर पर बार एसोसिएशन धनौरा के निवर्तमान महासचिव अनुराग कुमार ने कहा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आबादी और यहां के मामलों की संख्या को देखते हुए हाईकोर्ट बेंच की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। यह केवल अधिवक्ताओं की नहीं, बल्कि आम जनता की भी मांग है। जब तक हमारी यह जायज मांग पूरी नहीं होती, तब तक संघर्ष लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहेगा। प्रदर्शन में वीके शास्त्री, धर्मवीर सैनी, मनोज सैनी, अशोक त्यागी, मूलचंद त्यागी, इमरान अली, सहदेव भारती, अंकित त्यागी, हितेश कुमार, हरिओम सागर, सोनू और वरुण ढिल्लों सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## देसी पौनिया व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक देसी पौनिया और सात जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने आरोपी को भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह के मुताबिक एसआई कमल सिंह बुधवार को पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान सिवोरा मोड़ पर पुलिसकर्मियों ने संदिग्ध दिख रहे युवक को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी पौनिया और 12 बोर के सात जिंदा कारतूस मिले।

# आत्महत्या को उकसाने में पति व सास ससुर पररिपोर्ट

## बीते दिन फांसी लगाकर महिला ने दी थी जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** विवाहिता की मौत के मामले में पति व सास-ससुर के खिलाफ दर्ज हत्या का मुकदमा पुलिस ने आत्महत्या को उकसाने की धाराओं में तरमीम कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह हैंगिंग आई थी। मृतका के बेटे को लेकर फरार आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर हैं जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है। वहीं, पोस्टमार्टम के बाद मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव भेड़ा भरतपुर में मंगलवार सुबह 32 वर्षीय विवाहिता याचना की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उसका शव घर की पहली मंजिल पर जाने के लिए बनी सीढ़ियों पर लोहे की रेलिंग में रस्सी के सहारे लटका मिला था। याचना डिडौली क्षेत्र के गांव चौबारा की निवासी थी तथा साल 2017 में उसकी शादी गांव के ही रहने वाले अरविंद से हुई थी। दंपति के एक सात साल का बेटा पर्व है। जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था दोपहर में मामले में मृतका के भाई हितेश चौधरी ने पति अरविंद, सास आशा देवी व ससुर महावीर सिंह पर षडयंत के तहत हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। आरोप था कि पति अरविंद के एक महिला से अवैध संबंध थे, याचना उसका विरोध करती थी। इसी बात को लेकर घर में कलेश होता रहता था। लिहाजा, तीनों ने षड्यंत के तहत उसकी हत्या की है। लिहाजा, पुलिस ने मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसके बाद आरोपी घर से फरार हो गए थे लेकिन देर शाम में आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग सामने आया था। प्रभारी सीओ शक्ति सिंह ने बताया कि हत्या की धाराओं में दर्ज मुकदमा अब आत्महत्या को मजबूर करने की धाराओं में तरमीम कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है, उन्हें जल्दी पकड़कर चालान किया जाएगा। वहीं, पोस्टमार्टम के बाद मायके पक्ष के लोगों ने मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# ट्रैक्टर से गिरकर युवक की दर्दनाक मौत

## चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर मझरा निवासी युवक की ट्रैक्टर से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना बीती रात मंगलवार की है। मृतक राजवीर सिंह पुत्र प्रकाश सिंह अपने गांव के मिथुन पुत्र रामसिंह के साथ ईंट भरवाने गया था। रात में घर न लौटने पर परिजनों ने जानकारी की तो पता चला कि मिथुन ईंटें होटल पर खाली कर राजवीर को साथ लेकर अतरासी गया था। वहां से वापस आते समय दिल्लीख्रलखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल से करीब 500 मीटर पहले चामुंडा मंदिर के पास ट्रैक्टर चालक मिथुन ने तेज व लापरवाही से वाहन चलाया। इसी दौरान राजवीर ट्रैक्टर से सड़क पर गिर गया । और ट्रैक्टर व ट्रॉली का पहिया उसके ऊपर से उतर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष कोमल तोमर मे बताया कि मृतक के भाई महेन्द्र सिंह की तहरीर पर ट्रैक्टर के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# लापता युवक का सात दिन बाद भी सुराग नहीं

## परिजनों ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** युवक को गायब हुए सात दिन हो चुके हैं। नगर कोतवाली पुलिस ने सिर्फ गुमशुदगी दर्ज कर ली है। लापता युवक को ढूंढने में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है। आनाकानी पर गुस्साए परि. जनों ने अब एसपी अमित कुमार आनंद को शिकायती पत्र सौंपते हुए युवक को बरामद करने की गुहार लगाई है।

शहर के मोहल्ला दानिशमंदान में बड़े इमामबाड़े के सामने वाली गली में मोहम्मद आरिफ का परिवार रहता है। उनका 18 वर्षीय बेटा मोहम्मद उमर बीती 11 दिसंबर की दोपहर लगभग दो बजे अचानक लापता हो गया था। परिजनों ने उसे काफी तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं मिला लिहाजा थकहार कर नगर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज करा दी। लापता मोहम्मद उमर का अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है जबकि परिजनों की ओर से पुलिस को पूरी जानकारी दे दी गई है। आरोप है



कि पुलिस द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा है और न ही लापता मोहम्मद उमर को ढूंढने में कोई दिलचस्पी ली जा रही है। मायूस होकर परिजन बुधवार को पुलिस कार्यालय पहुंचे। एसपी अमित कुमार आनंद को शिकायती पत्र सौंपते हुए नगर कोतवाली पुलिस पर लाप. रवाही बरतने का आरोप लगाया तथा युवक को बरामद करने की गुहार लगाई।

# प्रदुषण विभाग की टीम ने लिए प्रदुषित पानी के नमूने

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ग्रामीण क्षेत्रों में दूषित पेयजल की शिकायतों के बाद प्रदुषण विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। हेड पंप और समसर्बिसल से पीला पानी निकलने की शिकायत पर नमूने लेने की कार्रवाई की। किसानों का कहना है कि हेडपंप और समसर्बिसल से निकलने वाला पानी पीने योग्य नहीं है और इससे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है, साथ ही प्रदूषित

**■ एक औद्योगिक इकाई पर प्रदुषित पानी छोड़ने का आरोप**



पानी के कारण फसलें भी नष्ट हो रही हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि पास स्थित एक औद्योगिक इकाई द्वारा छोड़े जा रहे प्रदूषित पानी के कारण भूजल दूषित हो रहा है, इस कारण पानी में दुर्गंध है और रंग भी पीला हो गया है। शिकायत मिलने पर बिजनौर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से आई प्रदुषण विभाग की टीम ने गांव बसैली और शहबाजपुर डोर में पहुंचकर हैंडपंप और समसर्बिसल से पानी के सैंपल एकत्र किए। ग्रामीणों के समक्ष ही एकत्रित नमूने पर सील लगवाई गई। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नमूने लैब के लिए भेज जाएंगे, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। टीम में जेई आशीष शर्मा, लैब असिस्टेंट अजीत यादव व सुभाष चंद्र आदि शामिल रहे। लैब अस्टिेंट अजीत यादव ने बताया कि बसैली गांव में दो स्थानों व शहबाजपुर डोर में एक समसर्बिसल से कुल तीन नमूने एकत्र किए गए।

# विज्ञान प्रतियोगिता में नेहा प्रथम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विज्ञान प्रतियोगिता में 58 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में मौहम्मदाबाद विद्यालय की छात्रा नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता की अध्यक्षता में बीआरसी केन्द्र पर आयोजित हुई प्रतियोगता में लिखित परीक्षा में 25 छात्र-छात्राएं सफल हुए। इसके बाद साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण की गई, जिसमें प्राथमिक विद्यालय मौहम्मदाबाद की छात्रा नेहा ने प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय कांकाठेर की छात्रा दीपिका ने द्वितीय, उच्च प्राथमिक विद्यालय सुल्तानठेर की छात्रा अंशु ने तृतीय, कंपोजिट विद्यालय तिगरिया भूड़ के छात्र कार्तिक ने चतुर्थ जबकि उच्च प्राथमिक विद्यालय रखेड़ा की छात्रा जेसिका ने पंचम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता ने टॉपर्स को



बधाई देते हुए उनके प्रयास की प्रशंसा की, साथ ही सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया कि फिर से प्रयास करें और अपना मनोबल कभी भी न गिराएं। इस मौके पर एआरपी जयवीर सिंह, आदेश कुमार, नफीस अहमद, दीपक कुमार, अरविंद कुमार, श्वेता सक्सैना, चंद्रभान वरुण, यतीश कुमार, संजय कुमार, प्रमोद कुमार, अजय सिद्धू, यशपाल सिंह, रेखा रानी, टीकाराम आदि मौजूद रहे।

# झूठा मुकदमा एक्सपंच कराने को गरजी भाकियू



■ गजरौला। श्री वेंक्टेश्वरा विवि में काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते विवि अधिकारी व अतिथिगण।

## कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी पर मुकदमे को फर्जी करार देते हुए नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन करते हुए इसे निरस्त करने की मांग की है।

बुधवार को भारतीय किसान बीआर अंबेडकर ने कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर दिग्विजय सिंह भाटी ने कहा पुलिस प्रशासन व चंदनपुर प्रथमा बैंक मैनेजर अभिषेक गहलोत ने मिली भगत से बिना जांच कराये उनके खिलाफ संगीत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दिया है। उन्होंने कहा कि बैंक मैनेजर के साथ न तो मारपीट की गई है और नहीं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने बिना तथ्यों के आधार पर संगठन के नेता पर फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया है। यह सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि बैंक मैनेजर झूठ बोलकर सेटलमेंट के नाम पर किसानों से वसूली कर रहे है। वह किसानों की समस्याओं को लेकर बैंक में गये थे। उन्होंने कहा कि वह किसानों की आवाज उठाने का काम कर रहे हैं। इसी के चलते प्रशासन उनसे नाराज रहता है। और इसी का नतीजा है कि उनके खिलाफ फर्जी रूप से मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा फर्जी मुकदमा लिखवाकर किदानों की आवाज को दबाने का काम किया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी व मैनेजर ने क्षेत्र में तानाशाही रवैया फैला रखा है। उन्होंने कहा कि फर्जी मुकदमें को हटाने के बाद मैनेजर के विरुद्ध उचित से उचित कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय भाटी पर लगे फर्जी मुकदमें को वापस किया जाये। साथ ही हसनपुर सीओ का जनपद से बाहर स्थानांतरण किया जाये। इसकी जांच दूसरे सीओ से कराई जाये। धरने को कई किसान संगठनों द्वारा समर्थन दिया गया था। धरना स्थल पर कई किसान संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे। भाकियू इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेंद्र पहलवान, चौधरी अनिल कुमार, अतीक अहमद, डॉक्टर योगेंद्र सिंह, कुलदीप यादव, मोहित सागर, आकाश राज, कुलदीप भारती, अरविंद जाटव, जितेंद्र कुमार समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

# शादी से पहले प्रेमिका ने ठोका दावा

## प्रेमिका का दावा, उससे भी किया था शादी का वादा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की शादी से पहले प्रेम प्रसंग का मामला अचानक गंभीर मोड़ ले बैठा। युवक की 10 मार्च को शादी तय थी, लेकिन उससे पहले ही उसका नाम एक पुराने प्रेम संबंध को लेकर सुर्खियों में आ गया।

बताया जा रहा है कि युवक का दूसरे गांव की एक युवती से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बीच दोनों के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो गई। इसके बाद युवक के परिजनों ने उसकी शादी किसी अन्य युवती के साथ तय कर दी। युवक की शादी की तारीख 10 मार्च निर्धारित थी। शादी तय होने की जानकारी मिलते ही युवक की प्रेमिका ने पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई और कार्रवाई की मांग की। प्रेमिका का आरोप है कि युवक ने उससे शादी का वादा किया था, लेकिन अब वह अपने वादे से मुकर रहा है। उधर, पुलिस कार्रवाई और पारिवारिक दबाव के बीच युवक मानसिक रूप से टूट गया। बताया

**■ परेशान होकर युवक ने खाया जहर, अस्पताल में भर्ती**

जा रहा है कि उसने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे आनन-फानन में मेरठ के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि दोनों पक्षों की शिकायतों और घटनाक्रम की गंभीरता से पड़ताल की जा रही है। इस घटना से क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है और शादी से पहले हुए इस घटनाक्रम ने सभी को चौंका दिया है।

# परिवार में अनबन के चलते युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** परिवार में अंदरखाने चल रहे विवाद में 18 वर्षीय युवक ने घर में ही फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। कमरे में उसका शव पंखे के कुंडे में रस्सी से लटका मिला। अचानक आत्मघाती कदम उठाने के पीछे कारणों का खुलासा फिलहाल नहीं हो सका है। मृतक को देर रात बिना पुलिस कार्रवाई सुपुर्दे खाक किए जाने की तैयारी चल रही थी। जवान बेटे के इस फैसले से परिजनों में कोहराम मचा है।

घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के शहर की सीमा से सटे एक गांव की है। यहां रहने वाले एक किसान के परिवार में बीते कुछ दिनों से किसी बात को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई थी। किसान का 18 वर्षीय बेटा इस विवाद को लेकर तनाव में था। बताया जा रहा है कि दोपहर में वह खाना खाने के बाद सोने के लिए कमरे में चला गया, इसके बाद काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं आया। परिजनों ने आवाज भी दी लेकिन कोई जवाब नहीं आया। परिजनों ने कमरे में भीतर जाकर देखा तो युवक पंखे के कुंडे में रस्सी पर लटका हुआ था। तुरंत युवक को नीचे उतार परिजनों ने गांव से ही डॉक्टर को बुला लिया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप ने मामले की जानकारी से इनकार किया है। वहीं, परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को सुपुर्देखाक करने की तैयारी में थे।

## शीत लहर चलने से दौड़ी सिहरन

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** शीत लहर चलने के कारण ठिठुरन बढ़ गई। ठंड दूर करने के लिए लोग अलाव जलाकर आग का सहारा लेते हुए नजर आये। मंगलवार की रात से ही घना कोहरा पड़ना शुरू हो गया था। बुधवार को पूरे दिन सूर्य देवता के दर्शन नहीं हो सके। जिससे ठंड में अधिक इजाफा हो गया। ठंड अधिक होने के कारण गर्म कपड़ों की खरीदारी भी बढ़ गई है। दुकानों पर लोग गर्म कपड़ों की खरीदारी करते हुए नजर आये। एका एक बढ़ी ठंड से बचने के लिए जगह-जगह अलाव जलाकर दुकानदार वह राहगीर ठंड से बचने का प्रयास करते हुए नजर आये। नगर पालिका द्वारा शहर में जगह-जगह अलाव भी जलवाये जा रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार इस बार भीषण ठंड पड़ेगी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### राष्ट्रीय पैरा जूडो प्रतियोगिता 19 से श्रीगंगानगर में

**श्रीगंगानगर, वार्ता।** चौदहवीं राष्ट्रीय पैरा जूडो प्रतियोगिता 19 से 23 दिसम्बर तक राजस्थान में श्रीगंगानगर में खेली जाएगी। राजस्थान ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष वेदप्रकाश लखोटिया (आरपीएस) ने बुधवार को बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 25 राज्यों से 400 से अधिक ब्लाइंड जूडो खिलाड़ियों और 60 अधिकारी शिरकत करेंगे। यह प्रतियोगिता श्रीगंगानगर में ही आयोजित राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के समापन के साथ ही शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी श्रीगंगानगर को चार वर्षों के बाद प्राप्त हुई है। इसका उद्घाटन 20 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे हनुमानगढ़ मार्ग पर स्थित ब्लूमिग डेट्स इंटरनेशनल स्कूल में होगा। प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्गों और आयु समूहों में मुकाबले होंगे।

### मैडसेन की कप्तानी में अगले साल होने वाले टी-20 विश्वकप में खेलेगा इटली

**रोम, वार्ता।** इटली क्रिकेट फेडरेशन ने कहा कि अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में राष्ट्रीय टीम वेन मैडसेन की अगुवाई में खेलेगी। आईसीसी गवर्निंग बॉडी ने मंगलवार देर रात एक बयान जारी कर नवम्बर के आखिर में टीम का कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद मैडसेन की स्थिति की फिर से पुष्टि की। उन्होंने कहा कि जनवरी में आयरलैंड के खिलाफ अपनी टीम की द्विपक्षीय सीरीज और अगले साल सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले वैश्विक स्पर्धा दोनों में टीम का नेतृत्व करेंगे। इटली की गवर्निंग बॉडी ने अपने बयान में कहा कि मैडसेन इस पद पर महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू अनुभव लाते हैं, उन्होंने पहले भी टी-20 में इटली का प्रतिनिधित्व किया।

# वरुण-तिलक आईसीसी पुरुष टी-20 रैंकिंग में चमके



● तिलक वर्मा रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर व स्पिनर वरुण गेंदबाजी में 818 अकों के साथ शीर्ष पर पहुंचे

**दुबई, वार्ता।** भारत के आक्रामक बल्लेबाज तिलक वर्मा आईसीसी पुरुष अंतर्राष्ट्रीय टी-20 प्लेयर रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती गेंदबाजी रैंकिंग में 818 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर है।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर जारी ताजा रिपोर्ट में तिलक वर्मा ने पिछले हफ्ते कटक में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में 26 रन बनाने के बाद न्यू चंडीगढ़ में 62 और धर्मशाला में 26 रन बनाकर भारत के अभिषेक शर्मा की अगुवाई वाली सूची में पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान और इंग्लैंड के जोस बटलर को पीछे छोड़कर वह अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चढ़ कर 774 अंकों के चौथे स्थान पर पहुंच गए है। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को एक पायदान का नुकसान हुआ है वह 669 अंकों के साथ दसवें स्थान पर आ गए है। बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा 909 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मारक्रम की तीसरे मैच में सिर्फ 117 रन के स्कोर में 61 रन की पारी ने उन्हें आठ स्थान ऊपर 29वें स्थान पर पहुंचा दिया है, जबकि क्विंटन डी कॉक की दूसरे टी-20 में मैच जिताने वाली 90 रन की पारी ने उन्हें 14 पायदान ऊपर उठाकर 53वें स्थान पर पहुंचा दिया है। टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग की बात की जाए तो पिछले हफ्ते खेले गए दो टी-20 में दो-दो विकेट लेने वाले वरुण चक्रवर्ती ने अपने खाते में 36 रेटिंग अंक जोड़ कर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 818 अंकों तक पहुंच गए है।

# मयंक का मुंबई इंडियंस में चयन



● मयंक रावत का आईपीएल लीग में चयन होने से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल

**टिहरी, वार्ता।** उत्तराखंड के टिहरी गढवाल जिले के खास पट्टी के ग्रामसभा गडोलिया तोक (रेंगली) के युवा क्रिकेटर मयंक रावत का आईपीएल की प्रतिष्ठित टीम मुंबई इंडियंस में चयन हुआ है। वर्तमान में वह दिल्ली में रह रहे हैं और वहीं से उन्होंने अपने क्रिकेट करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। होने पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। मयंक की इस उपलब्धि पर बुधवार को क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। मयंक रावत के आईपीएल जैसी बड़ी लीग में चयन होने की खबर से उनके पैतृक गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। मयंक के पिता राम सिंह रावत (पूर्व छात्रसंघ विज्ञान प्रतिनिधि, एसआरटी कैंपस, पुरानी टिहरी) सहित पूरे परिवार को कमल सिंह बागड़ी सहित पूरे क्षेत्रवासियों ने बधाई दी। वर्तमान में मयंक दिल्ली की ओर से रणजी ट्रॉफी खेल रहे हैं। यह चयन खास पट्टी के लिए विशेष गौरव का विषय है। इससे पूर्व इसी पट्टी के ग्राम सिलोड़ निवासी बडोनी का भी आईपीएल में चयन हो चुका है। पट्टी से दो युवा खिलाड़ियों द्वारा अपनी प्रतिभा के दम पर उत्तराखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया जा रहा है।

## पैसा नहीं, बल्कि आईपीएल में चयन सम्मान की बातः रमनेंद्र

**अमेठी, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए 14 करोड़ 20 लाख रुपये की कीमत में चुने गए प्रशांत वीर का परिवार बेटे की सफलता से गदगद है। युवा खिलाड़ी के पिता रमनेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि आईपीएल में चयन होना बेटे और परिवार के लिए गर्व का विषय है। आईपीएल के इतिहास में अमेठी के प्रशांत वीर ने कीर्तिमान स्थापित किया है। चेन्नई सुपर किंग ने प्रशांत वीर के लिए 14.20 करोड़ रुपये की बोली लगाई है। इसकी खबर सुनते ही प्रशांत के घर में खुशी का माहौल हो गया। इलाके के लोग बधाई देने उनके घर पहुंचने लगे। पिता रमनेंद्र त्रिपाठी ने कहा ‘मेरे बेटे का चयन आईपीएल में हुआ यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। पैसा तो किसी भी हुनर मंद को मिल जाता है यह सम्मान ही मेरे लिए गर्व का विषय है। प्रशांत चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलेंगे। बेटे को उम्मीद से ज्यादा कामयाबी मिली। टीम इंडिया में शामिल होना बेटे का अगला लक्ष्य है। पिता ने बताया कि कक्षा पांच के बाद से ही उसका रुझान क्रिकेट के प्रति हो गया। वह अपने उम्र के ज्यादा बड़े लोगों के साथ भी क्रिकेट खेलने जाता था। कक्षा आठ के बाद बेटा क्रिकेट की कोचिग के लिए मैनपुरी चला गया था। सभी अभिभावकों को बच्चों की रुचि के अनुसार उन्हें आगे बढ़ाना चाहिए। बच्चों को समझना चाहिए उनकी रुचि के साथ उनका साथ देना चाहिए। प्रशांत वीर की मां ने बताया जब बेटे के बारे में इस तरह की खबर सुनी तो वह पल मेरे लिए बहुत भावुक पल था।

## आरश्रीधर टी-20 विश्व कप तक श्रीलंका के फील्डिंग कोच बने

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका क्रिकेट ने अगले साल होने वाले पुरुष टी-20 विश्वकप तक के लिए आर श्रीधर को राष्ट्रीय टीम का क्षेत्ररक्षक कोच नियुक्त किया है। बीसीसीआई लेवल 3 क्वालिफाइड कोच श्रीधर ने पहले 2014 से 2021 तक भारत की पुरुष टीम के क्षेत्ररक्षक कोच के रूप में काम किया है। हाल ही में, उन्होंने अफगानिस्तान टीम के साथ कंसल्टेंट कोच के तौर पर काम किया। अब वह श्रीलंका के फील्डिग स्टैंडर्ड को बेहतर बनाने पर ध्यान देंगे। वह पाकिस्तान और इंग्लैंड के आगामी दौरों पर टीम के साथ मिलकर काम करेंगे और फिर टी-20 विश्व कप की तैयारियों की देखरेख करेंगे। श्रीलंका क्रिकेट के अनुसार श्रीधर ने कहा कि श्रीलंकाई खिलाड़ी हमेशा सहज प्रतिभा, लचीलेपन और सामूहिक भावना के लिए जाने जाते हैं। मेरा काम कोई सिस्टम थोपना नहीं है, बल्कि ऐसा माहौल बनाना है जहां खिलाड़ी क्षमता, जागरूकता और मैदान पर गर्व स्वाभाविक रूप से बढ़ सके। उन्होंने कहा कि फील्डिंग तब बेहतर होती है जब खिलाड़ी गेंद से, एक-दूसरे से और उस पल से जुड़ाव महसूस करते हैं।

# उस्मान डेम्बेले-एताना बोनमती को फीफा प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार

● मंगलवार रात आयोजित एक समारोह में इन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया

**कतर, वार्ता।** स्पेन की एताना बोनमाटी और फ्रांस के उस्मान डेम्बेले को क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग के फीफा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया।

मंगलवार रात यहां आयोजित एक विशेष समारोह में इन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। 28 वर्षीय डेम्बेले पीएसजी की ऐतिहासिक पहली चैंपियंस लीग जीत में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। फाइनल मुकाबले में पीएसजी ने इंटर मिलान को 5-0 से हराया। डेम्बेले ने पिछले सीजन सभी प्रतियोगिताओं में कुल 35 गोल किए जिनमें से 21 गोल लीग-वन में थे और वह टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर भी रहे। वहीं, बार्सिलोना की मिडफील्डर को क्लब और देश के लिए एक और शानदार साल के बाद द बेस्ट फीफा महिला खिलाड़ी चुना गया और वह लगातार तीन खिताब जीतने वाली पहली महिला फुटबॉलर बन गईं। बोनमाटी ने चैंपियंस लीग प्लेयर ऑफ द सीजन का खिताब भी जीता। इसके अलावा उन्होंने लगातार तीसरी बार विमेंस बैलन डी' ओर पुरस्कार भी हासिल किया। बोनमती की अगुवाई में बार्सिलोना ने घरेलू स्तर पर ट्रेबल जीता, जबकि स्पेन के साथ उन्होंने चैंपियंस लीग फाइनल और यूरो 2025 फाइनल तक का सफर तय किया।

पुरस्कार के बाद बोनमाटी ने एक वीडियो संदेश में कहा कि मैं अपना तीसरा फीफा द बेस्ट अवॉर्ड जीतने के लिए बहुत आभारी और गर्व महसूस कर रही हूं। मैं उन सभी लोगों की बहुत आभारी हूं जिन्होंने मेरे लिए वोट किया, खिलाड़ी, कोच और प्रशंसक। मेरे लिए सबसे अच्छी बात यह है कि जो खिलाड़ी मेरी तरह फुटबॉल खेलते हैं या जिन कोचों के खिलाफ मैं खेलती हूं, उन्होंने मुझे फीफा द बेस्ट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना। यह सबसे अच्छी बात है जो मैं कह सकती हूं।




# ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने जीता सोना



● रावत ने निशानेबाजी में पुरुषों की 50 मी. राइफल थ्री पोजिशन फाइनल में विश्व रिकॉर्ड बनाकर जीता स्वर्ण पदक

**भोपाल, वार्ता।** दो बार के ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप प्रतियोगिता 2025 में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन फाइनल में विश्व रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। मध्य प्रदेश स्टेट शूटिग रेंज में मंगलवार को हुए मुक. ाबले में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर 470-5 का स्कोर के साथ स्वर्ण पदक, नीरज कुमार ने 463-7 के साथ स्कोर के साथ रजत पदक जीता और अखिल श्योराण 451-8 के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

किरण अंकुश जाधव अपने खिताब का बचाव करने में नाकाम रहे और 440-0 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहे। पेरिस 2024 के कांस्य पदक जीतने वाले स्वप्निल कुसाले 429.7 के साथ पांचवें स्थान पर रहे। अर्जुन बबूता 414.9 के साथ छठे स्थान पर रहे, जबकि मोनू कुमार 403.2 और मानवेंद्र सिंह शेखावत 401.6 के साथ फाइनल लाइन अप में शामिल हुए। ऐश्वर्य शुरू से ही शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने क्वालिफिकेशन में टॉप पर रहने के लिए अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड 597 के स्कोर की बराबरी की। इससे पहले क्वालिफिकेशन में, स्वप्निल कुसाले (594-33x) ऐश्वर्य, अर्जुन बबूता (594-32x) और मानवेंद्र सिंह शेखावत (591-31x) के बाद चौथे स्थान पर रहे।

# स्टीव स्मिथ कान की समस्या एडिलेड टेस्ट से हुए बाहर



● ऑस्ट्रेलिया ने टीम में बदलाव करते हुए स्मिथ की जगह उस्मान ख्वाजा को बुलाया

**एडिलेड, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को कान की समस्या के कारण बुधवार को शुरु हुए तीसरे एशेज टेस्ट से बाहर कर दिया गया। उनकी जगह उस्मान ख्वाजा को टीम में जगह दी गई है। यहां तीसरे टेस्ट मैच का टॉस शुरु होने से 20 मिनट पहले ऑस्ट्रेलिया ने टीम में एक बदलाव करते हुए उस्मान ख्वाजा को वापस बुलाया गया है। ख्वाजा को नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने के लिए सूचीब( किया गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सूत्रों ने बताया कि स्मिथ को टेस्ट से पहले मतली और चक्कर आने जैसे लक्षण महसूस हुए, जिसके कारण उन्हें सोमवार के मुख्य अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं ले पाए। उन्होंने आज सुबह नेट्स में संक्षिप्त फिटनेस टेस्ट दिया, लेकिन आखिरकार उन्हें बाहर कर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद है कि वह मेलबर्न में चौथे टेस्ट के लिए ठीक हो जाएंगे। कप्तान पैट कमिस ने टॉस के समय कहा कि वह आज सुबह आए और कोशिश की, लेकिन उन्हें नहीं लगा कि वह इस मैच के लिए तैयार हो पाएंगे, इसलिए वह घर चले गए हैं।(हम) काफी भाग्यशाली हैं कि हमारे पास उस्मान जैसा कोई है जो तुरंत जगह ले सकता है।

# अफगानिस्तान ने नेपाल को हराया



**दुबई, वार्ता।** जैतुल्लाह शाहीन (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद उजैरउल्लाह नियाजी (61) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने अंडर-19 एशिया कप ग्रुप बी मुकाबले में नेपाल को 139 गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। यहां नेपाल की अंडर-19 टीम 124 रनों के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान ने 26-5 ओवर में चार विकेट पर 125 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया।

उस्मान सादात और फैसल शिनोजादा की सलामी जोड़ी ने अभी 28 रन जोड़े थे कि छठे ओवर में अभिषके तिवारी ने फैसल शिनोजादा (13) को आउटकर अफगानिस्तान को पहला झटका दिया। इसी ओवर में अभिषेक तिवारी ने नजीफुल्लाह अमीरी (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। अफगानिस्तान का तीसरा विकेट उस्मान सादात (13) के रूप में गिरा। 24वें ओवर में चंदन राम ने उजैरउल्लाह नियाजी को आउटकर दिया। उजैरउल्लाह नियाजी ने 59 गेंदों में सात चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 61 रनों की मैच विजई पारी खेली। कप्तान महबूब खान और अजीजुल्लाह मिआखिल 11-11 रन बनाकर नाबाद रहे। नेपाल के लिए अभिषेक तिवारी ने दो विकेट लिए। विपिन शर्मा और चंदन राम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की पूरी टीम अफगानिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे 46-4 ओवरों में 124 के स्कोर पर सिमट गई।

दिलशाद ने टीम के लिए सर्वाधिक 32 रनों की पारी खेली। चंदन राम ने (27), अभिषेक तिवारी ने (20), रोशनी विशकर्मा ने 12 रनों का योगदान दिया। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। अफगानिस्तान के लिए जैतुल्लाह ने तीन विकेट लिए। नूरिस्तानी उमरजई, वहीदुल्लाह व अब्दुल अजीज को दो-दो विकेट मिले।

## मांडविया ने स्क्वैश टीम को किया सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बुधवार को ऐतिहासिक विश्व कप जीतने वाली भारतीय स्क्वैश टीम को सम्मानित किया। जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलवन सेंथिलकुमार और अनाहत सिंह की मिश्रित टीम ने पिछले शनिवार को चेन्नई में इतिहास रचा था। इस जीत के साथ भारत ने अपना पहला स्क्वैश विश्व कप खिताब अपने नाम किया था। भारत ने टूर्नामेंट के फाइनल में टॉप सीड हांगकांग को 3.0 से हराया और स्क्वैश विश्व कप जीतने वाला चौथा देश बन गया, जो ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और मिस्र जैसे देशों की एलीट सूची में शामिल हो गया। खिलाड़ियों को बधाई देते हुए, डॉ. मांडविया ने कहा कि यह भारतीय खेल के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि भारत खेल के क्षेत्र में बहुत अच्छा कर रहा है। एक के बाद एक, हम नए मुकाम हासिल कर रहे हैं। हमारी महिला क्रिकेट टीम ने भी हाल ही में विश्व कप जीता है। केन्द्रीय मंत्री कहा कि हमारी स्क्वैश टीम का अपनी धरती पर विश्व कप जीतना गर्व का बहुत बड़ा क्षण है।

# कैरी का शतक, ऑस्ट्रेलिया 326/8



**एडिलेड, वार्ता।** एलेक्स कैरी (106) की शतकीय और उस्मान ख्वाजा (82) की अ(र्शतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे एशेज टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को स्टंप्स के समय आठ विकेट पर 326 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं। यहां ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 33 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। जेक वेदरॉल्ड (18) और ट्रेविस डे (10) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी हुई। 25वें ओवर में जोफ्रा आर्चर ने मार्नस लाबुशेन (19) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। इसी ओवर में उन्होंने कैमरन ग्रीन (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। बल्लेबाजी करने आए एलेक्स कैरी ने उस्मान ख्वाजा के साथ जूझारु बल्लेबाजी का परिचय देते हुए पांचवें विकेट के लिए 91 रन जोड़े। 48वें ओवर में विल जैक्स ने शतक की ओर बढ़ रहे उस्मान ख्वाजा को आउटकर पवेलियन भेज दिया। उस्मान ख्वाजा ने 126 गेंदों में 10 चौके लगाते हुए 82 रनों की शानदार पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया का छठा विकेट जॉश इंग्लिस (32) के रूप में गिरा।

उन्हें जॉश टंग ने बोल्ड आउट किया। कप्तान पैट कमिस 13 रन बनाकर आउट हुए। इसी दौरान एलेक्स कैरी ने 73वें ओवर की पांचवीं गेंद पर तीन रन लेकर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपना शतक बनाने के लिए आठ चौके और एक छक्का लगाया। दिन का आखिरी विकेट एलेक्स केरी के रूप में गिरा उन्हें विल जैक्स ने आउट किया। कैरी ने 148 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 106 रनों की पारी खेली।

# पाक के खिलाड़ी पूरा बीबीएल खेलेंगेः सीए



● सीए ने टी-20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के टी-20 दौरे की योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए पाक एक टीम भेजी है

**सिडनी, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा है कि पाकिस्तान के खिलाड़ी बिग बैश लीग (बीबीएल) का पूरा टूर्नामेंट खेलेंगे।

ग्रीनबर्ग ने कहा है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) को आश्वासन दिया गया है कि जनवरी में श्रीलंका के तय अंतर्राष्ट्रीय टी-20आई दौरे के बावजूद बीबीएल में पाकिस्तानी खिलाड़ी पूरा टूर्नामेंट खेलेंगे। सीए ने टी-20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के टी-20 दौरे की योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए पाकिस्तान में एक टीम भेजी है। टॉड ग्रीनबर्ग ने यह यह भी बताया कि मैके और डार्विन ऑस्ट्रेलिया की सर्दियों में बंगलादेश के खिलाफ टेस्ट मैचों की मेजबानी करेंगे और तारीखों की घोषणा जनवरी में की जाएगी। चिंता थी कि बीबीएल में खेलने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ियों के ग्रुप, जिसमें बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद रिजवान, शादाब खान, हारिस रऊफ और हसन अली शामिल हैं, उन्हें जनवरी की शुरुआत में श्रीलंका में एक छोटी टी-20 सीरीज खेलने के लिए वापस बुलाया जा सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हाल ही में इसकी घोषणा की थी।

एडिलेड ओवल में तीसरे एशेज टेस्ट की सुबह पत्रकारों के एक ग्रुप के साथ लंबी बात. चीत में ग्रीनबर्ग ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि खिलाड़ी बीबीएल में बने रहेंगे। ग्रीनबर्ग ने कहा कि हमें बताया गया है कि अगर उन्होंने बीबीएल के लिए साइन किया है, तो वे पूरा बीबीएल खेलेंगे। टी-20 विश्वकप से पहले पाकिस्तान के ऑस्ट्रेलिया दौरे की तारीखों की घोषणा अभी नहीं की गई है, लेकिन ग्रीनबर्ग ने कहा कि यह दौरा होगा, और सीए और ऑस्ट्रेलियन क्रिकेटर्स एसोसिएशन ने दौरे से पहले सुरक्षा जांच के लिए देश में प्रतिनिधि भेजे हैं। उन्होंने कहा कि हमने अभी फरवरी में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों के लिए प्री-टूर करने के लिए कुछ लोगों को पाकिस्तान भेजा है। हम एशेज सीरीज के बाद खिलाड़ियों से बात करेंगे और उन्हें समझाएंगे कि सिक्योरिटी के साथ यह कैसे काम करेगा।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

गुरुवार, 18 दिसम्बर 2025

## दिल्ली में प्रदूषण

सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण का संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। हालात इस समय इतने गंभीर हो चले हैं कि सुप्रीम कोर्ट को भी दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण संकट पर आई याचिकाओं पर सुनवाई करनी पड़ रही है। बुधवार को सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण पर कई अहम सुझाव दिए। उसने एनएचएआई और एमसीडी को दिल्ली की सीमाओं पर बने 9 टोल प्लाजा को स्थायी रूप से बंद करने या स्थानांतरित करने पर विचार करने को कहा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बागची और न्यायमूर्ति पांचोली की पीठ ने दिल्ली सरकार की एक याचिका पर एक महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण दिया। जिसमें दिल्ली में केवल ऐसे वाहनों को चलने की अनुमति देने की बात कही, जो बीएस 4 उत्सर्जन मानक या उससे ऊपर की श्रेणी की हों। इसका मतलब है कि न्यायालय अब इस निर्णय के बाद अधिकारी उन पुराने वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर सकेंगे जो बीएस 4 मानकों को पूरा नहीं करते हैं। इस तरह न्यायालय ने अपने ही पुराने आदेश में संशोधन किया है जो उसने 12 अगस्त को दिया था। तब उसने राजधानी क्षेत्र में दस साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने पर रोक लगा दी थी। कोर्ट के इसी फैसले से संशोधन के लिए दिल्ली सरकार ने एक याचिका दायर की थी, जिसमें पुराने वाहनों पर कार्रवाई की अनुमति मांगी गई थी। पीठ का यह कहना बिल्कुल सही है कि केवल प्रोटोकॉल तैयार करने के बजाए मौजूदा उपायों को ढंग से लागू करने की जरूरत है, क्योंकि इन प्रोटोकॉल का ढंग से पालन नहीं किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने मजदूरों की भी सुध लेते हुए दिल्ली सरकार को प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों की जांच करने और उनके खातों में पैसे भेजने का निर्देश दिया। इतना ही नहीं कोर्ट का यह भी कहना था कि प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों को वैकल्पिक काम उपलब्ध कराने पर विचार करना चाहिए। इस पर दिल्ली सरकार ने अपनी सफाई भी दी और कहा कि ढाई लाख निर्माण श्रमिकों में से 7 हजार का सत्यापन हो चुका है और उनके खातों में धनराशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। हालांकि वहीं सुप्रीम कोर्ट ने एक छोटी सी नसीहत भी दे डाली और कहा कि श्रमिकों के खातों में भेजा गया पैसा गायब नहीं होना चाहिए। न किसी अन्य खाते में चले जाना चाहिए। टोल प्लाजाओं पर जाम को लेकर दिल्ली सरकार सख्त के साथ-साथ नाराज भी दिखी और कहा कि कल को दिल्ली सरकार कनॉट पैलेस में टोल प्लाजा बना देगी, क्योंकि उसे पैसे चाहिएं। सीजेआई ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार को 9 टोल प्लाजा कुछ समय के लिए बंद किए जाने पर विचार किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर यह साबित किया है कि सरकार से ज्यादा उसे आम आदमी के हितों की चिंता है।

## राजनीतिक प्रतिशोध के चलते कार्यवाही



गांधी परिवार के सामने जो कानूनी चुनौतियां पेश की जा रही हैं, उनमें कोई दम नहीं है और वे विशेष रूप से राजनी. तिक विरोधियों को परेशान करने के लिए बनाई गई हैं, कार्यवाही के शुरुआती चरणों में प्राथमिकी का न होना यह साबित करता है कि आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है, केन्द्र सरकार यह सब राजनीतिक प्रतिशोध के लिए कर रही है, चल रही कानूनी कार्यवाही सुनियोजित राजनीतिक प्रतिशोध है, यह केस सिर्फ गांधी परिवार को परेशान करने के लिए है, इस मामले में कोई प्राथमिकी नहीं है। हमारा नारा सत्यमेव जयते है और हम इस मामले में आए फैसले का स्वागत करते हैं, ईडी ने औपचारिक प्राथमिकी के बजाय निजी शिकायतों के आधार पर जांच शुरू की थी।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# तो क्या सांप्रदायिक घटनाओं के बीच होगा नेपाल में चुनाव





यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल में जिस तेजी से हिंदू वादी संगठनों की सक्रियता बढ़ रही है उससे ऐसा लगता है कि या तो मार्च में होने वाला चुनाव स्थगित हो जाए या फिर आतंकवाद के साए में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हो। चुनाव की तैयारी में जुटे राजनीतिक दलों ने ऐसी आशंका जताई है। प्रतिनिधि सभा के निवर्तमान एमाले सांसद मंगल प्रसाद गुप्ता की मानें तो नेपाल में राज संस्था के पक्ष में माहौल बनाने में हिंदू वादी संगठन तेजी से सक्रीय हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यद्यपि यह आसान नहीं है और न ही संभव लेकिन इन संगठनों का आंदोलन यदि तेज हुआ तो मार्च में होने वाला चुनाव जरूर बाधित हो सकता है। बता दें कि नेपाल की अंतरिम सरकार ने सत्ता संभालते ही मार्च में चुनाव कराकर चुनी हुई सरकार को सत्ता सौंप देने का वादा किया था। अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की अपने वादे पर कायम रहते हुए चुनाव की तैयारी हेतु लगातार चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ बैठकें करने में व्यस्त हैं। इसी के साथ नेपाल के राजनी. तिक दलों की भी सक्रीयता बढ़ी है। कम्युनिस्ट दलों ने आपस में विचार-विमर्श कर एक मंच पर आने की पहल भी शुरू कर दी है। पूर्व प्रधान मंत्री केपी शर्मा ओली ने चुनाव बहिष्कार का फैसला किया था, लेकिन अब वे भी तैयार हो गए हैं। हाल ही अप्रत्यक्ष रूप से उन्होंने भारत पर निशाना साधकर स्पष्ट कर दिया है कि उनके चुनाव का मुख्य एजेंडा भारत विरोध ही रहेगा। ओली यदि अपने इसी रुख पर अड़े रहे तो उनका प्रचंड के साथ तालमेल शायद संभव न हो। प्रचंड भारत से किसी विवाद का हल बातचीत से चाहते हैं न कि बयानबाजी से। जेन जी आंदोलन के दौरान सभी दलों के शीर्ष नेता अपमानित हुए हैं। किसी को सरेआम मारा पीटा गया तो किसी का घर जला कर राख कर दिया गया। इसके बाद बड़े दलों ने एकजुटता की जरूरत महसूस की। कम्युनिस्ट दलें जहां एक मंच पर आने का संकेत दिया वहीं नेपाली कांग्रेस भी छोटे छोटे दलों के साथ एक अलग मंच बनाने में दिलचस्पी दिखाई। फिलहाल अभी न तो प्रचंड,ओली के एक मंच पर आने की तस्वीर साफ हुई है और न ही नेपाली कांग्रेस के साथ छोटे दलों की ही तस्वीर साफ हुई है लेकिन इसे लेकर कयासबाजी का दौर जारी है। मार्च में संभावित चुनाव के पहले नेपाल के विभिन्न इलाकों से सांप्रदायिक घटनाओं ने नेपाल के अंतरिम सरकार की चिंता बढ़ा दी है। इस बार राजा वादी शक्तियां हिंदुत्व और राज संस्था कि बहाली के लिए आर-पार की जंग की तैयारी में हैं। नेपाल के विभिन्न क्षेत्रों में हाल की सांप्रदायिक घटनाओं पर गौर करें तो कार्की सरकार की तरफ से इसे रोकने का कोई प्रयास सामने नहीं आया। चुनाव की तैयारी में सक्रिय नेपाल के राजनीतिक दलों में इस बात को लेकर चिंता है कि जेन जी आंदोलन की भांति यह चुनाव भी कहीं हिंदूवादी संगठनों के उग्र आंदोलन की भेंट न चढ़ जाए? पिछले दिनों मधेश प्रदेश सरकार के मदरसा विल मंजूर करने को लेकर हिन्दू संगठनों ने जिस तरह उग्र विरोध किया उससे यह संकेत मिलता है कि चुनाव नजदीक आते ही इस तरह के आंदोलन और तेज होंगे। मधेश प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री सरोज कुमार ने सदन में इस विल को ऐसे समय मंजूरी दी जब वे खुद ही सदन में विश्वासमत हासिल करने में विफल हो गए थे।

हिंदू वादी संगठन इसे मधेश में मुस्लिमों को बढ़ावा देने वाला कदम बताया। प्रदेश सभा में मदरसा विल पारित करने की घोषणा के बाद जनकपुर धाम सहित पूरे मधेश प्रदेश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। विश्व हिन्दू परिषद नेपाल, नेपाल हिन्दू स्वयंसेवक संघ, नेपाल हिन्दू सेना सहित कई हिंदू संगठनों ने जगह जगह टायर जलाकर प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। एकाध जगह प्रदर्शनकारियों तथा पुलिस के बीच झड़प भी हुई । हिन्दू संगठनों का मानना है कि पूरे नेपाल में 90 प्रतिशत हिन्दू आबादी हैं। हिन्दू गुरुकुल के लिए सरकार कुछ नहीं करती, वहीं मदरसों को आधुनिक भवन, मौलवियों को सरकारी शिक्षक की तरह वेतन और उसमें पढ़ने वाले मुस्लिम छात्रों को सरकार की ओर से भोजन आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मधेश क्षेत्र में मदरसा विल के बहाने हिंदू संगठनों का प्रदर्शन लगातार चल रहा है। नेपाल में इन दिनों हिंदू सम्राट सेना नामक नया हिंदू संगठन तेजी से पांव पसार रहा है।

पिछले दिनों इस संगठन ने भी मुस्लिम आयोग खारिज करने की मांग को लेकर कई जिलों में जबर्दस्त प्रदर्शन किया। यह संगठन हिंदू राष्ट्र और राज संस्था की भी मांग कर रहा है। हिंदू सम्राट सेना ने नेपाल को रोहिंग्या से भी खतरा बताया है। यह संगठन नेपाल में रोहिंग्या की गहन खोज के साथ उन्हें बाहर निकालने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहा है। हिंदू सम्राट सेना के केंद्रीय उपाध्यक्ष कृष्ण सनातनी के नेतृत्व में नेपाल के विभिन्न जिलों में हिंदू हितों की मांग को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तय की गई है। नेपाल के तराई में सक्रिय एक हिंदू नेता ने बताया कि आगामी मार्च में होने वाले प्रतिनिधि सभा के चुनाव तक नेपाल के कोने कोने तक हिंदुत्व की अलख जगाने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में नेपाल के समस्त हिन्दू संगठन एक मंच पर आकर मुस्लिम विरोधी मुहिम को और धार देंगे ताकि नेपाल का 90 प्रतिशत हिंदू एक होकर राज संस्था के समर्थन में खड़ा हो। इधर नेपाल में तेजी से फैल रहे सांप्रदायिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए नेपाल मदरसा संघ के उपाध्यक्ष मौलाना मशहूद खां नेपाली ने कहा कि दुनिया में नेपाल सदैव गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल रहा है। दशकों तक हम राजशाही के अधीन रहे हैं। यहां के मुसलमानों को न तब दिक्कत थी और न आज ही है लेकिन इधर नेपाल में जिस तरह हिंदू संगठनों की सक्रियता बढ़ी है तथा उनके उग्र आंदोलनों को सरकारी शह मिल रहा है, उससे ऐसा लगता है कि हिमालय जैसे शांत इस नन्हें राष्ट्र में भी सांप्रदायिकता का जहर घोलने वाली शक्तियां तेजी से पांव फैला रही है। ए जहरीली शक्तियां अपने मकसद में कामयाब हो गई तो नेपाल और यहां के जनमानस चाहे वह हिंदू मुस्लिम हों या पहाड़ी मधेश हों, किसी के लिए भी ठीक नहीं है। कार्की सरकार को इसे हर हाल रोकना होगा वरना मार्च में होने वाले प्रतिनिधि सभा के चुनाव में ग्रहण लगना तय है।

# सर्दियों में रूखे हाथों की ऐसे करें देखभाल

**स्नान से पहले हाथों पर गुनगुना तेल लगाकर हाथों पर अच्छी तरह मालिश कीजिए जिससे हाथों की त्वचा मुलायमध्कोमल हो जाती है। इसके लिए आप नॉरियल तेल तिल जैतून या बादाम तेल का उपयोग करे तो ज्यादा बेहतर होगा। नहाने के तत्काल बाद जब आपकी त्वचा गीली हो तो हाथों पर मॉइस्चराइजर क्रीम लगा लीजिए जिससे त्वचा में नमी को बनाए रखने में मदद मिलेगी, बादाम, दही और चुटकी भर हल्दी डालकर बने मिश्रण को हाथों पर लगाकर 30 मिनट बाद हाथों को ताजे ठंडे पानी से धो डालिए। इस प्रक्रिया को आप हफ्ते में दो बार अपना सकते हैं। रात्रि को सोने से पहले हाथों पर पौष्क क्रीम की हल्के मालिश करने के बाद सो जाइए। हाथों की त्वचा को मुलायम बनाए रखने के लिए आप कुछ घरेलू हर्बल प्रसाधनों की मदद भी ले सकती है।**



शहनाज हुसैन

मौसम कोई भी हो लेकिन हाथ दिन रात लगातार काम करते हैं हाथों की त्वचा मौसम की मार ,धूल, साबुन, पानी को लगातार सहते हुए रूखी और बेजान हो जाती है और सर्दियों में यह समस्या सबसे ज्यादा गंभीर रूप धारण कर लेती है गृहणी और कामकाजी दोनों महिलाओं के हाथ दैनिक दिनचर्या के दौरान बार बार साबुन और डिटर्जेंट के सम्पर्क में आते हैं आजकल कोरा. ना काल में बार-बार सैनीटाइजर के सम्पर्क में आने से हाथों को दोहरा नुकसान झेलना पड़ रहा है जिसकी बजह से हाथों की त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है।

सर्दियां शुरू हो चुकी हैं और तापमान अपने न्युनतम स्तर पर जा रहा है। सर्दियों में हम जहां शरीर के बाकि हिसों को ढक कर रखते हैं तथा गर्म कपड़े, स्वेटर, शाल आदि ओढ़ लेते हैं, लेकिन हमारे हाथ लगातार मौसम की मार झेलते हैं जिससे हमारे हाथ लाल, खुरदरे, सूखे, बेजान और मुरझाए दिखने लगते हैं। आप चाहे कामकाजी महिला हों या होम मेकर, आपके हाथ हर मौसम में सबसे ज्यादा खुले रहते हैं जिससे अन्य अंगों की बजाय हाथ सबसे ज्यादा सूखे होते हैं। सर्दियों में बाताबरण में नमी और बर्फीली हवाओं से आप के हाथ शुष्क और खुरदरे हो जाते हैं ध्वातावरण में अचानक बदलाव से हाथों की त्वचा प्रभावित होती हैं। सर्द ऋतु की तेज बर्फीली हवाओं से त्वचा शुष्क होने के साथ ही हाथों का फटना भी शुरू हो जाता है। ऐसे में सवाल उठता है की इस ठन्डे मौसम में हाथों कीबाहरी संवेदनशील त्वचा में जलन, खुजली, सूखापन, एक्जिमा, डर्मेटाइटिस आदि बीमारियों को कैसे रोका जाए, मेरा यह मानना है की साबुन, केमिकल, डिटर्जेंट और अलकोहल आधारित सैनी टाइजर का हाथों पर बार बार प्रयोग करने से हाथों की ऊपरी त्वचा में प्रोटीन को नुकसान पहुंचेगा, जिससे हाथ लाल, खुरदरे, सूखे, बेजान और मुरझाए दिखने लगते हैं। इनके ज्यादा प्रयोग से आपके हाथों में कट घाव लग सकते हैं जिससे बैक्टीरिया हमारी त्वचा में प्रवेश कर सकता है जिससे एक्जिमा जैसे रोग घर कर सकते हैं। आपके हाथों में झुनझुनी का अहसास हो सकता है और त्वचा फफोलेदार और पीड़ा दायक हो सकती है वास्तव में हाथों की पिछली ओर की त्वचा काफी पतली होती है तथा इसमें तैलीय ग्रन्थियों की कमी रहती है जिसकी वजह से हाथों में झुर्रियां पड़ जाती हैं। आजकल कोरोना काल में बार-बार साबुन सैनी टाइजर से हाथ धोने से नाखुन भी शुष्क होकर भुरभुरे हो जाते हैं तथा नीरस होकर आसानी से टूट जाते हैं। हमारे हाथों की बाहरी परत की त्वचा वॉटरप्रूफ बैरियर की तरह काम करती है । यह परत समतल कोशिकाओं से बनी होती है जोकि त्वचा की सामान्य नमी को बनाए रखते हुए त्वचा की बाहरी पदार्थों से रक्षा प्रदान करती है। जब हम हाथों को साबुन को झाग सैनी टाइजर से बार-बार धोते हैं तो यह प्रकृतिक बैरियर टूट जाता है तथा हाथों की त्वचा को नुकसान पहुंचना शुरू हो जाता है तथा ऐसे में हाथों की त्वचा की रक्षा करना अनिवार्य हो जाता है। सबसे पहले यह सुनिश्चित करें कि हाथ धोने के बाद उन्हें अच्छी तरह सूखने दें तथा हाथ सूखने के बाद ही हैंड क्रीम लगाएं। हाथों के अच्छी तरह सूखने से बैक्टीरिया और वायरस दोनों मर जाते हैं, जबकि गीली त्वचा से इनके फैलने का खतरा बढ़ जाता है। इसके इलाबा सिंगल यूज नैपकिन का प्रयोग करें क्योंकि एक ही कपड़े से बार-बार हाथ पोंछने से बैक्टीरिया के फैलने का खतरा बढ़ सकता हैं। हाथ सूखने के बाद त्वचा पर जैल या खुशबू रहित हैंड क्रीम उपयोग में लाएं या आप मॉइस्चराइजिंग मास्क भी अप्लाई कर सकते हैं सर्दियों में शावर जैल या ग्लिसरीन युक्त साबुन का प्रयोग बेहतर होगा। सबसे पहले सुबह के स्नान के समय हाथों को आयॅल तथा माईस्चराईज करने की शुरुआत करनी चाहिए। कच्चे दूध की मालिश हाथों को कोमल बनाए रखने में काफी मददगार साबित होती है कच्चे दूध को निकालकर फ्रिज में रख लीजिए और जब भी समय मिले तो हाथों पांवों पर मल कर धीरे धीरे मालिश करें ध्इससे त्वचा मुलायम होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्वतंत्र भारत के इतिहास में चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा पर संकट






निर्मल रानी

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारतवर्ष में दुनिया की सबसे जटिल समझी जाने वाली चुनावी प्रक्रिया को अपनाने व इसे पूरा कराने को लेकर जिस केंद्रीय चुनाव आयोग की पीठ पूरी दुनिया थपथपाया करती थी व दुनिया के विभिन्न देशों के संसदीय प्रतिनिधिमंडल व चुनाव विशेषज्ञ जिस भारतीय चुनाव संचालन को देखने व समझने के लिए अब भी भारत आते रहते हैं वही चुनाव व चुनाव आयोग इन दिनों विपक्षी दलों के अति गंभीर आरोपों से जूझ रहा है। चुनाव आयोग व इस तरह के कई अन्य केंद्रीय संस्थानों पर सत्ता का पक्षपात करने के आरोप तो पहले भी लगते रहे हैं। परन्तु वर्तमान चुनाव आयोग जिसतरह सत्ता को फायदा पहुंचाने वाले नए नए चुनावी नियम बना रहा है,विपक्ष की प्रमाण सहित दी जाने वाली शिकयतों की अनसुनी कर रहा है,सत्ता द्वारा चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ाने के बावजूद आंखें मूंदे बैठा रहता है,और अब एस आई आर के बहाने कथित तौर पर जहां करोड़ों फर्जी मतों को जोड़ने की कोशिश की जा रही है वहीं संभावित रूप से विपक्ष की ओर जाने वाले मतों को चिन्हित कर उन्हें किसी न किसी बहाने से मतदाता सूची से काटने का काम किया जा रहा है। यानी स्पष्ट रूप से लोकततंत्र में लोक के मताधिकार पर श्डाका श डाला जा रहा है।

वैसे तो पूरा विपक्ष ही चुनाव आयोग को केवल संदेह नहीं बल्कि सत्ता से मिलकर संविधान के साथ विश्वासघात किए जाने की दृष्टि से देख रहा है। लोक सभा व राज्य सभा के सर्वोच्च सदनों में चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा है। परन्तु नेता विपक्ष राहुल गांधी ने तो चुनाव आयोग द्वारा की और कराई जाने वाली धांधली पर तो बाकायदा शोध कर डाला है और वे अपने इस चुनाव धांधली सम्बन्धी शोध परिणाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदर्शित करने से लेकर जनता जनार्दन के बीच सड़कों व गलियों तक पहुंच रहे हैं। इस संबंध वे अब तक 4 प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वोट चोरी के पूरे सबूत पेश कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त वे अगस्त-सितंबर 2025 के बीच बिहार में 16 दिनों की 1,300 किमी लंबी वोटर अधिकार यात्रा भी SIR के विरुद्ध निकाल चुके हैं। इसके अलावा 200 से अधिक सांसदों व विधायकों के साथ वे 11 अगस्त 2025 को दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त मुख्यालय तक एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन रूपी पैदल मार्च भी कर चुके हैं। एक ओर तो राहुल चुनाव आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए डेटा के अनुसार ही आयोग द्वारा बरती गई अनियमितताओं संबंधी साक्ष्य पेश करते हैं तो दूसरी ओर चुनाव आयोग कभी इन आरोपों को बेबुनियाद बता कर अपना पल्ला झाड़ लेता है तो कभी उल्टे राहुल से ही शपथ-पत्र मांगने लगता है परन्तु लगता है कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस पार्टी ने तो गोया चुनाव आयोग को पूरी तरह बेनकाब करने का संकल्प ही कर लिया है। गत 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस ने एक विशाल रैली आयोजित की। वोट चोर, गद्दी छोड़ के शीर्षक से किए गए इस आयोजन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने देशभर से लाखों कार्यकर्ता जुटाए। इस रैली का भी मुख्य उद्देश्य हरियाणा, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में हाल के विधानसभा चुनावों में कथित ष्वोट चोरीष और मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोप लगाना था। इस विशाल रैली में भी कांग्रेस ने भाजपा और चुनाव आयोग पर मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाते हुए लोकतंत्र तथा संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। इस तरह की किसी रैली में यह पहला मौका था जब कि सीधे तौर पर सबसे तीखा हमला मुख्य चुनाव आयुक्त और उसके दो आयुक्तों पर बोला गया। सांसद प्रियंका गांधी ने एक बार और राहुल गांधी ने तो दो बार अपने भाषण में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी का नाम लेकर उनपर सीधे निशाना साधा। इन नेताओं ने उनका नाम लेते हुए आरोप लगाया कि श्चुनाव आयोग भाजपा सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है, वोट चोरी को संरक्षण दे रहा है तथा आयोग निष्पक्ष नहीं है। ए लोग नहीं भूलें कि वे देश के चुनाव आयुक्त हैं, नरेंद्र मोदी के नहीं। राहुल ने यह भी कहा कि श्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव आयुक्तों को कानूनी सुरक्षा इम्यूनिटी देने वाला कानून बदला है, ताकि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई न हो सके। कांग्रेस सत्ता में आने पर इस कानून को बदलेगी और आयुक्तों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। यहां भी राहुल ने दोहराया कि ष्चुनाव आयोग असत्य के साथ खड़ा नजर आ रहा है। उन्होंने बताया कि कैसे हरियाणा में चुनाव चोरी हुआ, किस तरह कर्नाटक में लाखों वोट डिलीट हुए और महाराष्ट्र में फर्जी वोट जोड़े गए परन्तु चुनाव आयोग ने कोई जवाब नहीं दिया। यहां भी राहुल ने चुनावी धांधलियों के कई और उदाहरण पेश किए। यही नहीं बल्कि राहुल गांधी द्वारा देश भर से चुनाव आयोग के विरुद्ध लगभग 6 करोड़ हस्ताक्षर कराए गए हैं। यह अभियान कथित वोट चोरी के आरोपों के खिलाफ चलाया गया था, और इन हस्ताक्षरों को राष्ट्रपति को सौंपने की योजना है। इन 6 करोड़ हस्ताक्षर को भी 14 दिसंबर 2025 को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ रैली के दौरान प्रदर्शित किया गया। इसी रैली में कांग्रेस के कई प्रमुख राष्ट्रीय नेताओं ने चुनाव प्रक्रिया को हर कदम पर संदिग्ध बताते हुए संस्थाओं पर दबाव डालने का आरोप लगाया जबकि कुछ वक्ताओं ने चुनाव आयोग को भाजपा की कठपुतली बताते हुए आयोग पर सबूतों की जांच नहीं करने का भी आरोप लगाया। कुछ नेताओं का मत था कि देश में निष्पक्ष अंपायर की कमी है। जबकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तो मुख्य रूप से भाजपा पर वोट चोरी करके सत्ता में आने का आरोप लगाया और चुनाव आयोग पर अप्रत्यक्ष रूप से सवाल उठाए। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह रैली कांग्रेस की ओर से चुनावी अनियमितताओं के खिलाफ अब तक का एक सबसे बड़ा शक्ति प्रदर्शन थी, जिसमें चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सार्वजनिक रूप से खुलकर गंभीर सवाल उठाए गए। साथ ही यह भी सच है कि चुनाव आयोग पर प्रमाण सहित लगने वाले इसतरह के आरोपों और आयोग द्वारा इन आरोप को नजर अंदाज करने से भी स्वतंत्र भारत के इतिहास में चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा यहां पर भी सबसे बड़ा संकट सामने आ खड़ा हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सीरिया में इजरायल की सैन्य कार्रवाई बढ़ी

## अमेरिका के दबाव के बावजूद दोनों के रिश्तों में सुधार की संभावनाएं फिलहाल खत्म होती दिख रही

**बेरूत।** दक्षिण-पश्चिमी सीरिया के बेइत जिन गांव में रहने वाले कासिम हमादेह की जिंदगी एक ही दिन में उजड़ गई। पिछले महीने सुबह-सुबह गोलियों और धमाकों की आवाज के साथ इजरायली सेना ने उनके गांव में छापा मारा। कुछ ही घंटों में हमादेह ने अपने दो बेटे, बहू और दो पोतों को खो दिया। उस दिन इजरायली कार्रवाई में कुल 13 ग्रामीण मारे गए।



**कुछ ही घंटों में हमादेह ने अपने दो बेटे, बहू और दो पोतों को खो दिया, उस दिन इजरायली कार्रवाई में कुल 13 ग्रामीण मारे गए**

वहीं इस कार्रवाई को लेकर इजरायल का कहना है कि उसके सैनिक एक आतंकी समूह के सदस्यों को पकड़ने गए थे, जो इजरायल पर हमले की योजना बना रहे थे। इजरायली सेना के मुताबिक, पहले उन पर गोलीबारी की गई, जिसमें छह सैनिक घायल हुए, जिसके बाद सेना ने जवाबी कार्रवाई की और हवाई समर्थन लिया, लेकिन गांव के लोगों ने इन दावों को खारिज किया है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इजरायली सैनिकों को घुसपैठिया समझकर विरोध किया, जिसके जवाब में टैंकों और तोपों से गोलाबारी की गई और बाद में ड्रोन हमला हुआ। दमिश्क की सरकार ने इस घटना को नरसंहार बताया है। इस तरह की हालिया कार्रवाइयों से सीरिया और इजरायल के बीच तनाव और बढ़ गया है। अमेरिका के दबाव के बावजूद दोनों देशों के रिश्तों में सुधार की संभावनाएं फिलहाल खत्म होती दिख रही हैं। पिछले साल दिसंबर में, जब सुन्नी इस्लामिक विद्रोहियों ने सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद को सत्ता से हटाया, तब इजरायल-सीरिया संबंधों में सुधार की उम्मीद जगी थी। सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शारा ने कहा था कि वह इजरायल से टकराव नहीं चाहते। लेकिन इजरायल अल-शारा के अतीत और उनके संगठन के अल-कायदा से पुराने संबंधों को लेकर संदेह में रहा। इजरायली सेना ने वहां चौकियां, सैन्य ठिकाने और निगरानी पोस्ट बनाए हैं। माउंट हर्मोन जैसे रणनीतिक इलाकों में हेलिपैड भी तैयार किए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ड्रोन लगातार उड़ते रहते हैं और टैंक व सैन्य वाहन गश्त करते दिखते हैं। इजरायल का कहना है कि उसकी मौजूदगी अस्थाई है और इसका मकसद हमलों को रोकना है, लेकिन उसने यह नहीं बताया कि वह कब वापस जाएगा। सुरक्षा समझौते को लेकर बातचीत भी अब तक बेनतीजा रही है। सीरिया के लोग इजरायल की मंशा को लेकर इसलिए भी चिंतित हैं, क्योंकि पड़ोसी लेबनान और गाजा में इजरायल की सैन्य मौजूदगी अब भी जारी है। लेबनान में एक साल से ज्यादा समय पहले युद्धविराम होने के बावजूद इजरायल कुछ पहाड़ी इलाकों पर काबिज है और लगातार हवाई हमले करता रहता है। गाजा में भी इजरायल और हमास के बीच संघर्ष के बाद बफर जोन बनाने की योजना है।



**यरूशलम।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ हाथ मिलाते केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर।

## लीबिया के तट पर नाव पलटी, 32 अवैध बांग्लादेशी प्रवासी बचाए

**त्रिपोली।** लीबिया के उत्तर-पूर्वी शहर अल-हानिया के तट के पास एक नाव पलटने के बाद 32 बंगलादेशी प्रवासियों को बचा लिया गया है। लीबिया की अवैध-अप्रवासन विरोधी एजेंसी की अल-जबल अल-अख्दर शाखा ने एक बयान में यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि नाव पर सवार सभी प्रवासियों को मंगलवार को सुरक्षित बचाकर अल-बायदा बंदीगृह में स्थानांतरित किया गया है, जहां उन्हें जरूरी मेडिकल देखरेख में रखा गया है। कुछ प्रवासियों को छोटी-मोटी चोटें भी आई थीं।

## भारत-अर्जेंटीना में कृषि सहयोग के लिए कार्य योजना पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अर्जेंटीना के राष्ट्रीय कृषि प्रौद्योगिकी संस्थान ने बुधवार को आईसीएआर-आईएनटीए कार्य योजना 2025-2027 पर हस्ताक्षर किए हैं, जो कृषि अनुसंधान, प्रौद्योगिकी आदान-प्रदान एवं क्षमता निर्माण में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने वाली एक रणनीतिक पहल है। अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो कौसिनो ने इस समझौते को राष्ट्रपति जेवियर मिलेई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन का प्रत्यक्ष परिणाम कहा और दोनों अर्थव्यवस्थाओं की पूरक शक्तियों पर बल दिया। कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई) के सचिव और आईसीएआर के महानिदेशक ने बुधवार को भारत में अर्जेंटीना के राजदूत के साथ कार्य योजना का आदान-प्रदान किया, जो भारत-अर्जेंटीना कृषि सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अर्जेंटीना के राजदूत कौसिनो ने कहा कि यह महत्वपूर्ण कदम जुलाई 2025 में अर्जेंटीना यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मिलेई और प्रधानमंत्री मोदी के बीच हुए ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन का परिणाम है।

# गाजा में इजरायल का साथ देगी पाक आर्मी !

## अमेरिका के ट्रैप में बुरी तरह फंस गए आसिम मुनीर

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की गाजा योजना को लेकर पाकिस्तान पर दबाव बढ़ रहा**

**तेल अवीव।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर फिलहाल सबसे कठिन परीक्षा से गुजर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की गाजा योजना को लेकर पाकिस्तान पर दबाव बढ़ रहा है। ट्रम्प चाहते हैं कि गाजा में तैनात होने वाले स्टेबलाइजेशन फोर्स के लिए पाकिस्तान अपने सैनिक भेजे। ऐसा हुआ तो पाकिस्तान के भीतर भारी विरोध हो सकता है। कहा जा रहा है आसिम मुनीर ट्रम्प से मिलने जल्द ही वाशिंगटन जा सकते हैं। यह 6 महीनों में यह उनकी तीसरी मुलाकात होगी। मुलाकात में ट्रम्प के गाजा पीस प्लान पर चर्चा हो सकती है।

इस योजना के तहत मुस्लिम देशों की एक जाइंट फोर्स बनाई जानी है, जो गाजा में युद्ध के बाद पुनर्निर्माण और आर्थिक सुधार की निगरानी करेगी। हालांकि कई देश इस योजना से दूरी बनाए हुए हैं, क्योंकि इसमें हमास को निरस्त्र करने की जिम्मेदारी भी मिल सकती है। इससे उन देशों के सीधे संघर्ष में फंसने का खतरा है। आसिम मुनीर ने ट्रम्प के साथ करीबी संबंध बनाए हैं, ताकि अमेरिका और पाकिस्तान के रिश्ते सुधर सकें। जून में ट्रम्प ने उन्हें व्हाइट हाउस में लंच पर बुलाया था। यह पहली बार था, जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख को अकेले बुलाया। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर पाकिस्तान गाजा फोर्स में शामिल नहीं होता तो ट्रम्प नाराज हो सकते हैं। यह नाराजगी पाकिस्तान के लिए घाटे का सौदा साबित सकता है, क्योंकि पाकिस्तान अमेरिका से निवेश और सुरक्षा सहायता चाहता है। पाकिस्तान दुनिया का इकलौता मुस्लिम देश है, जिसके पास परमाणु हथियार हैं। पाकिस्तान भारत के साथ तीन युद्ध लड़ चुका है और मई में दोनों के बीच सैन्य टकराव भी हुआ है। इसके अलावा वह अफगानिस्तान के साथ भी संघर्ष में शामिल रहा है। डिफेंस एक्सपर्ट आयशा सिद्दीका का कहना है कि इतनी बड़ी सैन्य ताकत होने के कारण आसिम मुनीर पर अपनी क्षमता दिखाने का दबाव है। हाल ही में संविधान संशोधन के जरिए आसिम मुनीर की शक्तियां बढ़ाई गई हैं। उन्हें वायुसेना और नौसेना की कमान भी सौंपी गई है, कार्यकाल 2030 तक बढ़ा दिया गया है। उन्हें आजीवन फील्ड मार्शल का दर्जा मिला है और जीवनभर कानूनी सुरक्षा भी दी गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान में शायद ही किसी और के पास इतनी ताकत और स्वतंत्रता हो,लेकिन देश के अंदर हालात चुनौतीपूर्ण हैं। गाजा में पाकिस्तानी सैनिक भेजने से अमेरिका और इजरायल विरोधी पार्टियों के प्रदर्शन तेज हो सकते हैं। इन दलों के पास बड़ी संख्या में समर्थकों को सड़कों पर उतारने की क्षमता है। अक्टूबर में एक कट्टरपंथी इजरायल विरोधी संगठन पर प्रतिबंध लगाया गया था, लेकिन उसकी सोच अब भी मौजूद है। वहीं, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी भी सेना प्रमुख से नाराज है और उसके पास मजबूत जनसमर्थन है। अगर गाजा फोर्स तैनात होने के बाद हालात बिगड़े, तो इसका सीधा असर पाकिस्तान पर पड़ेगा। पाकिस्तानी नागरिकों के बीच यह धारणा बन सकती है कि आसिम मुनीर इजरायल के हित में काम कर रहे हैं। यही वजह है कि गाजा को लेकर लिया गया कोई भी फैसला पाकिस्तान के लिए बेहद संवेदनशील साबित हो सकता है।



## रूस व अमेरिका के साथ करीबी संबंध बनाए रखने को चीन तैयारः चीनी राजदूत

**बीजिंग।** रूस में चीन के राजदूत झांग हनहुई ने कहा कि चीन अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ करीबी संपर्क बनाए रखने के लिए तैयार है। राजदूत ने रूसी संवाद समिति स्पुतनिक से कहा कि हम अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों के साथ करीबी संपर्क बनाए रखने के लिए तैयार हैं। हनहुई ने बताया कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुसान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ एक बैठक के दौरान इस बात की ओर इशारा किया था कि चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका संयुक्त रूप से अपनी जिम्मेदारी प्रदर्शित कर सकते हैं। साथ ही, दोनों देश अपने साथ-साथ पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण, व्यावहारिक एवं उपयोगी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं।

## ट्रम्प ने वेनेजुएला आने जाने वाले तेल टैंकरों की 'पूर्ण नाकाबंदी' का आदेश दिया

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को वेनेजुएला में आने-जाने वाले सभी प्रतिबंधित तेल टैंकरों की 'पूर्ण नाकेबंदी' का आदेश दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह आदेश वेनेजुएला और निकोलस मादुरो सरकार पर और दबाव बढ़ाने की कोशिशों का परिणाम है। ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला अब तक के सबसे बड़े सैन्य बेढ़े से घिरा हुआ है।



**वेनेजुएला अब तक के सबसे बड़े सैन्य बेढ़े से घिरा हुआः ट्रम्प**

यह नाकेबंदी मुख्य रूप से वेनेजुएला के प्राथमिक राजस्व स्रोत को निशाना बना रही है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में 'पूर्ण और संपूर्ण नाकेबंदी' शब्दों पर जोर देते हुए संकेत दिया कि सैन्य तैनाती को और भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने यह सुझाव भी दिया कि वेनेजुएला अपनी जमीन, तेल और अमेरिका को सौंप दे, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि अमेरिका के सैन्य अभियान का उद्देश्य नशीली दवाओं के व्यापार को रोकने से कहीं अधिक है। ट्रम्प प्रशासन ने बार-बार वेनेजुएला पर नशीली दवाओं की तस्करी में शामिल होने का आरोप लगाया है। सितम्बर के बाद से फेंटानिल और अन्य अवैध दवाएं ले जाने के आरोपी जहाजों पर अमेरिकी सैन्य हमलों में कथित तौर पर कम से कम 90 लोग मारे गए हैं। हाल के महीनों में अमेरिका ने क्षेत्र में अतिरिक्त युद्धपोत भी तैनात किए हैं, जो बढ़ती सैन्य उपस्थिति का संकेत देते हैं। दुनिया के सबसे बड़े प्रमाणित तेल भंडार वाले वेनेजुएला ने अमेरिका पर उसके प्राकृतिक संसाधनों को जब्त करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। ट्रम्प ने मंगलवार रात कहा कि वेनेजुएला पूरी तरह से दक्षिण अमेरिका के इतिहास में अब तक के सबसे बड़े नौसैनिक बेड़े से घिरा हुआ है। यह और बड़ा होता जाएगा और उन्हें लगने वाला झटका ऐसा होगा जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा।

# भारत-इथियोपिया विकासशील देशों की आवाज करें बुलंद

## प्रधानमंत्री को मिला इथियोपिया का सर्वोच्च सम्मान ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया

**अदीस अबाबा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और इथियोपिया को प्राचीन ज्ञान और आधुनिक आकांक्षाओं का संगम बताते हुए कहा है कि दोनों देशों को विकासशील देशों की आवाज को वैश्विक स्तर पर और बुलंद करने के लिए एकजुट होकर प्रयास करना होगा।

मोदी ने इथियोपिया की दो दिन की यात्रा के अंतिम दिन बुधवार को यहां इथियोपियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इथियोपिया की पहली द्विपक्षीय यात्रा पर गए मोदी ने संसद को संबोधित करने के अवसर को गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस मंदिर के माध्यम से वह इथियोपिया के आम नागरिकों , किसानों, उद्यमियों, गौरवशाली महिलाओं और उन युवाओं से संवाद कर रहे हैं जो देश का भविष्य गढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने उन्हें इथियोपिया का सर्वोच्च सम्मान 'ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया' प्रदान किए जाने के लिए इथियोपिया की जनता और सरकार का आभार व्यक्त किया। दोनों देशों के बीच संबंधों के महत्व का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर गहरा संतोष व्यक्त किया कि इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के प्राचीन संबंधों को सामरिक साझेदारी का दर्जा दिया गया है। भारत और इथियोपिया के बीच सभ्यतागत संबंधों का स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश प्राचीन ज्ञान और आधुनिक आकांक्षाओं का संगम हैं। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि भारत का राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' और इथियोपिया का राष्ट्रगान, दोनों ही अपनी भूमि को मां के रूप में संबोधित करते हैं। दोनों देशों के साझा संघर्ष की ओर संकेत करते हुए प्रधानमंत्री ने 1941 में इथियोपिया की मुक्ति के लिए इथियोपियाई नागरिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ने वाले भारतीय सैनिकों के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इथियोपियाई जनता के बलिदानों का प्रतीक अदवा विजय स्मारक को श्रद्धांजलि अर्पित करना उनके लिए सम्मान की बात है। प्रधानमंत्री ने भारत-इथियोपिया साझेदारी को और सशक्त तथा व्यापक बनाने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की।



**अफ्रीकी संघ के मुख्यालय के रूप में अदीस अबाबा की भूमिका का उल्लेख किया**

### इथियोपिया से ओमान के लिए रवाना हुए मोदी


**अदीस अबाबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की चार दिन की यात्रा के अंतिम पड़ाव में बुधवार को इथियोपिया से ओमान के लिए रवाना हो गए। मोदी ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक के निमंत्रण पर ओमान जा रहे हैं। इस दौरान दोनों नेता भारत-ओमान रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से वार्ता करेंगे जिसमें व्यापार, निवेश, ऊर्जा और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह यात्रा भारत और ओमान के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है।

## राहुल गांधी जर्मनी की राजधानी बर्लिन पहुंचे

### हवाई अड्डे पर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने स्वागत किया

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बुधवार को जर्मनी की राजधानी बर्लिन पहुंच गए। गांधी का हवाई अड्डे पर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (आईओसी) के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने स्वागत किया।

**गांधी ने जर्मनी के बड़े शहरों में शामिल म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू प्लांट का दौरा किया**



गांधी बुधवार को बर्लिन में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अनुसार गांधी भारतीय प्रवासी समुदाय से संवाद करेंगे और यूरोप में पार्टी के विभिन्न अध्यक्षों से मिलकर प्रवासी भारतीयों से जुड़े मुद्दों और पार्टी की विचारधारा को बढ़ावा देने पर चर्चा करेंगे। वह 20 दिसम्बर तक जर्मनी के दौरे पर रहेंगे। गांधी ने जर्मनी के बड़े शहरों में शामिल म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू प्लांट का दौरा किया। दौरे के बाद उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा म्यूनिख, जर्मनी में बीएमडब्ल्यू वेल्ट और बीएमडब्ल्यू प्लांट के दौरे के दौरान बीएमडब्ल्यू की दुनिया का अनुभव करने का अवसर मिला, विश्व स्तरीय निर्माण को करीब से देखने का एक अविश्वसनीय अनुभव। टीवीएस की 450 सीसी मोटरसाइकिल को देखना एक यादगार अनुभव था, जिसे बीएमडब्ल्यू के साथ साझेदारी में विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि विनिर्माण मजबूत अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ है। दुख की बात है कि भारत में विनिर्माण में गिरावट आ रही है। विकास को गति देने के लिए हमें अधिक उत्पादन करने, सार्थक विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र बनाने और बड़े पैमाने पर उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां सृजित करने की आवश्यकता है।






## युद्ध नहीं रुका, तो 'खत्म हो सकता है' यूक्रेनः लुकाशेंको

**वाशिंगटन।** बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष का समाधान नहीं निकाला गया तो यूक्रेन का अस्तित्व खत्म हो सकता है। लुकाशेंको ने अमेरिकी समाचार चैनल न्यूजमैक्स टीवी को दिए गए एक साक्षात्कार में कहा कि अगर यह संघर्ष चलता रहा तो इसका परिणाम यूरोप और पूरी दुनिया के लिए बहुत गंभीर हो सकता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की इस समय शांति समझौते के लिए तैयार नहीं हैं, लेकिन उन्हें समझना होगा कि अगर जल्द ही कोई हल नहीं निकाला गया तो यूक्रेन खत्म हो सकता है।

# अमेरिका ने ईयू पर जवाबी कार्रवाई की दी धमकी

## अमेरिकी डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई को बनाया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने यूरोपीय संघ (ईयू) को धमकी दी कि यदि ईयू अमेरिकी डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करता है, तो अमेरिका भी जवाबी कार्रवाई करेगा।

**एजेंसी ने कई यूरोपीय तकनीकी दिग्गजों के नाम भी गिनाए जिनकी अमेरिका में व्यापक उपस्थिति है**

यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूएसटीआर) के कार्यालय ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यदि ईयू और उसके सदस्य देश भेदभावपूर्ण माध्यमों से अमेरिकी सेवा प्रदाताओं को प्रतिबंधित करने, सीमित करने और रोकने पर अड़े रहते हैं, तो अमेरिका के पास इन अनुचित उपायों का मुकाबला करने के लिए उसके पास मौजूद हर उपकरण का उपयोग शुरू करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। यूएसटीआर के अनुसार, संभावित जवाबी कार्रवाई में शुल्क का आकलन करना या विदेशी सेवाओं पर प्रतिबंध लगाना शामिल हो सकता है। एजेंसी ने यह भी चेतावनी दी कि वह उन अन्य देशों के प्रति भी इसी तरह का दृष्टिकोण अपना सकती है जो इस क्षेत्र में ईयू की तरह नियम अपना रहे हैं। यूएसटीआर ने आरोप लगाया कि ईयू और कुछ सदस्य देशों ने अमेरिकी सेवा प्रदाताओं को निशाना बनाते हुए भेदभावपूर्ण और परेशान करने वाले मुकदमों, करों (टैक्स), जुर्मानों और निर्देशों का एक निरंतर सिलसिला चलाया है। यूएसटीआर ने कहा कि अमेरिका वर्षों से ईयू के साथ इन मामलों पर चिंता जताता रहा है लेकिन ईयू की ओर से न तो कोई सार्थक भागीदारी हुई और न ही अमेरिकी चिंताओं को बुनियादी तौर पर स्वीकार किया गया। यूएसटीआर ने यह भी कहा कि ईयू के सेवा प्रदाता दशकों से अमेरिका में स्वतंत्र रूप से काम कर रहे हैं और अमेरिकी बाजार और उपभोक्ताओं तक पहुंच का लाभ उठा रहे हैं। एजेंसी ने कई यूरोपीय तकनीकी दिग्गजों के नाम भी गिनाए जिनकी अमेरिका में व्यापक उपस्थिति है। यह हालिया टिप्पणियां ईयू के कड़े होते तकनीकी नियमों और अमेरिकी 'टेक' दिग्गजों को निशाना बनाने वाले मुकदमों पर अमेरिकी अधिकारियों के बीच बढ़ती निराशा को दर्शाती हैं। यूरोपीय आयोग ने हाल ही में अमेरिकी 'टेक' दिग्गज गूगल और मेटा के खिलाफ दो अविश्वास जांच शुरू किए हैं और एलन मस्क की कंपनी 'एक्स' पर 'डिजिटल सर्विसेज एक्ट' के तहत नियमों का पालन नही करने के कारण 12 करोड़ यूरो (लगभग 14 करोड़ अमेरिकी डॉलर) का भी जुर्माना लगाया है।